संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, शुक्रवार, 31 मार्च 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 88 पृष्ठः 12 | RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑस्कर विजेता डॉक्युमेंट्री 'द एलीफेंट व्हिस्परर्स' की निर्माता गुनीत मोंगा और निर्देशक कार्तिकी गोंजाल्विस से गुरुवार को मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने ट्वीट पर साझा करते हुए लिखा कि द एलिफेंट व्हिस्परर्स की सिनेमाई प्रतिभा और सफलता ने वैश्विक ध्यान आकर्षित किया है।

## मंदिर में बावड़ी की छत ढही, 13 की मौत

### हवन के दौरान ढह गई छत, 25 श्रद्धालु बावड़ी में गिरे, हादसे के वक्त मंदिर में हवन हो रहा था, बावड़ी की छत धंसने की वजह से उसके ऊपर खड़े लोग नीचे बावड़ी में जा गिरे

**टीम एक्शन इंडिया/इंदौर**

**रामनवमी** के मौके पर इंदौर में एक बड़ा हादसा हो गया है। श्री बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर में छत ढहने से कुछ श्रद्धालु बावड़ी में गिर गए, खबर लिखे जाने तक बचाव अभियान जारी था। बताया जा रहा है कि अधिकारियों को इस बावड़ी की कोई जानकारी नहीं थी, हादसे के बाद उन्हें इसका पता चला है। इस हादसे में अब तक 19 श्रद्धालुओं को बाहर निकाला जा चुका है। बताया जा रहा है कि 13 लोगों की मौत हो गई है।

**25 श्रद्धालु बावड़ी में गिरेः** इंदौर के स्नेह नगर के पास पटेल नगर में श्री बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर में रामनवमी के मौके पर भारी संख्या में लोग दर्शन के लिए आए थे। उसी दौरान बावड़ी के ऊपर की छत अचानक ढह गई और लगभग 25 लोग बावड़ी में गिर गए।




**हवन के दौरान ढह गई छतः** घायल हुए लोगों को बचाने का काम जारी है। निगम अफसरों के मुताबिक, बावड़ी 40 फीट गहरी है, उस पर लोहे की जाली थी। इसकी चौड़ाई एक कमरे के बराबर है। लोहे की जाली पर स्लैब डालकर इसका निर्माण किया गया था। हवन के दौरान बावड़ी की छत पर ज्यादा लोगों के होने से जाली टूट गई और हादसा हो गया।

**तंग गलियों के कारण बचाव कार्य में हो रही परेशानीः** इस हादसे के तुरंत बाद पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि तंग गलियां होने से राहत कार्य में थोड़ी परेशानी आ रही है। एंबुलेंस व 108 की गाड़ी निकलने में भी परेशानी हो रही है। बावड़ी में गिरे कुछ लोगों को जैसे-तैसे बाहर निकाला गया है।

### अधिकारियों के साथ संपर्क में सीएम चौहान



**भोपाल** में वरिष्ठ अफसरों ने सीएम शिवराज सिंह चौहान को इस घटना की जानकारी दी, जिसके बाद सीएम अधिकारियों के संपर्क में बने हुए हैं। सीएम ने वहां मौजूद अधिकारियों को बचाव कार्य में तेजी लाने का आदेश दिया है। मुख्यमंत्री कार्यालय, इंदौर जिला प्रशासन से निरंतर संपर्क में हैं।


### बावड़ी में लोगों को पहुंचाया जा रहा ऑक्सीजन

**घटनास्थल** की स्थिति काफी खराब थी। हादसे का शिकार हुए लोगों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। बताया जा रहा है कि बावड़ी में से महिला और बच्ची समेत 19 लोगों को बाहर निकाला जा चुका है। अन्य लोगों के लिए ऑक्सीजन सप्लाई की गई है। हादसे के बाद से ही लोगों में काफी आक्रोश है। कई बच्चे और महिलाएं बावड़ी में ही फंसे हुए थे।

### अवैध रूप से बनाया गया था मंदिर

**स्नेह** नगर के एक निवासी का कहना है कि बावड़ी पर मंदिर का निर्माण अवैध रूप से किया गया था। इसके निर्माण में कुछ नेताओं का भी समर्थन था। मंदिर के ज्यादातर हवन इस बावड़ी के ऊपर ही हुआ करते थे। इसको लेकर पहले भी कई बार शिकायत की गई थी, लेकिन इसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही थी।

## सावरकर पर अब मौन रहेगी कांग्रेस



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी की वीर विनायक दामोदर सावरकर पर टिप्पणियों को लेकर महाराष्ट्र के राजनीतिक गठबंधन में पड़ी दरारों को पाट लिया गया है। एनसीपी प्रमुख शरद पवार और कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के बीच हुई बैठक में इस कलह का समाधान हो गया। सावरकर के संवेदनशील मुद्दे को लेकर भाजपा और शिवसेना एक साथ विरोध-प्रदर्शन की तैयारी कर रहे हैं। राहुल गांधी के ट्विटर हैंडल पर सावरकर संबंधी कोई टिप्पणी दिखाई नहीं दी। माना जा रहा है कि सुलह के बाद उन्होंने सभी ट्वीट डिलीट कर दिए हैं। राहुल ने कभी सीधे तौर पर सावरकर को लेकर ट्वीट नहीं किया था, बल्कि पार्टी समर्थकों की टिप्पणियों को रीट्वीट किया जाता था।


## देश के 83% जलाशय अभी भी लबालब



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**मानसून** आने में अभी करीब दो महीने बाकी हैं, लेकिन राहत की बात यह है कि हमारे 20 राज्यों में स्थित 143 जलाशयों में से 118 में सामान्य से 80% ज्यादा पानी है। उत्तर, पश्चिम, मध्य और दक्षिण भारत के जलाशय लबालब हैं। 64% जलाशयों में तो 10 साल के औसत से भी अधिक पानी है। हालांकि, पूर्वी भारत खास तौर से गंगा बेसिन वाले इलाकों की स्थिति ठीक नहीं है। 6 जलाशयों में सामान्य से 38% तक कम पानी है। इनमें यूपी-बिहार व पश्चिम बंगाल के 12 जलाशय शामिल हैं। 143 जलाशयों में स्टोरेज की नियमित निगरानी करने वाले सेंट्रल वाटर कमीशन (सीडब्ल्यूसी) की रिपोर्ट में ये जानकारियां सामने आई हैं। इन जलाशयों में 18 हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर प्रोजेक्ट भी चलाए जाते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 14 राज्यों के जलाशयों में सामान्य से 3-90% तक ज्यादा पानी है।

## सनातन को किसी से सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं: भागवत



**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**

**संघ** प्रमुख मोहन भागवत को भगवा रंग को देश की शान बताया है। उन्होंने कहा कि आज आप भगवा रंग धारण कर देश की शान बढ़ाने का संकल्प ले रहे हैं। वह समय की कसौटी पर खरा उतरा है। बाकी सब कुछ बदल जाता है। वह पहले भी था, आज भी है और कल भी रहेगा। हमें अपने कैरेक्टर से लोगों को सनातन समझाना होगा। इसके लिए सनातन को किसी से सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं। संघ प्रमुख मोहन भागवत हरिद्वार के भागवत ऋषिग्राम पहुंचे थे। वहां उन्होंने पतंजलि योग पीठ में संन्यास दीक्षा महोत्सव को संबोधित किया। इस दौरान मंच पर साथ बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण भी मौजूद थे।

## ममता बनर्जी ने भाजपा को पाखंडी बताया



**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**

**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कोलकाता में दो दिवसीय धरना शुरू हो गया है। बंगाल सीएम 100 दिन काम योजना और अन्य योजनाओं के लिए राशि जारी नहीं करने के चलते केंद्र सरकार के खिलाफ धरने पर बैठीं हैं। ममता ने बीजेपी को पाखंडी बताया। कहा कि भाजपा के राज में केंद्रीय एजेंसियों के जरिए विपक्ष को लगातार परेशान किया जाता है। लेकिन जैसे ही कोई विपक्षी नेता भाजपा ज्वाइन करता है, वह निर्दोष हो जाता है। ये है बीजेपी वाशिंग मशीन का जादू! उन्होंने मोदी सरकार पर केंद्रीय योजनाओं में फंड नहीं देने का आरोप लगाया है। ममता ने मंगलवार को कहा कि केंद्रीय बजट में मनरेगा और आवास योजना के लिए एक रूपया भी नहीं दिया है।

## रामनवमी: वडोदरा में शोभायात्रा पर पथराव



**टीम एक्शन इंडिया/वडोदरा/छत्रपती संभाजीनगर**

**गुजरात** के वडोदरा में गुरुवार को शोभायात्रा के दौरान पथराव किया गया। वहीं, महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में बुधवार देर रात राम मंदिर के बाहर कुछ लोगों ने आगजनी की। इन लोगों ने पुलिस की गाड़ियों में आग भी लगा दी।

**गुजरात में शोभायात्रा पर पथरावः** वडोदरा में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की ओर से रामनवमी पर निकाली गई शोभायात्रा पर कुछ लोगों ने पथराव कर दिया। दंगाइयों ने सड़क पर खड़े वाहनों में भी तोड़फोड़ की। घटना के बाद इलाके की दुकानें बंद हो गईं, हालांकि पुलिस ने स्थिति पर काबू पा लिया।

**महाराष्ट्र में पुलिस वाहन जलाएः** इधर, महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर ( पुराना नाम औरंगाबाद) के किराडपुरा इलाके में बुधवार रात दो गुटों के बीच झड़प हो गई। लोगों ने एक-दूसरे पर पथराव किया और कई वाहनों में आग लगा दी। मौके पर पहुंची पुलिस पर भी लोगों ने पथराव किया।

### धर्मगुरुओं की बात भी नहीं मानी गई

**संभाजीनगर** में भीड़ को काबू करने के लिए कुछ धर्मगुरुओं को बुलाया गया। लेकिन भीड़ उनकी बात मानने को तैयार नहीं थी। कुछ ही देर में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों समेत भारी फोर्स मौके पर पहुंच गई। दंगाइयों ने उन पर भी पथराव किया और कार के शीशे तोड़ दिए। पुलिस ने लाठी चार्ज कर भीड़ को तितर-बितर किया।

## मुझ पर मोदी को फंसाने का दबाव था: अमित शाह

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**गृहमंत्री अमित** शाह ने बुधवार को कहा कि यूपीए शासन के दौरान उन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फंसाने का दबाव डाला गया था। शाह ने कहा कि तब सबीआई उनसे गुजरात के सोहराबुद्दीन शेख एनकाउंटर केस में पूछताछ कर रही थी। अमित शाह प्रोग्राम में बोल रहे थे। उन्होंने एजेंसियों के गलत इस्तेमाल के आरोप पर कहा- मैं आपको बताता हूं कि एजेंसियों का गलत इस्तेमाल कैसे किया गया। मैं इसका शिकार हो चुका हूं। कांग्रेस ने हमारे खिलाफ भ्रष्टाचार का केस नहीं किया। जब मैं गुजरात का गृहमंत्री था, तब एक एनकाउंटर हुआ। सीबीआई ने केस फाइल किया और मुझे गिरफ्तार कर लिया था। गृहमंत्री ने कहा- 90% पूछताछ के दौरान वो यही कहते रहे कि क्यों परेशान हो रहे हो। मोदी का नाम ले लो और हम तुम्हें छोड़ देंगे। कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियां राहुल गांधी की संसद सदस्यता जाने पर विरोध प्रदर्शन कर रही हैं।



**खुलासा**

- 90% पूछताछ के दौरान वो यही कहते रहे कि क्यों परेशान हो रहे हो। मोदी का नाम ले लो और हम तुम्हें छोड़ देंगे: शाह

## देश में कोरोना के 3,016 नए मरीज

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**देश में** पिछले 24 घंटे में कोरोना के 3,016 नए मरीज सामने आए हैं। इस दौरान छह संक्रमित लोगों की मौत हो गई। इस अवधि में 1,396 मरीज स्वस्थ हुए हैं। अब तक कोरोना वायरस से 4,41,68,321 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। रिकवरी रेट 98.78 प्रतिशत है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के गुरुवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार देश में एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 13,509 हो गई है। दैनिक संक्रमण दर 2.73 प्रतिशत है। टीकाकरण की बात करें तो पिछले 24 घंटे में 15,784 खुराक दी गई हैं।

## देश की छवि क्यों खराब कर रही कांग्रेसः कानून मंत्री रिजिजू



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**केंद्रीय का**नून मंत्री किरण रिजिजू ने कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह के एक बयान को लेकर राहुल गांधी पर तंज कसा है। रिजिजू ने कहा है कि भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप के लिए विदेशी शक्तियों को आमंत्रित करने के लिए उनका धन्यवाद है। कांग्रेस भारत के लोगों से नाराज है, लेकिन वह भारत के जीवंत लोकतंत्र और इसकी मजबूत न्यायपालिका का अपमान कर देश की छवि क्यों खराब कर रही है। केंद्रीय मंत्री का यह बयान कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह के ट्वीट पर आया है। इसमें दिग्विजय सिंह ने जर्मनी के विदेश मंत्रालय और रिचर्ड वॉकर का भारत में लोकतंत्र के साथ हो रहे समझौते का संज्ञान लेने के लिए उनका धन्यवाद दिया था। रिजिजू ने तंज कसा कि भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप को लेकर विदेशी शक्तियों को आमंत्रित करने के लिए राहुल गांधी को धन्यवाद। याद रखें, भारतीय न्यायपालिका विदेशी हस्तक्षेप से प्रभावित नहीं हो सकती। भारत अब 'विदेशी प्रभाव' को बर्दाश्त नहीं करेगा क्योंकि नरेन्द्र मोदी हमारे प्रधानमंत्री हैं।

## कुछ दवाओं पर खत्म हुई इंपोर्ट ड्यूटी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**भारत** सरकार ने नेशनल रेयर डिजीज पॉलिसी 2021 के तहत लिस्टेड सभी रेयर बीमारियों के इलाज के लिए इंपोर्टेड दवाओं और स्पेशल फूड पर बेसिक कस्टम ड्यूटी खत्म कर दी है। इससे देश के उन लोगों को काफी राहत मिलेगी, जिनके परिवार का कोई मेंबर रेयर बीमारी से पीड़ित है। कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली पेम्ब्रोलिजुमाब (कीट्रूडा) पर भी सरकार ने छूट दी है।

**1 अप्रैल से लागू होगी छूटः** इंपोर्ट ड्यूटी में छूट 1 अप्रैल से लागू होगी। दवाओं पर आम तौर पर 10% की बेसिक कस्टम ड्यूटी लगती है, जबकि लाइफ सेविंग ड्रग की कुछ कैटेगरी पर 5% या 0% का कंसेशनल रेट लगता है। जबकि स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी या डचेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी के ट्रीटमेंट में इस्तेमाल होने वाली दवाओं पर पहले ही छूट मिल रही है। सरकार से अन्य रेयर बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल होने वाली दवाओं पर राहती की मांग की जा रही थी।

**बच्चों को डराया** | मान की बेटी सीरत कौर मान को फोन पर धमकाया गया और गाली-गलौज की गई

## सीएम मान की बेटी को अमेरिका में खालिस्तानियों की धमकी


**टीम एक्शन इंडिया/जालंधर**

**पंजाब में** अमृतपाल के खिलाफ एक्शन के बाद मुख्यमंत्री भगवंत मान की बेटी को खालिस्तानियों ने धमकाया है। भगवंत मान की बेटी सीरत कौर मान को फोन पर धमकाया गया और गाली-गलौज की गई। सीरत भगवंत मान की पहली पत्नी की बेटी हैं। वो मां और भाई दिलशान के साथ अमेरिका में रहती हैं। मान अपनी पहली पत्नी को तलाक दे चुके हैं। धमकी देने का खुलासा सीरत कौर की पारिवारिक वकील हरमीत कौर बराड़ ने किया। उन्होंने अपनी फेसबुक वॉल पर लिखा कि बुधवार को खालिस्तानी गंदे और भद्दे शब्दों का इस्तेमाल कर और गालियां देकर खालिस्तान हासिल करना चाहते हैं।



**पोस्ट में वकील ने लिखा- बच्चों को डराकर कौन सा खालिस्तान मिल जाएगाः** एडवोकेट हरमीत कौर बराड़ ने पोस्ट में लिखा- तुम पैदा ही बददिमाग थे या इसी सदी में हुए। बैठकर सोचना। कभी तुम सोशल मीडिया पर कहते हो कि अमेरिका में भगवंत मान के बच्चों को घेरो। कभी वहां गुरु घरों में प्रस्ताव पास कर रहे हो। कल तो हद हो गई, जब उनकी बच्ची ( भगवंत मान की बेटी) को फोन कर गालियां दीं। भगवंत मान को घेरो। जिन्होंने तुम्हारा बिगाड़ा है, उन्हें गालियां दो। बच्चों को डराकर कौन सा खालिस्तान मिल जाएगा। हद है, मुझे लगता है कि ऐसे देश में कोई भी शरीफ इंसान तुम जैसे लोगों के साथ नहीं रहना चाहेगा। बेशर्मी की भी सीमा होती है। सिख धर्म ऐसा कुछ नहीं सिखाता। तुम लोग सिख तो हरगिज नहीं। धब्बा हो।

**खालिस्तानियों ने मान के बच्चों को घेरने की योजना बनाईः** पता चला है कि खालिस्तानी समर्थकों ने अमेरिका में रह रहे भगवंत मान के दो बच्चों सीरत कौर मान और बेटे दिलशान की घेराबंदी करने की भी योजना बनाई है। अमेरिका के गुरुघर में खालिस्तानियों ने घेराबंदी का प्रस्ताव भी पारित किया है।



# हिसार जिले को मिली 19742.49 लाख रुपये की 93 परियोजनाओं की सौगात

## उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता के साथ परियोजनाओं का किया लोकार्पण

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़/हिसार हरियाणा** के उपमुख्यमंत्री श्री दुष्यंत चौटाला ने शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता के साथ जिला हिसार के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों की करोड़ों रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। उन्होंने नलवा विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री घोषणा के तहत 1552.040 लाख रुपये से बने हिसार-मंगाली-स्याहड़वा फोर लेन मार्ग, 4781.78 लाख रुपये की लागत से बने हिसार-मंगाली-स्याहड़वा आरओबी तथा 2796 लाख रुपये की लागत से बने रेवाड़ी-बठिंडा रेलवे लाइन एलसी-76 पर टू-लेन आरओबी का उद्घाटन किया। इन तीनों परियोजनाओं पर 9129.82 लाख रुपये की धनराशि खर्च की जाएगी। उपमुख्यमंत्री ने विधानसभा क्षेत्र उकलाना में 2622.09 लाख रुपये की धनराशि से बनने वाले 8 सडक मार्गों का व विधानसभा क्षेत्र बरवाला में 2424.670




लाख रुपये के 10 सडक मार्गों का शिलान्यास भी किया गया। विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों जिन परियाजनाओं के लिए करोड़ों रुपये की धनराशि खर्च की जाएगी। उनमें विधानसभा क्षेत्र नारनौंद में 2612.31 लाख रुपये की पांच परियोजनाएं, विधानसभा क्षेत्र नलवा में 2510.290 लाख रुपये की 17 परियोजनाएं व विधानसभा क्षेत्र आदमपुर में 2636.120 लाख रुपये की 22 परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। उपमुख्यमंत्री ने हिसार विधानसभा क्षेत्र की 1887.350 लाख रुपये सात परियोजनाओं का और विधानसभा क्षेत्र हांसी में 2421.78 लाख

**▶▶ हिसार-मंगाली-स्याहड़वा आरओबी तथा 2796 लाख रुपये की लागत से बने रेवाड़ी-बठिंडा रेलवे लाइन एलसी-76 पर टू-लेन आरओबी का उद्घाटन किया**

रुपये की 22 परियोजानओं का शिलान्यास किया गया।

इसी प्रकार, हिसार के सभी विधानसभा क्षेत्रों में 215.57 किलोमीटर की परियोजनाओं पर कुल 17114.61 लाख रुपये की राशि खर्च की जाएगी। इन परियोजनाओं के शिलान्यास के अतिरिक्त महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे के लिए आपातकालीन रास्ते तथा पैरीमीटर सडक के निर्माण तथा परिचालन क्षेत्र में विस्फोटक निपटान क्षेत्र का निर्माण (कूलिंग ऑफ पिट) और आरसीसी सुरक्षा वॉच टॉवर के निर्माण कार्यों पर भी 2627.88 लाख रुपये की धनराशि खर्च की जाएगी।



हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गुरुवार को रामनवमी के अवसर पर पंचकूला में ऐतिहासिक श्री माता मनसा देवी मंदिर में महामाई के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने प्रदेशवासियों की खुशहाली व सुख समृद्धि के लिए कामना की।

# फसलों को हुए नुकसान का पूरा मुआवजा दिया जायेगा: जेपी दलाल

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़ हरियाणा** के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने फसलों को हुए नुकसान के आंकलन के लिए विशेष गिरदावरी के निर्देश जारी किये हैं। उन्होंने किसानों का आह्वान किया है कि वे मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर 3 अप्रैल तक अपनी फसलों का पंजीकरण करवाकर क्षतिपूर्ति पोर्टल पर नुकसान को दर्ज करवाये। सरकार द्वारा किसानों के हित में ई-फसल क्षतिपूर्ति पोर्टल को दोबारा खोला गया है जो किसान पहले फसलों का पंजीकरण नहीं करवा



पाये थे, फसलों को हुए नुकसान वाले गांवों के किसानों के लिए यह पोर्टल दोबारा खोला गया है। सरकार द्वारा पारदर्शी प्रणाली से क्षतिग्रस्त फसलों के लिए आंकलन, सत्यापन और मुआवजे की व्यवस्था की गई है।

जेपी दलाल रोहतक जिला की महम विधानसभा क्षेत्र के खरकड़ा, मोखरा, मदीना, भराण, अजायब, बहलबा, बैंसी, निंदाना आदि गांवों में फसलों को हुए नुकसान का अधिकारियों की टीम के साथ जायजा ले रहे थे।

# दिन दहाड़े वार्ड 8 में मकान का ताला तोड़कर जेवरात व नकदी चोरी

**गन्नौर: नगरपालिका** के वार्ड 8 में चोरों ने दिन दहाड़े बंद मकान का ताला तोड़कर जेवरात व नकदी चोरी कर ले गए। चोरी का पता लगने के बाद महिला ने गन्नौर थाना पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में वार्ड 8 से मोनिका ने बताया कि उसका पति डयूटी पर गया हुआ था। बुधवार को दोपहर के बाद बच्चों के साथ घर से कुछ दूर प्लाट में चली गई। शाम को वापिस लौटी तो देखा कि गेट पर लगा ताला टूटा होने के साथ अंदर कमरे में सामान बिखरा पड़ा था।

# 4 जिलों में कोरोना को लेकर हालात बेहद खराब

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़ हरियाणा** में कोरोना संक्रमण को लेकर 4 जिलों में हालात बेहद खराब मिले हैं। इन जिलों की पिछले 10 दिनों की पॉजिटिविटी दर 5 से 10 प्रतिशत तक रिकॉर्ड की गई है। इनमें पंचकूला सबसे टॉप पर है। यहां की पॉजिटिविटी रेट 9.7% दर्ज की गई है। जबकि फरीदाबाद की 7.1, फतेहाबाद और यमुनानगर की 5.5 प्रतिशत पॉजिटिविटी दर दर्ज की गई है। हरियाणा स्वास्थ्य विभाग की ओर से इन जिलों को 5 प्रतिशत से कम पॉजिटिविटी दर लाने के निर्देश दिए गए हैं।

**दोगुनी होगी सैंपल की संख्या:** चारों जिलों में 10 दिनों के दौरान 1,000 से कम लोगों के नमूने



लिए गए। परीक्षण के आए परिणामों के बाद स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिलों में दोगुने सैंपल लिए जाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही पॉजिटिविटी रेट 5 प्रतिशत से कम लाने के निर्देश जिले के अधिकारियों को दिए गए हैं। साथ ही पूरी तैयारियां करने के लिए भी हिदायत दी गई है।

**जीनोम इंडेक्सिंग बढ़ेगी:** हरियाणा स्वास्थ्य विभाग की ओर से सभी जिलों को जीनोम इंडेक्सिंग बढ़ाने, फ्लू जैसी बीमारियों की निगरानी और परीक्षण बढ़ाने को कहा गया है। साथ ही शहर के सार्वजनिक स्थानों पर कोविड-19 की रोकथाम के लिए जारी दिशा निर्देश को लागू के निर्देश दिए हैं।

अधिकारियों को अस्पतालों में कोविड बेड और दवाओं की उपलब्धता की जांच करने के लिए भी कहा गया है।

**31 मार्च तक जारी हिदायतें:** हरियाणा सरकार ने 2020 में कोरोना रोकने के लिए जारी की गई हिदायतों को अब एक साल के लिए बढ़ा दिया है। यानी हरियाणा महामारी, रोग, कोविड-19 विनियम-2020 को अगले साल 31 मार्च तक बढ़ा दिया है। अब विदेश से आने वालों का ब्योरा दर्ज किया जाएगा। यदि कोई कोरोना पॉजिटिव मिलता है तो उसकी सूचना सिविल सर्जन को देनी होगी। हर व्यक्ति को स्वास्थ्य मंत्रालय के आदेश का पालन करना होगा।

# पेपर नहीं देने को विवाद में युवक पर हथियार से हमला

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर बाहरवीं** कक्षा का पेपर नहीं देने की बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा होने पर अगवानपुर गांव में एक युवक पर तेजधार हथियार से हमला कर घायल करने के बाद धमकी देने का मामला सामने आया है। आरोप गांव के मंदीप उर्फ मदन पर लगा है। उपचार के लिए घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने घायल के ब्यान पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। शिकायत में संजीव ने बताया कि वह दिल्ली में क्लस्टर बस पर चालक है। गुरुवार को गांव के मोहित उर्फ मोनू के साथ खेत में गया तो इसी दौरान मंदीप उर्फ मदन बाइक पर सवार होकर उनके पास आया और पानीपत वाले लड़के का 12वीं कक्षा का पेपर क्यों नहीं देने पर धमकी देने लगा।

उसके बाद मैने गलत काम करने से मना किया तो आरोपी ने कहासुनी कर झगड़ा करने लगा।

# नव ज्योति शिक्षा सदन के रिजल्ट पर छात्रों को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर नव** ज्योति शिक्षा सदन खुबडू भांवर में बच्चों का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। प्राचार्य राजेंद्र कौशिक ने शत-प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कार वितरण करते हुए कहा कि स्कूल के विद्यार्थियों ने हमेशा की तरह इस साल भी जी तोड़ मेहनत करते हुए शिक्षा के साथ-साथ हर क्षेत्र में भी अपना लोहा मनवाया है। विद्यालय में शिक्षा एवं संस्कार के क्षेत्र में 25 वर्ष पूरे कर लिए हैं। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखकर स्कूल विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को विकसित करता



है। आज बहुत से छात्र सरकारी एवं गैर सरकारी संगठनों में उच्च पदों पर अपनी सेवाएं दे रहे है। विद्यालय की छात्रा नमिता कुमारी ने एचसीएस परीक्षा में छठा स्थान प्राप्त किया है, वहीं प्रीति ने बैंक मैनेजर परीक्षा में ऑल इंडिया लेवल पर तीसरा स्थान हासिल किया था। विद्यालय के विद्यार्थी शैक्षणिक के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं खेलों में भी किसी से पीछे नहीं है।

# बी आर ग्लोबल विद्यालय में शिक्षा की उड़ान कार्यक्रम में मेधावी छात्र सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर खेड़ी** रोड स्थित बी आर ग्लोबल विद्यालय द्वारा वार्षिक परीक्षा परिणाम शिक्षा की उड़ान घोषित किया गया। सभी विद्यार्थियों ने अपनी कड़ी मेहनत और प्रतिभा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। विद्यालय के होनहार विद्यार्थियों को विद्यालय के निदेशक राकेश यादव, प्रधानाचार्या पूजा पहल और अन्य शिक्षकगण ने पुरस्कृत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि बच्चे ही देश की नींव है। उन्हें तनाव मुक्त होकर अध्ययन करना चाहिए तभी वे खेल और शिक्षा के क्षेत्र में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकेंगे।

# मानव तस्करी के खिलाफ पुलिस सख्त, चलाएगी विशेष अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़ हरियाणा** पुलिस अप्रैल माह में समस्त राज्य में मानव तस्करी के खिलाफ एक महीने का अभियान चलाएगी। इसके माध्यम से पुलिस का उद्देश्य मानव तस्करी के मुद्दे के बारे में जागरूकता बढ़ाना और लोगों को मानव तस्करी से संबंधित किसी भी संदिग्ध गतिविधि की रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित करना है। पहली अप्रैल से 30 अप्रैल, 2023 तक चलने वाले इस अभियान में सेमिनार, कार्यशाला, नुक्कड़ नाटक और जागरूकता अभियान जैसी विभिन्न गतिविधियाँ शामिल होंगी। इस दौरान हरियाणा पुलिस बचाव अभियान चलाते हुए मानव तस्करी के पीड़ितों को पुनर्वास प्रदान करने के लिए गैर सरकारी संगठनों और अन्य हितधारकों के साथ मिलकर काम करेगी।

डीजीपी प्रशांत कुमार अग्रवाल ने कहा कि मानव तस्करी एक जघन्य अपराध है जो देश में हर साल हजारों लोगों को प्रभावित करता है। राज्य ने हाल के वर्षों में मानव तस्करी के कई मामलों का खुलासा किया है और हरियाणा पुलिस इस खतरे को जड़ से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मानव तस्करी के खिलाफ महीने भर चलने वाला अभियान इस अपराध से निपटने के हमारे चल रहे प्रयासों का एक हिस्सा है। हम अपने नागरिकों के लिए एक सुरक्षित वातावरण बनाने और यह सुनिश्चित करने के लिए



**▶▶ मानव तस्करी के मुद्दे के बारे में जागरूकता बढ़ाना, संबंधित गतिविधि की रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित करना है**

प्रतिबद्ध हैं कि इस अपराध को अंजाम देने वालों को न्याय के कटघरे में लाया जाए। हरियाणा पुलिस ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे मानव तस्करी से संबंधित किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को उसके आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 112 पर दें। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि मुखबिर की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। फील्ड यूनिट्स को भेजे गए संदेश में सभी एसपी और डीसीपी को अभियान चलाने के लिए कहा गया है। सीपी और आईजी/एडीजी रेंज साप्ताहिक प्रगति की समीक्षा करेंगे। लापता बच्चों और वयस्कों की संख्या का पता लगाने और भिखारियों और मजदूरों को बचाए जाने पर महीने के अंत में फील्ड इकाइयों के प्रदर्शन की समीक्षा की जाएगी। इस दिशा में, पुलिस गुमशुदा व्यक्तियों के मामलों की फिर से जांच करेगी और आस-पास के राज्यों में आश्रयों और बाल गृहों में पुलिस टीमों को यह देखने के लिए भेजेगी कि उनमें से कोई वहां रह रहा है या नहीं। गुमशुदा बच्चों के मामले धारा 363-366 आईपीसी के तहत दर्ज किए जाते हैं, जबकि लापता वयस्कों के मामले 346 आईपीसी के तहत दर्ज किए जाते हैं। हरियाणा पुलिस ने वर्ष 2022 में, 3379 लापता महिला और 6340 पुरुष वयस्कों का पता लगाया। साथ ही, लापता 1144 लडकों और 1426 लड़कियों को भी बरामद किया। इसके अतिरिक्त, इसने 41 बंधुआ मजदूरों को भी मुक्त कराया। इसी अवधि में, राज्य अपराध शाखा की 22 एंटी-ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट्स (एएचटीयू) ने लापता 316 पुरुष वयस्कों और 373 महिलाओं का पता लगाया। साथ ही, वर्ष के दौरान लापता हुए 313 लडकों और 227 लड़कियों का भी पता लगाया।

# गन्नौर में हिंदू संगठनो ने निकाली श्रीराम की भव्य शोभायात्रा



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर वीरवार** को रामनवमी के पावन पर्व के अवसर पर विभिन्न हिंदू संगठनों द्वारा हाथो में भगवा रंग का ध्वज एवं सिर में भगवा पगड़ी पहने गन्नौर शहर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। नगरपालिका चेयरमैन अरुण त्यागी के नेतृत्व में राम मंदिर परिसर में हवन यज्ञ किया। शोभायात्रा में जय श्री राम के नारों का उद्घोष हुआ। शोभा यात्रा गन्नौर गांव मंदिर से होते हुए नगरपालिका रोड़, रेलवे रोड़, देवीलाल चौक व जनता स्कूल रोड़ से होते हुए मॉडल संस्कृति स्कूल चौक पर समापन हुआ।

# भाविप, महिला मंडल व अग्रवाल सम्मेलन महिला मंडल ने पुष्प वर्षा निकाली

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर रामनवमी** के उपलक्ष में निकाली गई शोभा यात्रा में भारत विकास परिषद शाखा गन्नौर महिला मंडल और अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन गन्नौर की महिला मंडल के द्वारा शोभा यात्रा सम्मिलित भक्तों के ऊपर पुष्प वर्षा व महिलाओं ने कन्या पूजन कर के कन्याओं को प्रसाद खिलाया। इसमें उपाध्यक्ष संस्कार हरियाणा मध्य प्रांत योगेश कौशिक , शाखा सचिव अंकित त्यागी एडवोकेट ,कोषाध्यक्ष अमित जिंदल, महिला संयोजिका मनीषा जैन, उपाध्यक्ष संपर्क राजकुमार अग्रवाल ,उपाध्यक्ष संस्कार निशा कौशिक, सह संयोजिका



काजल सिंघल ,शुभकामना संदेश संयोजिका नेहा त्यागी एडवोकेट, समूह गान संयोजिका डॉ आभा गर्ग, गौ सेवा और परिवार मिलन कार्यक्रम संयोजक सुनील दीवान, गीता दीवान ,सुधीर दीवान ,सावित्री दीवान, विकास पाहुजा, निशी पाहुजा सदस्य विकास परिषद शाखा गन्नौर शामिल रहे और अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन गन्नौर की ओर से अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, महिला सचिव मनीषा जैन, सीमा गोयल, काजल जैन ,श्रीमती नीलम अग्रवाल, काजल सिंघल, कमलेश गर्ग ,अलका गुप्ता ,पूजा जैन, दिव्या जैन शामिल रहे।

# चरखी दादरी में आईएएस के दादा-दादी ने की आत्महत्या

**टीम एक्शन इंडिया/चरखी दादरी हरियाणा** के चरखी दादरी में परिवार द्वारा सताए जाने से आहत होकर बुजुर्ग पति-पत्नी ने जहरीला पदार्थ खाकर सुसाइड कर लिया। इनका पोता विवेक आर्य एक आईएएस अधिकारी है। पुलिस ने वारदात के बाद उनके एक बेटे, दो पुत्र वधू और एक भतीजे के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। सुसाइड नोट में लिखा है कि- मेरे बेटों के पास 30 करोड़ की संपत्ति है, लेकिन हमें देने के लिए दो रोटी नहीं हैं। मृतक पति पत्नी की पहचान जगदीशचंद्र आर्य (78) और भागली देवी (77) के तौर पर हुई है। दोनों मूल रूप से गांव गोपी के रहने वाले हैं और फिलहाल अपने बेटे के पास बाढ़डा में रह रहे थे। बीती रात को ढ़ाई बजे




के करीब बाढ़ड़ा में अपने बेटे वीरेंद्र के मकान पर जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों को इसका पता चला तो डायल 112 पर काल कर पुलिस को बुलाया गया। बाद में बाढ़डा थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। शवों को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस छानबीन कर रही है। दोनों अपने बेटे वीरेंद्र के पास रहते थे और वीरेंद्र का बेटा विवेक आर्य 2021 बैच का आईएएस अधिकारी है।

**सुनो हमारा दुख...:** सुसाइड नोट में जगदीश चंद्र ने लिखा है कि- मैं जगदीश चंद्र आर्य आपको अपना दुख सुनाता हूं। मेरे बेटों के पास बाढ़ड़ा में 30 करोड़ की संपत्ति है, लेकिन उन के पास मुझे देने के लिए दो रोटी नहीं हैं। मैं अपने छोटे बेटे

**▶▶ सुसाइड नोट में लिखा है कि- मेरे बेटों के पास 30 करोड़ की संपत्ति है, लेकिन हमें देने के लिए दो रोटी नहीं हैं**

के पास रहता था। 6 साल पहले उसकी मौत हो गई। कुछ दिन उसकी पत्नी ने उसे रोटी दी, लेकिन बाद में उसने गलत काम धंधा करना शुरू कर दिया। मेरे भतीजे को अपने साथ ले लिया।

**पीटकर घर से निकाला:** मैने इसका विरोध किया तो उनको यह बात अच्छी नहीं लगी। क्योंकि मेरे रहते हुए वे दोनों गलत काम नहीं कर सकते थे। इसलिए उन्होंने मुझे पीटकर घर से निकाल दिया। मैं दो साल तक अनाथ आश्रम में रहा और फिर आया तो इन्होंने मकान को ताला लगा दिया। इस दौरान मेरी पत्नी को लकवा आया और हम दूसरे बेटे के पास रहने लगे।

**...इसलिए मैंने सल्फास खा ली:** अब उन्होंने भी रखने से मना कर दिया और मुझे बासी आटे की रोटी और दो दिन का दही देना शुरू कर दिया। ये मीठा जहर कितने दिन खाता, इसलिए मैंने सल्फास की गोली खा ली। मेरी मौत का कारण मेरी दो पुत्रवधु, एक बेटा व एक भतीजा है। जितने जुल्म इन चारों ने मेरे ऊपर किया, कोई भी संतान अपने माता-पिता पर न करे।

**आर्य समाज को दें मेरी संपत्ति:** मेरी सुनने वालों से प्रार्थना है कि इतना जुल्म मां-बाप पर नहीं करना चाहिए और सरकार और समाज इनको दंड दे। तब जाकर मेरी आत्मा को शांति मिलेगी।

# खेल विभाग के लिए बजट की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी: सीएम

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल, जिनके पास खेल विभाग का कार्यभार भी है, ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रदेश के खिलाड़ियों के राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन को देखते हुए अधिकारी हर प्रकार की खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। इसके लिए बजट में किसी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी।

खेल इन्फ्रास्ट्रक्चर के रख-रखाव के लिए आवश्यकतानुसार हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से ग्राऊंडमैन व अन्य पदों को शीघ्र भरें। मुख्यमंत्री खेल विभाग की बुलाई गई समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।
मुख्यमंत्री ने आईबीए महिला विश्व बॉक्सिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाली सुनीतू घणघस व स्वीटी बूरा को सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह भी सुनिश्चित किया जाए कि प्रत्येक खिलाड़ी, चाहे वह पदक विजेता है या किसी खेल में प्रतिभागी रहा है, उसकी पूरी जानकारी परिवार पहचान पत्र में उपलब्ध होनी चाहिए। कई योजनाओं का लाभ देने के लिए यह डाटा काफी कारगर है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण पृष्ठभूमि के पारम्परिक खेल जैसेकि कुश्ती, कबड्डी के लिए खेल प्रतिभाओं को तराशने वाले अखाड़ों संचालकों को भी सम्मानित करने की भी कोई योजना बनाई जाए। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री के रूप में उन्होंने अपने बजट अभिभाषण में कुश्ती जगत में अखाड़ा संचालन में हरियाणा का नाम रोशन करने वाले मास्टर चंदगी राम के नाम से खिलाडियों के लिए स्पोर्टस पर्सन इंशयोरेंस बेनिफिट स्कीम की घोषणा भी की है।
बैठक में खेल निदेशक पंकज नैन ने प्रस्तुतीकरण देते हुए मुख्यमंत्री को अवगत करवाया कि पंचकूला, फरीदाबाद व रोहतक में तीन राज्य स्तरीय खेल परिसर, 21 जिला खेल परिसर, 25 उप-मंडलीय स्टेडियम, 163 राजीव गांधी ग्रामी खेल परिसर तथा 245 गांवों में लघु /ग्रामीण खेल स्टेडियम हैं।



### उत्कृष्ट खिलाड़ियों को दी गई है 179 नियुक्तियां

**खेल** निदेशक ने अपने प्रस्तुतीकरण में बताया कि वर्ष 2023 तक 216 उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी की नियुक्ति के लिए पेशकश की गई जिनमें से 179 खिलाड़ियों ने ज्वाइन किया है जबकि 2013-14 में केवल 41 खिलाड़ियों को ही नौकरी दी गई थी।

### हर खिलाड़ी को मिलेगा 400 रू. प्रतिदिन खुराक भत्ता


**राज्य** में 1100 खेल नर्सरियां संचालित हैं। खेल नर्सरी योजना को नए सिरे से अवधारित कर शैक्षणिक संस्थानों में हस्तांतरित किया जा रहा है। इसके लिए विभाग सरकारी व निजी संस्थानों से समन्वय स्थापित कर रहा है। प्रत्येक शैक्षणिक संस्थान को हर वर्ष खेल उपकरण व खेल इन्फ्रास्ट्रक्चर पर खर्च करने के लिए तीन लाख रुपये दिए जाएंगे ताकि ऊभरते खिलाडियों की खेल प्रतिभा का युवावस्था में ही पता लगाया जा सकें। इसके अलावा, 24 आवासीय अकादमियां खोलने का भी प्रस्ताव है जिनमें 600 एथलीट, 12 खेलों की सुविधाएं दी जाएंगी। इन आवासीय अकादमियों में प्रत्येक खिलाड़ी को 400 रुपये प्रतिदिन खुराक भत्ता दिया जाएगा।

# हरियाणा की बेटियों ने खेलों में फिर लहराया जीत का परचम

## आईबी महिला विश्व बॉक्सिंग में जीते गोल्ड, मुक्केबाज नीतू घंघस और स्वीटी बूरा को हरियाणा सरकार से मिला नौकरी का ऑफर

**▶▶ दोनों मुक्केबाज सुनीतू घणघस व स्वीटी बूरा ने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मुलाकात की**

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**
**हरियाणा** की बेटियों ने खेलों में एक बार फिर परचम लहराते हुए हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित आईबीए महिला विश्व बॉक्सिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक पर पंच लगाया। हरियाणा की दोनों मुक्केबाज सुनीतू घणघस व स्वीटी बूरा ने आज हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने चंडीगढ़ स्थित अपने संत कबीर कुटीर आवास पर एक कार्यक्रम में इन दोनों खिलाड़ियों को 40-40 लाख रुपये का चैक तथा हरियाणा उत्कृष्ट खिलाड़ी सेवा नियम के अंतर्गत ग्रुप बी की नौकरी का ऑफर लेटर की पेशकश भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हर हरियाणावासी के लिए गर्व की बात है कि विगत कई वर्षों से हरियाणा की बेटियों ने खेलों में न केवल हरियाणा का बल्कि भारत का नाम रोशन किया है। हरियाणा सरकार भी खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय खेल सुवधिाएं उपलब्ध करवाने के साथ-साथ खिलाड़ियों का भविष्य सुनिश्चित करने के लिए हरियाणा उत्कृष्ट खिलाड़ी सेवा नियमों के तहत नौकरी प्रदान कर रही है। इस अवसर पर खेल विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजा शेखर वुण्डरु, खेल महानिदेशक पंकज नैन व खेल विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा दोनों खिलाड़ियों के परिवार के सदस्य भी उपस्थित थे।




# कांग्रेस नेता राजेश जून ने रामनवमी पर लगाया भंडारा



**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़**
प्रभु श्रीराम ने अपने जीवन में एक कुशल पुत्र, अच्छे भाई ,अच्छे पति और अच्छे पिता की भूमिका का निर्वहन करने के साथ एक अच्छा राजा बनकर जो आदर्श स्थापित किया वह आज भी हम सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। यह बात हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट एवं आरजे अस्पताल के चेयरमैन राजेश जून ने रामनवमी के पावन पर्व पर भंडारे में प्रसाद वितरण का सेवा कार्य करते हुए कही। कांग्रेस नेता राजेश जून द्वारा अपनी नेक कमाई से अस्पताल के बाहर भंडारे का आयोजन किया था जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में प्रसाद वितरण का सेवा कार्य करने के दौरान राजेश जून ने कहा कि प्रभु श्रीराम ने पिता के आदेश का अनुपालन करने के लिए वन जाने का निर्णय लिया और वहां जाकर ऋषि-मुनियों पर अत्याचार करने वाले असुरों से उनकी रक्षा की।

उन्होंने रावण, बाली सहित अनेकों असुरों का वध कर राम राज्य की स्थापना की। उन्होंने अपने जीवन में कभी मयार्दा नहीं तोड़ी इसलिए उन्हें मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के नाम से भी जाना जाता है।

# हरियाणा में रेलवे इलेक्ट्रिफिकेशन का 100 फीसदी काम हुआ पूरा

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**
**केंद्र** व हरियाणा में डबल ईंजन की सरकार द्वारा निरंतर किए जा रहे विकास कार्यों के सफलता में आज एक ओर आयाम जुड़ गया जब हरियाणा में शत -प्रतिशत रेलवे विद्युतीकरण का कार्य सफलतापूर्वक पूरा हो गया। इस उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा की तारीफ करते हुए कहा कि रेलवे इलेक्ट्रिफिकेशन होने से विकास के कई नए अवसर उपलब्ध होंगे। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ट्वीट कर हरियाणा में रेलवे इलेक्ट्रिफिकेशन का 100 फीसदी कार्य पूरा होने की जानकारी दी। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री और केंद्रीय रेल मंत्री का हरियाणावासियों की ओर से धन्यवाद किया।

# श्रीराम का आदर्श देता है मर्यादित जीवन जीने का संदेश : नवीन



**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़ प्रभु श्रीराम के** आदर्शों से हमें मर्यादित जीवन यापन का मार्गदर्शन प्राप्त होता है। प्रभु श्रीराम ने अपने जीवन में हर समय मयार्दा को बनाए रखा। यह बात भाजयुमो जिलाध्यक्ष नवीन बंटी ने सनातनी रक्षा दल द्वारा आयोजित भगवान श्रीराम की शोभा यात्रा में शिरकत करते हुए कही। कार्यक्रम में पहुंचे भाजयुमो जिलाध्यक्ष ने नवीन बंटी का आयोजकों ने पटका पहनाकर व फूलों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। भाजयुमो जिलाध्यक्ष नवीन बंटी ने जिलावासियों को रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान श्रीराम का जन्मदिन पर इसी दिन हुआ था । उन्होंने कहा कि भक्तों के दुख दूर करने को और दुष्टों का अंत करने के लिए भगवान श्रीराम त्रेता युग ने इसी दिनअवतरित हुए थे।
इस अवसर पर नवीन बंटी ने कहा कि हम सभी को भगवान श्रीराम द्वारा स्थापित किए गए धर्म के मार्ग का अनुसरण करते हुए जीवन मे सदैव मयार्दा के साथ आचरण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम के आदर्श मानव को मर्यादित जीवन का संदेश देते हैं।



# राहुल की सदस्यता रद्द होने पर एनएसयूआई आगबबूला

## कार्यकर्ताओं ने प्लेकार्ड पर ''लोकतंत्र की अर्थी'' लिखकर राहुल गांधी की सदस्यता रद्द होने का विरोध किया।



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
राहुल गांधी की लोकसभा से सदस्यता रद्द होने पर एनएसयूआई ने गुरुवार को सेंट्रल दिल्ली में विरोध प्रदर्शन किया है। एनएसयूआई के सदस्यों ने जमकर नारेबाजी भी की। कार्यकर्ताओं ने प्लेकार्ड पर ''लोकतंत्र की अर्थी'' लिखकर राहुल गांधी की सदस्यता रद्द होने का विरोध किया। इस विरोध प्रदर्शन को लेकर दिल्ली एनएसयूआई के अध्यक्ष कुणाल सहरावत ने कहा, हमने राहुल गांधी की सदस्यता रद्द होने पर शव यात्रा का आयोजन किया है। भाजपा शासित केंद्र उन लोगों को खत्म करने की कोशिश कर रहा है, जो उनके खिलाफ आवाज उठा रहे हैं।'

**गुजरात की अदालत ने ठहराया था दोषी:** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को पिछले सप्ताह गुजरात की एक अदालत ने आपराधिक मानहानि मामले में दोषी ठहराया था, इसके बाद ही राहुल गांधी की सदस्यता रद्द कर दी गई थी। इस फैसले के खिलाफ देशभर के कांग्रेस कार्यकताओं में रोष है। कांग्रेस के कार्यकताओं ने पूरे देश में कई जगहों पर विरोध प्रदर्शन किया है। राहुल गांधी की सदस्यता रद्द होने पर विपक्ष की कई पार्टियों ने विरोध जताया है।

**सदस्यता रद्द होने पर राहुल गांधी ने क्या कहा था ?:** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अयोग्य घोषित होने के बाद पार्टी मुख्यालय में एक प्रेस कान्फ्रेंस को भी संबोधित किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि कहा, ''मैं पहले भी कई बार कह चुका हूं कि देश में लोकतंत्र पर हमला हो रहा है। इसके उदाहरण हम आए दिन देख रहे हैं। मैंने संसद में पीएम मोदी और अदाणी के रिश्तों को लेकर सवाल पूछा,

**▶▶ पीएम मोदी के रिश्ते के बारे में बोला। अदाणी को नियमों में बदलाव करके एयरपोर्ट दिए गए**

लेकिन मुझे बोलने नहीं दिया गया।'' साथ ही राहुल गांधी ने कहा, ''मैंने कई बार बोला है कि हिन्दुस्तान में लोकतंत्र पर आक्रमण हो रहा है। इसके हमें रोज नए-नए उदाहरण मिल रहे हैं। मैंने संसद में सबूत दिए, अदाणी और पीएम मोदी के रिश्ते के बारे में बोला। अदाणी को नियमों में बदलाव करके एयरपोर्ट दिए गए, इस पर मैंने संसद में बात की। मैंने अदाणी पर केवल एक सवाल पूछा था। मैं सवाल पूछना जारी रखूंगा और भारत में लोकतंत्र के लिए लड़ूंगा।''

# नगर निगम ने जलाई स्वच्छता की मशाल

मथुरा। नगर वासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा बुधवार को मशाल जुलूस निकाला गया। जिसमें स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा सहभागिता करते हुए स्वच्छ वृंदावन का संदेश दिया गया। यहां बताते चलें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान को गति देते हुए नगर निगम प्रशासन द्वारा लगातार आम आदमी को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जन सहभागी कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं।इसी क्रम में बुधवार को मशाल जुलूस निकाला गया।विद्यापीठ चौराहे से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गो से निकला जिसमे कई स्वयंसेवी संस्थाओं ने सहभागिता की। अपर आयुक्त क्रांति शेखर सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम जीरो वेस्ट इवेंट की थीम पर आयोजित था।

# मुठभेड़ के दौरान बंजारा गिरोह के दो बदमाश गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/गाजियाबाद**
साहिबाबाद पुलिस ने गुरुवार को मुठभेड़ के दौरान बंजारा गैंग के दो कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनका एक साथी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की ओर से चलाई गई गोली से एक बदमाश घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एचसीपी साहिबाबाद भास्कर वर्मा ने बताया कि साहिबाबाद थाना पुलिस गुरुवार को लोधी रोड पर संदिग्ध लोगों के वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान सूचना प्राप्त हुयी की चेकिंग के दौरान करहैड़ा कट से बिना नम्बर की काले रंग की स्प्लेंडर मोटर साइकिल पर सवार तीन व्यक्ति नागद्वार की तरफ भागे हैं। पुलिस टीम ने नागद्वार पहुंच कर मोटर साइकिल से भाग रहे बदमाशों को घेरा। तो बदमाशों ने नागद्वार से राजीव कालोनी की तरफ जाने वाली सड़क पर मोटर साइकिल मोड़ दी। थोड़ा आगे चलकर मोटर साइकिल फिसल कर गिर जाने के कारण बदमाशों ने पुलिस पर तमंचे से

**▶▶ मुठभेड़ के दौरान पुलिस की ओर से चलाई गई गोली से एक बदमाश घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया**

फायर किया। जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की। इससे एक बदमाश के बायें पैर में गोली लग गयी। वह गिर गया। पुलिस ने उसे दबोच लिया। इसके बाद पुलिस ने उसके साथी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। जबकि एक बदमाश अन्धेरे का लाभ उठाकर मौके से फरार हो गया। पकड़े गये बदमाशों ने अपने नाम राजू उर्फ अकील और फरदीन बताए। भास्कर ने बताया कि दोनों बदमाश बंजारा गैंग के सदस्य हैं। थाना साहिबाबाद के दो अभियोगों में वांछित अभियुक्त हैं। अभियुक्त राजू उर्फ अकील पर दर्जनों अभियोग पंजीकृत हैं। उसमें अधिकतर नकबजनी, चोरी के हैं। घायल बदमाश अकील उर्फ राजू को तुरन्त प्राथमिक उपचार के लिए पीसी अस्पताल दाखिल किया गया। बदमाश आसिफ फरार हो गया है।

# परिवहन विभाग ने पुराने वाहनों को शुरू किया उठाना

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
परिवहन विभाग ने अपनी उम्र से अधिक पुराने वाहनों को उठाने और सीधे स्क्रैपिंग के लिए भेजने के लिए एक अभियान शुरू किया। प्रवर्तन विंग की कुल 10 टीमों ने 50 वाहनों को जब्त किया, जो 10 साल से अधिक पुराने (डीजल) और 15 साल पुराने (पेट्रोल) थे और सिविल लाइंस क्षेत्र में चल रहे थे या चलते हुए (सार्वजनिक स्थान पर खड़े) माने गए थे। विभाग ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य दिल्ली में वाहन मालिकों को आगे आने और अपने वाहनों को कबाड़ करने के लिए प्रोत्साहित करना था। विभाग ने एक प्रेस बयान में कहा, ''नई पहल के तहत, पुराने वाहनों को जब्त कर लिया जाएगा और अगर वे शहर की सड़कों पर चलते पाए जाते हैं या सार्वजनिक स्थानों पर पार्क किए जाते हैं, तो उन्हें सीधे स्क्रैपिंग यार्ड में भेज दिया जाएगा।'' एक अधिकारी ने कहा, ''10 वर्ष तक के डीजल वाहनों/15 वर्ष से कम पुराने पेट्रोल वाहनों के लिए एनओसी देश में किसी भी स्थान के लिए जारी किया जा सकता है। 10 वर्ष से अधिक के डीजल वाहनों और 15 वर्ष से अधिक के पेट्रोल वाहनों के लिए एनओसी कुछ शर्तों के अधीन अन्य राज्यों के लिए जारी की जाएगी।'' ''अगर वे दिल्ली में अपना वाहन चलाना चाहते हैं तो वाहन मालिकों के पास अपने 10 साल पुराने डीजल/15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों को इलेक्ट्रिक में बदलने का विकल्प होगा।''

# सीवर में सफाईकर्मी सहित दो युवकों की मौत

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया।**
**पानीपत** में बरसत रोड पर नूरवाला अड्डे के पास बृहस्पतिवार दोपहर को सीवर में एक सफाई कर्मचारी संदिग्ध हालातों में गिर गया। उस कर्मचारी को बचाने के लिए वहां से गुजर रहा एक युवक भी सीवर में चला गया लेकिन दोनों बाहर नहीं निकल सके। पुलिस व स्थानीय लोगों ने उन दोनों को किसी तरह सीवर से बाहर निकालाकर सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने उन दोनो को मृत घोषित कर दिया। मृतकों में सफाई कर्मचारी जयभगवान उर्फ काला के अलावा 25 वर्षीय युवक सुरेंद्र निवासी इंदिरा विहार कालोनी शामिल है। तहसील कैंप थाना पुलिस ने दयानंद की शिकायत पर सफाई सुपरवाईजर जसबीर व आईएमडी कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार दोपहर को नूरवाला अड्डे के पास सफाई कर्मी जय भगवान उर्फ काला सीवर की सफाई के लिए आया था। उसने जैसे ही मेन होल का ढक्कन खोला, तो वह सीवर से निकली जहरीली गैस के संपर्क में आने से बेसुध हो गया और सीवर के अंदर गिर गया। उसी दौरान वहीं से गुजर रहे युवक सुरेंद्र (25) ने उसको बचाने का प्रयास किया और वह जैसे ही सीवर के मेन-होल के नजदीक गया तो वह भी नीचे गिर गया। दोनो के सीवर में गिरने से मौके पर भीड़ एकत्रित हो गई और जेसीबी की मदद से खोद करके बेसुध हालत में बाहर निकाला गया। दोनो को सिविल अस्पताल में लेकर पहुंचे तो डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया गया। मृतक सफाई कर्मचारी जयभगवान के पिता दयानंद निवासी वाल्मीकि बस्ती नूरवाला का आरोप है कि ठेकेदार ने बिना सुरक्षा उपकरणों के जयभगवान को सीवर की सफाई के लिये उतार दिया गया और यदि सुरक्षा उपकरण दिये जाते तो जान नहीं जाती।



फोटोः 30 पीएनपी 4पी- पानीपत में बरसत रोड पर एक कर्मी को ऑक्सीजन सिलेंडर के साथ अंदर भेजते पुलिस।


**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव | G20

**सूचना**

एनआईटी संख्या सीपीएम–जीएसयू–एबीएसएस–डब्ल्यूटी–एनआईटी 05 से 08 L. No. द्वारा निविदा आमंत्रित करने के लिए प्रकाशित सीपीएम–जीएसयू– एबीएसएस–डब्ल्यूटी–एनआईटी–05 से दिनांक 22.03.2023, तकनीकी कारणों से वापस ले लिया गया है। उल्लिखित कार्यों के विरूद्ध संशोधित एनआईटी जारी किए जाएंगे। (NIT-CPM-GSU-ABSS-WT-NIT-05 to 08)

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 967/23

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना संः** 2023-मार्च-04 **कार्यालय मंडल रेल प्रबन्धक (कार्य) आगरा**
**दिनांकः** 29.03.2023 **ई-निविदा सूचना** **आगरा मंडल**

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेल आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये 'खुली निविदा' ई-टेण्डरिंग केवल ऑनलाइन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | निविदा सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू.) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2023-मार्च-04-01 | आगरा कैन्ट-राजा की मंडी के मध्य किमी 1344/14-16 पर नगला छौआ क्षेत्र में विद्यमान पुरानी पत्थर चिनाई की 2x0.91 मी. की पुलिया का आर.सी.सी. बॉक्स पुलिया से स्थानान्तरित स्थल पर बदलाव कार्य। | ₹ 32767016.12 |

निविदा को प्रस्तुत करने एवं निविदा के बारे में पूरी जानकारी के लिए भारतीय रेल की बेवसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। निविदायें केवल बेव पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से **दिनांक 20.04.2023 को 15:00 बजे** तक प्रस्तुत की जा सकती है। **477/23 (A)**

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR


# नौकरी लगवाने के नाम पर 4.25 लाख हडपने का लगाया आरोप

**मथुरा।** नौकरी लगवाने के नाम पर राजस्थान के दलाल ने अड़ीग के मजरा रामपुर के युवक से 4.25 लाख रुपये हड़प लिए। इसके बाद नौकरी लगवाने से पहले छह लाख रुपये की मांग की गई। रुपये न देने पर विवाद हो गया। पीड़ित ने कोर्ट के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ गोवर्धन थाने में केस दर्ज कराया है। सीओ गोवर्धन राम मोहन शर्मा नौकरी लगवाने के नाम पर रुपये हड़पने के मामले में कोर्ट के आदेश पर राजस्थान के इकरन के लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी। पीके उर्फ पीके सिंह निवासी अड़ीग मजरा रामपुर से प्रेम सिंह निवासी इकरन चिकसाना भरतपुर ने नौकरी लगवाने के लिए 10.25 लाख रुपये तय किए। आरोप है कि पीके ने 4.25 लाख रूपए प्रेम सिंह को दे दिए। इसके बाद नौकरी लगने से पूर्व छह लाख रुपये की मांग की गई। रुपये न देने पर दोनों में विवाद हो गया। प्रेम सिंह, विजयपाल, सत्यपाल, सुखपाल सहित दो अज्ञात व्यक्ति पीके के घर रामपुर पहुंचे। प्रेम सिंह आदि व्यक्तियों ने पीके के साथ मारपीट करते हुए तमंचा के बल पर खाली दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कराकर पांच हजार रुपए लूट कर फरार हो गए। पीके सिंह ने आरोपियों के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर गोवर्धन थाने में केस दर्ज कराया है।

# विदेश भेजने के नाम पर 100 लोगों से 20 करोड़ ठगी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**ऑस्ट्रेलिया,** यूक्रेन, कनाडा सहित अन्य देशों का वीजा और टिकट दिलाने के नाम पर भारत, नेपाल और बांग्लादेश के 100 से ज्यादा लोगों से 20 करोड़ ठगने वाले गिरोह का साइबर थाना पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने महिला मास्टरमाइंड सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान चीनू कथूरिया उर्फ अदिति उर्फ विक्रम रावत उर्फ रूपाली वर्मा उर्फ प्रिया शर्मा (45), पति नीरज कथूरिया (47) और साझेदार बलराज किशोर उर्फ पंकज उर्फ साहिल उर्फ अभय उर्फ मनोज चौधरी (40) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 13 लाख रुपये, 11 मोबाइल, 12 पासबुक, 27 एटीएम और कार बरामद की है। चार-पांच साल से आरोपी वारदात अंजाम दे रहे

**▶▶ लस ने आरोपियों के पास से 13 लाख रुपये, 11 मोबाइल, 12 पासबुक, 27 एटीएम और कार बरामद की है**

थे। पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त घनश्याम बंसल ने बताया कि 12 मार्च को टैगोर गार्डन निवासी मिराज कुमार ने वीजा और टिकट के नाम पर 20.33 लाख ठगे जाने की शिकायत साइबर थाने को दी थी। उन्हें ऑस्ट्रेलिया जाना था। फेसबुक पर उन्होंने विज्ञापन देखकर नीरज और अदिति से संपर्क किया। दोनों ने मिराज को फर्जी वीजा और टिकट थमाकर रकम ऐंठ ली। मामला दर्ज कर एसीपी रविंद्र अहलावत और इंस्पेक्टर दीपक छिल्लर ने जांच शुरू की। ठगी की रकम जिन खातों में आई थी, उनकी पड़ताल के बाद पुलिस सूरज विहार, द्वारका पहुंची। यहां से पुलिस ने दंपती को दबोच लिया, जबकि बलराज को महावीर एंक्लेव से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने अदिति के दफ्तर की तलाशी ली तो वहां से 13 लाख रुपये व अन्य सामान बरामद हुआ। सोशल मीडिया पर दर्जनों फर्जी अकाउंट बनाकर फंसाते थे। आरोपियों ने सोशल नेटवर्किंग साइट पर दर्जनों फर्जी अकाउंट बनाए हुए थे। इन पर यह विदेश भेजने और वीजा टिकट दिलवाने का झांसा देते थे। अदिति लोगों को फंसाती थी। पति नीरज ठगी की रकम को मैनेज करने के लिए बैंक खातों और सिमकार्ड का इंतजाम करता था। बलराज फर्जी वीजा और टिकट का इंतजाम करता था। आरोपियों ने 20 करोड़ से ज्यादा रकम ठगी है।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या- 15 वर्ष 2022-23**
अधोलिखित कार्यों के लिये मुहरबन्द खुली निविदायें भारत के राष्ट्रपति की ओर से, मंडल रेल प्रबन्धक (सिगनल एवं दूरसंचार), पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा आमंत्रित की जाती हैं :- **कार्यों का विवरणः 1.** अमृत भारत स्टेशन स्कीम के अन्तर्गत इज्जतनगर मंडल के छह स्टेशनों (बदॉयू, बहेढ़ी, किच्छा, लालकुऑ, काशीपुर एवं रामनगर) को विकसित करने हेतु सिगनल एवं दूरसंचार सम्बन्धी कार्य। **अनुमानित लागत : ₹ 5,87,25,119.31, बयाना राशि : ₹ 4,42,600.00,** कार्य समापन अवधिः **03 माह,** ई-निविदायें जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः **दिनांक 20.04.2023 को 11.00 बजे। •** पूर्ण विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दी गयी है। • सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहियें।

**मंडल सिगनल व दूरसंचार इंजीनियर/**
**मुजाधि/सिगनल-116** **इज्जतनगर**

**यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो0. 09794845955 पर SMS करें।**
**ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें**

**उत्तर रेलवे**
G20 | आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई–निविदा सूचना**

निविदा सं. 46225261–28.01.2023 के लिए भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए कार्यरत वरिष्ठ सामग्री प्रबंधक द्वारा ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण इस प्रकार है:–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | single bottle VCB Along with matching accessories of EMU/MEMU Coaches as per CLW spec no. CLW/ES/C-47 Alt. g or latest. |
| 2. | कार्य की अनुमानित लागत | 2,25,12000.000 |
| 3. | मात्रा | 96 Nos |
| 4. | निविदा की बोली प्रस्तुत (जमा) करने की तिथि एवं समय. | 20.04.2023 (11:00 Hrs.) |
| 5. | निविदा दस्तावेजो को खोलने की तिथि एवं समय | 20.04.2023 (11:00 Hrs.) |
| 6. | वेबसाइट की विवरण, जहाँ निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in |

**टिप्पणी (I)** ई–निविदा प्रणाली में शामिल होने के लिए निविदादाता को भारतीय रेल ई–प्रापण प्रणाली (IREPS) साइट अर्थात् **www.ireps.gov.in** पर पंजीकृत होना चाहिए। **(II)** सभी नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेजे देखें। **(III)** कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नही है।

**एनआईटी सं.– 46235020 दिनांक 29.03.2023** **959/2023**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# 'श्रीराम का जीवन उच्च आदर्श पूरी मानवता के लिए मार्गदर्शन और प्रेरणा का स्रोत'

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**
**प्रदेश के** विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि प्रतीक हैं, उनका आदर्श चरित्र हमें जीवन में आगे बढने और सदाचार रखने की प्रेरणा देता है। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जीवन, उनकी कर्तव्यनिष्ठा और उच्च आदर्श पूरी मानवता के लिए मार्गदर्शन और प्रेरणा के स्रोत हैं। कैबिनेट मंत्री बबली ने आज राम मंदिर टोहाना में प्रदेशवासियों को राम नवमी की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए सभी के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि रामनवमी पर क्षेत्र का चहुंमुखी विकास, नागरिकों के जीवन में खुशहाली एवं प्रसन्नता आए, यही मां दुर्गा और भगवान श्रीराम से कामना करता हूं।

उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम ने हमें सदचार, सहिष्णुता, दया और भाईचारे के मूल्यों को अनुकरण करने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि हम सभी को प्रभु राम के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में योगदान का संकल्प लेना चाहिए।


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
ए-15, जी टी करनाल रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, दिल्ली- 33
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# आप ने मोदी हटाओ-देश बचाओ पोस्टर अभियान की शुरूआत की




**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** आम आदमी पार्टी ने गुरुवार को देशभर में मोदी हटाओ देश बचाओ अभियान की शुरूआत की। करनाल में आम आदमी पार्टी प्रदेश प्रभारी और राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता और वरिष्ठ नेता अनुराग ढांडा ने सेक्टर-12 स्थित एक निजी रेस्टोरेंट में प्रेस वार्ता की और मोदी हटाओ देश बचाओ अभियान का आगाज किया। पोस्टर लगाने के दौरान भारी पुलिस बल की मौजूदगी रही। इस दौरान आम आदमी पार्टी के नेताओं के साथ हाथापाई की गयी और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। प्रदेश प्रभारी डॉ. सुशील गुप्ता और वरिष्ठ नेता अनुराग ढांडा को पार्टी कार्यकताओं के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद पुलिस लाइन में 29 के खिलाफ धारा 107/151 में मामला दर्ज कर लिया गया। आप कार्यकर्ता लोकतंत्र बचाओ और तानाशाही नहीं चलेगी आदि नारे लगाते रहे। करीब 25 मिनट तक चली खींचतान के बीच पुलिस ने तानाशाही दिखाते हुए आप कार्यकताओं को हिरासत में लेकर पुलिस लाइन ले गई। इस दौरान पुलिस और कार्यकताओं के बीच काफी गहमागहमी भी हुई। प्रेस वार्ता में डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि दिल्ली के अंदर मोदी हटाओ-देश बचाओ का पोस्टर लगा और हुकूमत थर्रा गई। अंग्रेजों के राज में भी कभी एक पोस्टर और एक पर्चे के लिए 138 एफआईआर नहीं हुई थी। उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई में हमारे स्वतंत्रता सेनानी हंसते-हंसते फांसी का फंदा चूम रहे थे। उनका सपना था कि जिस दिन हमारा देश आजाद होगा, अशिक्षा दूर होगी और भारत एक शिक्षित राष्ट्र बनेगा। देश के लोग इलाज के लिए नहीं भटकेंगे, नौजवानों को रोजगार मिलेगा, किसानों को फसल का उचित दाम मिलेगा। लेकिन, जहां.जहां प्रधानमंत्री मोदी गए, वहां-वहां अडानी का साम्राज्य विकसित करते रहे। एक व्यक्ति का विकास ही उनका सपना बनके रह गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के रहते आम जनता का विकसित भारत का सपना पूरा नहीं हो सकता। जब अंग्रेजों की हुकूमत थी, उस समय कोई पर्चा नहीं बांट सकता था, पेपर नहीं निकाल सकता था। भारत की आजादी के वीरों की आवाज को कुचलने के लिए उसी समय अंग्रेजों ने कानून बनाएं। आज फिर उन्हीं कानूनों का सहारा लेकर देश की आवाज को कुचला जा रहा। वरिष्ठ नेता अनुराग ढांडा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की नीतियां देश के खिलाफ हैं। मोदी हटेंगे तो देश बचेगा। इसलिए पूरे देश में आम आदमी पार्टी ने इस अभियान की शुरूआत की है। आज जनता की आवाज को दबाया जा रहा है। जनता की स्वतंत्रता छीनने की कोशिश की जा रही है। एक पोस्टर से तानाशाह डर गया है।

उन्होंने कहा कि आज देश के कोने-कोने में मोदी हटाओ, देश बचाओ के पोस्टर लगाए गए। देखते हैं कि उनकी एफआईआर, पुलिस और जेल में कितनी ताकत है। जब चप्पे-चप्पे पर मोदी हटाओ, देश बचाओ के पोस्टर लगेंगे, जेलें भर जाएगी। मगर मां भारती को बचाने के लिए सीना और हाथ कम नहीं होंगे। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता पूरे हरियाणा में मोदी हटाओ देश बचाओ के पोस्टर लगाएंगे। अनुराग ढांडा ने कहा कि देश को आजाद करवाने वाले क्रांतिकारी अपनी बात लोगों तक पहुंचाने के लिए पोस्टर लगाते थे। अंग्रेज उन्हें गिरफ्तार करते थे, जुल्म करते थे। वही सब आज पुलिस और सरकार कर रही है। आजादी की लड़ाई लड? वाले क्रांतिकारियों ने कभी नहीं सोचा था कि आजादी किसी भी वक्त दांव पर लग सकती है। उन्होंने कहा कि कानून के मामले में हरियाणा पुलिस 36वें नंबर पर हैं। प्रदेश की पुलिस पूरी रात एक्सरसाइज करती रही कि आप नेता पोस्टर न लगा सकें। उन्होंने कहा कि पोस्टर लगाना एक राजनीति नारा है। इससे मोदी सरकार को क्या डर है। उन्होंने कहा कि पुलिस और सरकार की बौखलाहट देखकर आप ने सभी कार्यकताओं को छूट दी है कि वे कहीं पर भी पोस्टर लगाएं। कोई अनुशासनहीनता की कार्रवाई नहीं होगी। आज पूरा देश केजरीवाल के साथ खड़ा है। वरिष्ठ नेता अनुराग ढांडा ने कहा कि देश के छात्रों की आवाज को देशद्रोही-आतंकवादी कहकर कुचला जा रहा है। आज देश में संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही है, विपक्ष की आवाज को कुचलने के लिए फर्जी मुकदमों में फंसाने की कोशिश की जा रही है। इससे पहले भी देश के किसानों के ऊपर जबरदस्ती तीन काले कानून लगाए गए, किसानों ने एक साल आंदोलन किया।

# सेफ रक्तदान शिविर मे 130 यूनिट रक्त हुआ इकट्ठा



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**सोनीपत** की अग्रणी समाज सेवी संस्था सेफ इंडिया फाउंडेशन ने इंडस्ट्रीयल एरिया सोनीपत मे कॉम्बिटेक ग्लोबल के सहयोग से रामनवमी के अवसर पर जरूरतमंद लोगो की मदद करने के लिए रक्तदान शिविर लगाया, इस शिविर मे 130 यूनिट रक्त लायंस ब्लड बैंक की टीम द्वारा इकट्ठा किया तथा साथ मे लगभग 500 मजदूरों के ब्लड ग्रुप की भी मुफ्त मे जाँच की गई, कॉम्बिटेक ग्लोबल के एम डी पावेल गर्ग ने बताया की सेफ इंडिया फाउंडेशन के साथ मिलकर यह शिविर हर साल रामनवमी के दिन लगाया जाता है। इस कैंप का उद्घाटन भाजपा नेता राजीव जैन द्वारा किया गया, मेयर निखिल मदान,सेफ इंडिया के प्रधान संजय सिंगला,शशांक गर्ग, शिवांक गर्ग,प्रवीण वर्मा, मास्टर दिलबाग, पहलवान हवा सिंह आँतील,आशीष, माँ रक्तवाहिनी के रविन्दर शर्मा, नरेंदर हुड्डा आदि ने भी कैंप मे रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया

## न्यूज फ्लैश

### 30 साल से ऊपर की उम्र के लोगों की स्क्रीनिंग

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** स्वास्थ्य विभाग ने केंद्र सरकार को आदेश दिये है कि 30 साल से ऊपर की उम्र के लोगों की स्क्रीनिंग की जाए ताकि घातक बीमारियों का पता चल सके। जिसमे चौका देने वाले आंकड़े सामने आए हैं। इसमे अंबाला ,पंचकूला व यमुनानगर का अकेला आंकड़ा 14 फीसदी लोग है जिनमे डायबिटीज की बीमारी पायी गयी है जो कि अंतराष्ट्रीय फैलाव आंकड़ों से बहुत ज्यादा है। वहीं हरियाणा व पंजाब की बात करें तो भी यह आंकड़ा 14 फीसदी पर ही है जो भी काफी ज्यादा है और चिंताजनक है। सिविल सर्जन कुलदीप सिंह से इस पर बात की गई तो पता चला कि स्वास्थ्य विभाग ने ग्रामीण इलाकों में 5 लाख लोगों के टेस्ट किये जिनकी उम्र 30 साल से ऊपर है। वहीं इस साल 1 लाख 80 हजार लोगों के टेस्ट किये गए जिनमे 14 फीसदी लोगों में डायबिटीज यानी मधुमेह की बीमारी पाई गई। वहीं अभी शहरी इलाकों में स्क्रीनिंग शुरू की गई है जिसके आंकड़े आना अभी बाकी है। स्वास्थ्य विभाग का कहना है डायबिटीज का कारण स्ट्रेस व हमारा खान पान है। हम सीजनल हरी सब्जियां छोड़ फास्ट फूड की तरफ भाग रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इसके लिए कदम उठाए जा रहे हैं लोगों की स्क्रीनिंग की जा रही है और उन्हें दवाएं भी उपलब्ध करवाई जा रही है।

### बहु ने ससुराल वालों को पिटवाया, मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** जिले में बहू ने मायके वालों को ससुराल बुला पति, सास और ससुर की बुरी तरह से पिटाई करा दी। हमले में घायल हुए पति-पत्नी और बेटे का चौड़मस्तपुर में प्राथमिक उपचार कराया गया है। मामला नग्गल थाना एरिया के अंतर्गत आने वाले गांव सौटा का है। पुलिस ने बहू के पिता और 2 भाइयों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। गांव सौटा निवासी सुखविंदर कौर ने बताया कि बुधवार से उसका बेटा-बहू दोनों त्रिलोकपुर माता रानी पर गए हुए थे। रास्ते में बहू बाइक से गिर गई, जिसकी वजह से बहू को काफी चोटें आई, जिसके चलते उसका बेटा अपनी पत्नी को अपनी बहन के घर गांव दिनारपुर ले गया। महिला ने बताया कि वहां उसके बेटा-बहू में बहस शुरू हो गई। बहू ने अपने मायके वालों को कॉल करके बुला लिया। उसका बेटा बहू को लेकर वापस अपने घर सौटा आ गया। इसी बीच, बहू के पिता फूल सिंह, भाई प्रवीण कुमार व मोसेरा भाई कुलदीप सिंह गाड़ी लेकर उसके घर पहुंच गए। पीड़िता ने बताया कि आते ही डंडों और तेजधार हथियारों से हमला बोल दिया। तीनों ने उनके साथ खूब मारपीट की। उसके बेटे और पति को भी बुरी तरह से पीटा। महिला ने बताया कि हमलावरों ने उनकी एक बात नहीं सुनी और न ही किसी गांव के मौजिज व्यक्ति को बुलाया। इसके बाद तीनों अपनी बेटी को अपने साथ लेकर यहां से चले गए। नग्गल थाना पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 323, 324, 34 और 452 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ग्रामीण चौकीदार को 12 प्रतिशत की दर से मिलेगा कर्मचारी भविष्य निधि का लाभ

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** हरियाणा सरकार ने ग्रामीण चौकीदार को कर्मचारी भविष्य निधि का लाभ देना शुरू कर दिया है। कर्मचारी भविष्य निधि का लाभ मिलने से ग्रामीण चौकीदार का आने वाला भविष्य सुरक्षित हो सकेगा। ग्रामीण चौकीदार को 12 प्रतिशत की दर से लाभ मिलेगा और जरुरत के किसी भी समय पैसे निकलवा सकेगा। ग्रामीण चौकीदार चौकीदार सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला अम्बाला के अध्यक्ष हरजिन्द्र सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने ग्रामीण चौकीदार की वर्षों पुरानी मांग को पूरा किया है। ईपीएफ का लाभ देने की खुशी में ग्रामीण चौकीदार सभा का शिष्टमंडल दिनांक 4/04/23 दिन मंगलवार को हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के निवास स्थान चण्डीगढ़ में पहुँच कर सी.एम. साहब को पगड़ी से सम्मानित करेगा और उनका मुंह मीठा करवायेगा और उनके द्वारा किये कार्यों का गुणगान करेगा। इस अवसर पर जिला सचिव करतार चंद, खजांची अमरजीत सिंह, जिला उपाध्यक्ष संदीप कुमार, सुखदेव सिंह ,जय सिंह आदि चौकीदार मौजूद रहे।

### निजी स्कूलों में मुफ्त दाखिले के लिए 10 अप्रैल तक कर सकेंगे आवेदन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** शिक्षा का अधिकार कानून के तहत प्राइवेट स्कूलों में एडमिशन के लिए शिक्षा विभाग ने एडमिशन प्रक्रिया फिर से शुरू कर दी है। 29 मार्च से 10 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकेगा जिन बच्चों को पूर्व में आरटीई के तहत एडमिशन मिल चुका है, वे फिर से आवेदन नहीं कर सकेंगे। जिन्होंने एडमिशन के लिए आवेदन किया, लेकिन प्रवेश नहीं मिल पाया है, वो आवेदन कर सकते हैं। प्रारम्भिक शिक्षा निदेशक गौरव अग्रवाल की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार अभिभावक 29 मार्च से 10 अप्रैल तक ऑननलाइन आवेदन होंगें। इसके बाद ऑननलाइन लॉटरी 12 अप्रैल को एनआईसी की ओर से जारी की जाएगी। 12 से 20 अप्रैल तक अभिभावक ऑननलाइन रिपोर्टिंग कर सकेंगे। 12 से 28 अप्रैल तक विद्यालय आवेदन पत्रों की छानबीन करेगा। इसके बाद 12 से 5 मई तक अभिभावक अपने रिकार्ड को सुधार सकेगा। अगर कोई गलत डॉक्यूमेंट दिया है या नहीं दिया है तो उसे जोड़ सकेगा। 19 अप्रैल से 20 मई को सीबीईओ जांच करेंगे। 23 मई को ऑटो वेरिफाइड किया जाएगा। 24 मई को एनआईसी की ओर से आरटीई सीट्स का चयन किया जाएगा। दरअसल, ये चयन सशुल्क सीट्स के आधार पर होगा। प्रत्येक निजी स्कूल में तीन सुशल्क स्टूडेंट्स के बाद चौथे स्टूडेंट्स का एडमिशन आरटीई के तहत होगा। इसके लिए सभी स्कूल को सबसे पहले 28 मार्च तक अपनी प्रोफाइल अपडेट करनी होगा।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
मो. नं. : 9991270143

# रामनवमी पर कलवेहडी में हुई पांच दिवसीय शिविर की शुरूआत



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** राम नवमी के अवसर पर मेरा मिशन स्वस्थ भारत द्वारा कलवहेड़ी में पांच दिवसीय योग शिविर का आगाज किया गया। मिशन के संस्थापक दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में शिविर का आयोजन लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए सफलतापूर्वक किया गया, जिसमें बहुत से लोगों ने पहुंचकर योगाभ्यास किया। उन्होंने मौजूद साधकों को सूक्ष्म क्रियाओं को विधिपूर्वक और उनके लाभ बताते हुए अभ्यास करवाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वयं को रोग मुक्त रखने के लिए योग ही एकमात्र सफल साधन है। आहार का संतुलन, व्यवस्थित दिनचर्या और मनोबल में दृढ़ता, यह सभी स्वस्थ बने रहने के लिए अनिवार्य है।

# एसडी पीजी कॉलेज में दो दिवसीय कांफ्रेंस का हुआ समापन

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
एसडी पीजी कॉलेज में उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा द्वारा प्रायोजित आधुनिक विज्ञान और प्रोद्योगिकी में नये रुझान विषय पर चलने वाली दो दिवसीय राष्ट्रीय कांफ्रेंस का समापन बृहस्पतिवार को मुख्य अतिथि प्रो पवन शर्मा डीन,रिसर्च एंड डेवलपमेंट कुरुक्षेत्र विश्वविधालय कुरुक्षेत्र ने किया। प्रातःकालीन सत्र के मुख्य अतिथि प्रो संजीव अग्रवाल प्रोफेसर भौतिकी विभाग एवं निदेशक अयन बीम सेंटर कुरुक्षेत्र विश्वविधालय कुरुक्षेत्र ने की और आयन बीम का पदार्थों की सतह संशोधन में प्रयोग विषय पर व्याख्यान दिया। मेहमानों का स्वागत एसडी पीजी कॉलेज प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा, प्रो



राकेश सिंगला और डॉ प्रवीन कत्याल ने पुष्प रोपित पौधे और शाल भेंट कर किया। कांफ्रेंस के दूसरे दिन की शुरूआत शोध पत्रों की प्रस्तुति से हुई। मंच का संचालन डॉ प्रियंका चांदना ने और माननीय मेहमानों का जीवन परिचय डॉ प्रियंका चांदना और डॉ चेतना नरूला ने प्रस्तुत किया। दो दिवसीय नेशनल कांफ्रेंस में भौतिकी, वनस्पति शास्त्र, प्राणी शास्त्र, रसायन शास्त्र,अभियांत्रिकी और तकनीकी, गणित और कंप्यूटर साइंस जैसे विषयों पर गंभीर मंथन और विचार-विमर्श कर नए विचारों और सिद्धांतों को प्रतिपादित किया गया। कांफ्रेंस में प्रदेश और देश के अलग-अलग राज्यों के लगभग 500 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और अपने विषय के विविध शोध पत्र प्रस्तुत किये। कांफ्रेंस के समापन पर शिक्षकों, विद्यार्थियों और शोधकताओं को सर्टिफिकेट्स वितरित किये गए। कांफ्रेंस में संगठन सचिव की भूमिका भौतिकी में डॉ बलजिंद्र सिंह, डॉ रेखा रानी, डॉ चेतना नरूला, डॉ रेणु गुप्ता एव डॉ बिंदु, गणित में प्रो संजय चोपड़ा, आईक्यूएसी में डॉ राकेश गर्ग, रसायन शास्त्र में प्रो मयंक अरोड़ा, प्रो प्रवीण कुमारी एवं डॉ प्रोमिला,जीवन विज्ञान में डॉ रवि कुमार एवं डॉ राहुल जैन और कंप्यूटर साइंस में प्रो सतीश अरोड़ा ने निभाई। इनके साथ परामर्श समिति में प्रो राकेश सिंगला, प्रो मुकेश गुप्ता, डॉ प्रवीण कत्याल, प्रो प्रवीण आर खेरडे, डॉ मुकेश पुनिया औरडॉ प्रियंका चांदना शामिल रहे।

# धर्मार्थ सेवा समिति की तरफ से तारानगर में किया गया विशाल भंडारे का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**हर साल की** भांति इस साल भी चांदनी धर्मार्थ सेवा समिति की तरफ से माता वैष्णो देवी मंदिर जिसकी प्रधान मैडम चांदनी है। इस साल भी तारानगर मंदिर में आज राम नवमी के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इससे पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती कविता जैन, पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन, प्रमुख समाज सेविका पायल गुप्ता के साथ मिलकर मंदिर में आकर कन्या पूजन किया और उन्हें दान दक्षिणा देकर उनसे माता रानी का



आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर महिला मंडल की प्रधान श्रीमती राजबाला, मधु, कांता, गीता, मंजू, पाशवंती, कुसुम, किरण तथा अन्य सैकड़ों कॉलोनीवासी मौजूद रहे। प्रधान मैडम चांदनी ने कहा कि जल्द ही इस मंदिर में मूर्तियों प्रतिष्ठा की की जाएगी। पूर्व कैबिनेट मंत्री व प्रधान चांदनी मैडम ने राशन वितरित किया। मैडम चांदनी ने संत तथा महा राजगणों को भी सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# गुरूवार को मिले कोरोना से संक्रमित 04 पोजिटिव केस: उपायुक्त

**सोनीपत:** उपायुक्त ललित सिवाच ने बताया कि गुरूवार को जिला में कोरोना से संक्रमित 04 नया पोजिटिव केस मिले हैं। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी कोरोना रिपोर्ट के अनुसार बताया कि अब जिला में कोरोना वायरस के पोजिटिव मामलों का कुल आंकड़ा 59925 हो गया है।

उपायुक्त ने कहा कि जिला में कोरोना से मरने वाले मरीजों की संख्या 277 हो गई है। अब तक जिला में 59 हजार 639 कोरोना मरीजों को ठीक होने के उपरांत डिस्चार्ज किया गया है। उपायुक्त ने कहा कि जिला में अब 09 कोरोना एक्टिव केस है।

# किसान भवन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे है कुछ लोग: सुधीर



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) जिला पानीपत के पदाधिकारियों ने बृहस्पतिवार को सेक्टर 25 स्थित सर्व जातीय पंचायत के कार्यालय में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें भाकियू जिलाध्यक्ष सुधीर जाखड़ ने कहा कि पिछले लगभग 40 सालों से बने हुए पानीपत के किसान भवन पर कुछ लोग कब्जा करने की मंशा पाले हुए हैं और इस षडयंत्र को कार्यकाल बढ़वाने के नाम पर सफल करना चाहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके लिये इसके लिये मौजूदा प्रधान जिम्मेवार है। जाखड़ ने बताया कि पिछले कई दशकों से किसान भवन का प्रधान हर बार जिला के अलग-अलग ब्लॉकों से 2-2 साल के लिये बनते आ रहे है लेकिन मौजूदा प्रधान कायार्काल को बढ़वाकर पांच साल करना चाहते है। इसलिये पानीपत जिला के किसान इसका विरोध करते है और

**▶▶ भवन का प्रधान हर बार जिला के अलग-अलग ब्लॉकों से 2-2 साल के लिये बनते आ रहे है**

किसी भी हालत में कुछ लोगों की किसान भवन पर कब्जा करने की मंशा पुरी नहीं होने देंगे। सुधीर जाखड़ ने कहा कि किसान भवन पानीपत में 1 अप्रैल को किसान महापंचायत बुलाई गयी है, जिसमें भारी संख्या में लोग भाग लेंगे और इसका विरोध किया जायेगा। इस मौके पर भाकियू लीगल सेल के अध्यक्ष एडवोकेट संदीप सिंहरोहा, पूर्व सरपंच रिंकू मालपुर, जिला संगठन सचिव रामबीर झट्टीपुर, युवा जिला अध्यक्ष नदीम गुर्जर, जिला पार्षद प्रतिनिधि जस्सा कादियान, ब्लॉक समिति सदस्य प्रतिनिधि निशान बिंझौल, जिला सचिव राजू मलिक, मराठा भीम सिंह आदि किसान यूनियन के पदाधिकारी मौजूद रहें।

# नशा तस्करों के खिलाफ की जा रही सख्त कार्यवाही

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
जिला पुलिस द्वारा ड्रग्स के कारोबार में संलिप्त नशा तस्करों के खिलाफ लगातार सख्त कार्यवाही की जा रही है। करनाल पुलिस समय-समय पर नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में प्रतिबंधित मादक पदार्थों को बरामद कर नशे के कारोबार पर अंकुश लगा रही है। इसके अलावा नशा तस्करों द्वारा नशा तस्करी में संलिप्त रहते हुए अवैध नशा तस्करी के मुनाफे से कमाई गई चल व अचल सम्पत्ति को भी फ्रीज करके आर्थिक तौर पर आरोपियों की कमर तोड रही है।

एसपी गंगाराम पूनिया ने बताया कि इसी क्रम में जिला पुलिस द्वारा एक और



आरोपी की करोडों रुपए की चल व अचल सम्पत्ति को कन्फर्म फ्रीज करवाने में कामयाबी हासिल की है। थाना इन्द्री प्रबंधक निरीक्षक विनोद कुमार व उनकी टीम द्वारा आरोपी केहर सिंह पुत्र राजा राम वासी धन्तौडी जिला कुरूक्षेत्र की करीब पांच करोड रुपए की चल व अचल सम्पत्ति को कन्फर्म फ्रीज करवाने में कामयाबी हासिल की है। आरोपी की चल व अचल सम्पत्ति में आरोपी के तीन घर, एक ट्रैक्टर, एक एसयूवी महिन्द्रा गाडी और करीब 57 कनाल (करीब 7 एकड) जमीन को कन्फर्म फ्रीज करवाया गया है। एसपी ने बताया कि आरोपी की यह जमीन जिला यमुनानगर व कुरुक्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर मौजूद है। इस कार्यवाही के बाद आरोपी फ्रीज सम्पत्ति को ना तो किसी व्यक्ति को बेच सकता है, ना ही किसी के नाम स्थानांतरित कर सकता है और ना ही किसी व्यक्ति व संस्था को उपहार या गिफ्ट में दे सकता है। यह कार्यवाही एनडीपीएस एक्ट की धारा 68एफ के प्रावधानों के तहत करवाई गई है। इस कार्यवाही के लिए कम्पीटेंट अर्थॉरिटी, दिल्ली को लिखित में भेजा गया था। कम्पीटेंट अर्थॉरिटी दिल्ली द्वारा उक्त सम्पत्ति को फ्रीज करने के आदेश पारित किए गए हैं। इस फैसले के खिलाफ अपील करने के लिये कम्पीटेंट अर्थॉरिटी द्वारा आरोपियों को 45 दिन का समय दिया गया है। अगर आरोपी इस दौरान अपनी अपील दाखिल करता है तो कम्पीटेंट अर्थॉरिटी द्वारा द्वारा उसे सुना जायेगा अन्यथा फ्रीज सम्पत्ति को भारत सरकार अपने कब्जे में लेकर आगामी कार्यवाही करेगी।

# सरसों खरीद में आ रही समस्याओं को डिप्टी सीएम के संज्ञान में लाए

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
पानीपत अनाज मंडी में सरसों की फसल लेकर आए हुए किसानों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि हमारी सरसों की फसल पूरी तरीके से खरीदी नहीं जा रही। जिसके कारण उनको काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वही इन सब के लिए सरकारी अधिकारी व कर्मचारी जिम्मेदार है। जिन्होंने फसल के ब्योरे की सही से संबंधित रिपोर्ट नहीं बनाई। किसान सरसों की फसल को लेकर पानीपत अनाज मंडी में पहुंचे थे लेकिन सरसों की फसल खरीदने के साथ-साथ बची हुई सरसों की फसल को वापस लेकर जाना पड़ रहा है, क्योंकि आधी अधूरी सरसों की फसल पूर्ण तरीके से पोर्टल पर चढ़ाई नहीं गई है। इससे किसानों में सरकार के प्रति नाराजगी बनी हुई है। वहीं बृहस्पतिवार को अनेकों किसानों ने जजपा के प्रदेश संगठन सचिव देवेंद्र कादियान को इस समस्या से अवगत करवाया तो देवेंद्र कादियान ने इस पूरे मामले की जिला उपायुक्त को शिकायत की गई है। उन्होंने कहा कि इस मामले में जिसकी भी लापरवाही सामने आएगी उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। किसानों को किसी भी तरीके से परेशान नहीं होने दिया जाएगा।

# मौसम परिर्वतन के संकेत, दी गई चेतावनी

**एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल**
मौसम प्रणाली सशक्त पश्चिमी विक्षोभ का असर साफ तौर पर हरियाणा एनसीआर दिल्ली पर दिखाई दे रहा है।जिसकी वजह से सम्पूर्ण इलाके में तेज गति की हवाएं अंधड़ और साथ ही साथ हल्की से मध्यम बारिश और गरज चमक के साथ एक दो स्थानों पर ओलावृष्टि की गतिविधियों को दर्ज किया गया है। राजकीय महाविद्यालय नारनौल के पर्यावरण क्लब के नोडल अधिकारी डॉ चंद्रमोहन ने बताया कि वर्तमान परिदृश्य में एक सशक्त पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर सक्रिय होने से चक्रवातीय सरकुलेशन उत्तरी राजस्थान पर बना हुआ है जिसकी वजह से अरब सागर से प्रचुर मात्रा में नमी मिलने की वजह से इस मौसम प्रणाली को मजबूती मिल रही है।

# मैनूं मईया दे दर ते पहुंचा दे वे गल सुन ड्राइवरा... पर झूमे श्रद्धालु

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**नवरात्रों** के उपलक्ष्य में बैंक कालोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान कुटिया में मां भगवती की चौकी का आयोजन किया गया। माता रानी की चौकी में बिन्दु सचदेवा संकीर्तन मंडल ने महामाई का गुणगान किया। उनके भजनों पर श्रद्धालु जमकर झूमे। मैनू मईया दे दर ते पहुंचा दे वे गल सुन ड्राइवरा, ऊचियां पहाडि?ां ते गड्डी तू चलाई वे, छेती छेती मईया दे दर तू पहुंचाई वे। लोड़ पई ता मंगा गे, नहीं ता शुक्र मनावांगे गाकर सभी को भाव विभोर कर दिया। चौकी में माता के भजनों पर श्रद्धालु खूब झूमे।



श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक मां की जोत प्रचंड की। मां का चोला अर्पण किया गया। मां की आरती एवं माता का श्रृंगार भी किया गया। मिंटू मुंजाल ने मइया चली आना के जी न लगे, शेरांवाली चली आना के जी न लगे, सारा जग है बेगाना के जी न लगे। चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है, भजन पर सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर बैंक कालोनी सहित आसपास के क्षेत्र से भी श्रद्धालुओं ने पहुंचकर माता रानी का आशीर्वाद लिया।

## संपादकीय

# वाहनों की स्क्रैप पालिसी से कम होगा प्रदूषण

**उत्तर** प्रदेश में केंद्र सरकार की व्हीकल स्क्रैप पालिसी को पूरी तरह से लागू करने की तैयारी चल रही है। इसे देखते हुए उत्तर प्रदेश की सड़कों पर दौड़ने वाले 15 वर्ष से अधिक पुराने वाहनों को कबाड़ घोषित किया जाएगा। एक अप्रैल 2023 से 15 वर्ष से अधिक पुराने वाहनों को कबाड़ में भेजे जाने की तैयारी है। लिहाजा केंद्र सरकार के सड़क परिवहन मंत्रालय ने ड्राफ्ट नोटिफिकेशन जारी किया है। नया नियम निगमों और परिवहन विभाग की बस एवं अन्य गाड़ियों के लिए भी अनिवार्य होगा। सड़क परिवहन मंत्रालय की मंशा के अनुरूप उत्तर प्रदेश सरकार 15 वर्ष से ऊपर के निजी वाहनों के साथ-साथ विभागों में लगे पुराने वाहनों को भी स्क्रैप में बदलने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। सरकार ने यह निर्णय निरंतर बढ़ते प्रदूषण को कम करने के लिए लिया है। पर्यावरणीय प्रदूषण को देखते हुए वित्त मंत्री ने आम बजट 2021-22 में पुराने वाहनों को सड़कों से हटाने के लिए स्क्रैप पालिसी की घोषणा की थी। ध्यातव्य है कि देश में एक करोड़ से अधिक वाहन ऐसे हैं जो आम वाहनों की तुलना में 10 से 12 गुणा अधिक प्रदूषण फैलाते हैं। स्क्रैप पालिसी से गाड़ियों की वजह से होने वाले प्रदूषण में 25 से 30 प्रतिशत की कमी होगी। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय का कहना है कि स्क्रैप पालिसी से पर्यावरण को अधिक नुकसान पहुंचाने वाले वाहनों की संख्या में कमी आएगी। अनुमान है कि वाणिज्यिक वाहन, जो कुल वाहन बेड़े का लगभग पांच प्रतिशत हैं, प्रदूषण में लगभग 65-70 प्रतिशत तक का योगदान देते हैं। वर्ष 2000 से पहले निर्मित वाहन कुल बेड़े का एक प्रतिशत हैं, लेकिन कुल वाहनों के प्रदूषण में इनका योगदान लगभग 15 प्रतिशत है। इनकी तुलना यदि आधुनिक वाहनों से करें तो पुराने वाहन 10 से 15 गुना अधिक प्रदूषण उत्सर्जित करते हैं। सार्वजनिक परिवहन को प्रोत्साहनः उल्लेखनीय है कि स्क्रैप पालिसी के पीछे सरकार की मंशा निजी वाहनों की बढ़ती संख्या को कम करना और सार्वजनिक परिवहन के अधिक से अधिक उपयोग पर बल देना है। आज स्थिति यह है कि देश में बड़ी संख्या उन लोगों की है जो अपने निजी वाहनों से चलना पसंद करती है। ऐसे लोग ट्रेन या बसों में यात्रा करने से परहेज करते हैं। कुल यात्रियों की तुलना में सार्वजनिक परिवहन के माध्यम से यात्रा करने वालों की संख्या निरंतर कम होती जा रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 1994 में जहां भारत के सभी बड़े शहरों में 60 से 80 प्रतिशत नागरिक सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करते थे, वहीं यह संख्या 2019-20 में घटकर 25-35 प्रतिशत पर पहुंच गई थी। वर्तमान में यह संख्या और कम हुई होगी, क्योंकि कोरोना महामारी के बाद अधिकांश सक्षम लोगों ने निजी वाहन खरीदने को प्राथमिकता दी है। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट (सीएसई) की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, 10 किलोमीटर की यात्रा बस से करने में औसतन एक व्यक्ति द्वारा 0.01 ग्राम पर्टिकुलेंट मैटर (पीएम) उत्सर्जित होता है। जबकि उतनी ही दूरी यदि कार से तय की जाए तो उससे 0.08 ग्राम यानी आठ गुना और दोपहिया वाहन से 0.1 ग्राम यानी दस गुना अधिक पर्टिकुलेंट मैटर उत्सर्जित होता है।

# देश की जल मांग उपलब्ध आपूर्ति की तुलना में होगी दोगुनी



सुनील कुमार महला

"यूएनओ यानी कि संयुक्त राष्ट्र संघ ने अपनी वार्षिक वर्ल्ड वाटर डेवलपमेंट रिपोर्ट में यह कहा है कि पानी के उपयोग(यून ऑफ वाटर) के तरीकों और प्रबन्धन(मैनेजमेंट) में कमियों के कारण वर्ष 2030 तक दुनिया को जल संकट का सामना करना पड़ सकता है। हमारे देश में(जैसा कि हमारे देश की खेती मानसून का जुआ कहलाती है) अधिकांश फसलें भूजल के भरोसे होती हैं। वर्तमान परिवेश में बढ़ते शहरीकरण, पाश्चात्यीकरण, आधुनिकीकरण, औद्योगिकीकरण, कृषि मशीनीकरण और वैज्ञानिक प्रगति, विकास की वजह से भूजल पर लगातार दबाव बढ़ता जा रहा है। दूसरी तरफ ग्लोबल तापक्रम बढ़ने से मृदा सतह से वाष्पन व पौधों की वाष्पोत्सर्जन दर में वृद्धि होती है, जिसके परिणामस्वरूप भूमि में नमी की कमी होने से भूजल स्तर भी प्रभावित होता है"

**रहीम** जी ने पानी के बारे में कहा है-रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून। पानी गये न उबरे मोती,मानुस, चून। पानी जिंदगानी है। इसलिए पानी का संरक्षण अति आवश्यक व जरूरी है। 22 मार्च को जल संरक्षण की दिशा में ही हम सभी वर्ल्ड वाटर डे(विश्व जल दिवस) मनाते हैं। बताना उचित होगा कि

साल 2010 में यूनाइटेड नेशन्स ने सुरक्षित और स्वच्छ पेयजल एवं स्वच्छता के अधिकार को मानव अधिकार के रूप में मान्यता दी थी। भूजलः अदृश्य को दृश्यमान बनाना या गायब होते भूजल को पुनः बहाल करना विश्व जल दिवस 2022 का विषय रखा गया था। इस साल विश्व जल दिवस 2023 की थीम अक्सेलरेटिंग चेंज यानी कि परिवर्तन में तेजी रखी गयी है। इस वर्ष 2023 में जल दिवस को बी द चेंज अभियान के तहत मनाया जायेगा। वास्तव में, जल दिवस को मनाये जाने का मुख्य उद्देश्य विश्व के सभी देशों में स्वच्छ एवं सुरक्षित जल की उपलब्धता सुनिश्चित करवाना है साथ ही जल संरक्षण के महत्व पर भी ध्यान केंद्रित करना है।आंकड़े बताते हैं कि आज विश्व के 1.6 अरब लोगों को पीने का शुद्ध पानी नही मिल रहा है।इंटरनेशनल ग्राउंड वाटर रिसोर्स असेसमेंट सेंटर (आइजीआरसी) की एक रिपोर्ट के अनुसार पूरी दुनिया में 270 करोड़ लोग ऐसे हैं जो पूरे एक साल में 30 दिन तक पानी के संकट से जूझते हैं। आज धरती पर एक प्रतिशत से भी कम पानी ही उपयोग योग्य और उपलब्ध ताजा पानी है। आज दुनिया के ज्यादातर इलाकों में पानी की गुणवत्ता में गंभीर प्रदूषण के कारण से लगातार कमी आ रही है और साफ पानी में रहने वाले जीवों की प्रजातियों की विविधता और पारिस्थितिकी को तेजी से नुकसान पहुंच रहा है।जानकारी देना चाहूंगा कि पानी की जंग को खत्म करने और जल संकट को दूर करने के लिए संयुक्त राष्ट्र ने 1992 में रियो डि जेनेरियो के अपने अधिवेशन में 22 मार्च को विश्व जल दिवस के रुप में मनाने का निश्चय किया था। जानकारी देना चाहूंगा कि जल एक बहुमूल्य संसाधन है, जिससे जीवन संभव होता है। इसीलिए यह कहा जाता है कि जल ही जीवन है। जल के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। जल धरती के समस्त जीव-जंतुओं, पेड़-पौधों व वनस्पतियों के लिए अत्यंत आवश्यक तत्व है।इसलिए जल की बूंद बूंद को बचाया जाना अथवा इसका



संरक्षण किया जाना अति आवश्यक है। जल की महत्ता का अंदाजा केवल इस बात से ही लगाया जा सकता है कि यूएनओ ने वर्ष 2013 को विश्व जल वर्ष के रूप में मनाया था। आज भारत ही नहीं बल्कि विश्व के अनेक देश जल की समस्या से जूझ रहे हैं और जल को लेकर अब यहाँ तक कहा जाने लगा है कि यदि तृतीय विश्व युद्ध होता है तो वह पानी या जल के लिए ही होगा,क्यों कि आज जल का असीमित, अविवेकपूर्ण उपयोग किया जा रहा है। आज जल के बारे में हम सभी की एक बहुत ही सामान्य सी सोच यह है कि जल कभी भी न समाप्त होने वाला पृथ्वी पर उपलब्ध एक असीमित संसाधन है लेकिन यह बात सही नहीं है। वास्तव में किसी भी राष्ट्र, देश, राज्य, समाज क्षेत्र की संपन्नता और सभ्यताओं के विकास में जल का योगदान महत्वपूर्ण रहा है, शायद यही कारण है कि विश्व की लगभग सभी सभ्यताओं का विकास जहाँ जल की उपलब्धता रही है, वहीं पर(नदियों) के किनारों पर हुआ है। आज पृथ्वी का 71 प्रतिशत हिस्सा(लगभग तीन चौथाई) पानी(जल) से ढका हुआ है। 1.6 प्रतिशत पानी जमीन के नीचे है और 0.001 प्रतिशत वाष्प और बादलों के रूप में विद्यमान है। पृथ्वी की सतह पर जो पानी है उसमें से 97 प्रतिशत सागरों और महासागरों में है जो नमकीन अथवा खारा है और यह पानी पीने के काम नहीं आ सकता है। केवल तीन प्रतिशत पानी ही पीने योग्य है इसमें से भी 2.4 प्रतिशत ग्लेशियरों और उत्तरी और दक्षिणी ध्रुव में जमा हुआ है और केवल 0.6 प्रतिशत पानी नदियों, झीलों और तालाबों में है जिसे इस्तेमाल किया जा सकता है। एक अनुमान के अनुसार पृथ्वी पर कुल 32 करोड़ 60 लाख खरब गैलन पानी उपलब्ध है। दूसरे शब्दों में, पृथ्वी पर पानी की कुल मात्रा अनुमानतः 13100 लाख घन किलोमीटर है। इस पानी का लगभग 97 प्रतिशत (12707 लाख घन किलोमीटर) समुद्रों में खारे पानी के रूप में तथा लगभग 3 प्रतिशत (393 लाख घन किलोमीटर) धरती पर साफ पानी के रूप में मौजूद है। आज भूजल स्तर लगातार गिरता चला जा रहा है। विभिन्न प्रदूषकों के मिलने से आज स्वच्छ जल लगातार प्रदूषित हो रहा है। इससे हमारे, जीव-जंतुओं व पेड़-पौधों, वनस्पतियों, यहाँ तक की हमारी खेती तथा अर्थव्यवस्था तक पर बहुत ही बुरा प्रभाव पड़ रहा है। यूएनओ यानी कि संयुक्त राष्ट्र संघ ने अपनी वार्षिक वर्ल्ड वाटर डेवलपमेंट रिपोर्ट में यह कहा है कि पानी के उपयोग(यून ऑफ वाटर) के तरीकों और प्रबन्धन(मैनेजमेंट) में कमियों के कारण वर्ष 2030 तक दुनिया को जल संकट का सामना करना पड़ सकता है। हमारे देश में(जैसा कि हमारे देश की खेती मानसून का जुआ कहलाती है) अधिकांश फसलें भूजल के भरोसे होती हैं। वर्तमान परिवेश में बढ़ते शहरीकरण, पाश्चात्यीकरण, आधुनिकीकरण, औद्योगिकीकरण, कृषि मशीनीकरण और वैज्ञानिक प्रगति, विकास की वजह से भूजल पर लगातार दबाव बढ़ता जा रहा है। दूसरी तरफ ग्लोबल तापक्रम बढ़ने से मृदा सतह से वाष्पन व पौधों की वाष्पोत्सर्जन दर में वृद्धि होती है, जिसके परिणामस्वरूप भूमि में नमी की कमी होने से भूजल स्तर भी प्रभावित होता है। इसके अलावा जलवायु परिवर्तन के कारण वर्षा की कमी व उसके बदलते पैटर्न का भी भूजल स्तर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। कम वर्षा भी भूजल स्तर में कमी का एक प्रमुख कारण है। विश्व की लगभग 17% आबादी का वहन करने वाला भारत विश्व के ताजे जल संसाधनों का मात्र 4% ही रखता है, इसलिए हमें जल के विवेकपूर्ण, सीमित उपयोग के साथ ही इसके संरक्षण की आवश्यकता है। भारत आज 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर है, ऐसे में आर्थिक विकास को प्रोत्साहन देने में जल की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण है।नीति आयोग के समग्र जल प्रबंधन सूचकांक ने भारत में उभरते जल संकट के बारे में आगाह किया है जहाँ देश के 600 मिलियन से अधिक लोग जल की गंभीर कमी का सामना कर रहे हैं। यह आकलन भी किया गया है कि वर्ष 2030 तक देश की जल मांग उपलब्ध आपूर्ति की तुलना में दोगुनी हो जाएगी।एक अनुमान के अनुसार एशिया का मध्य-पूर्व क्षेत्र , उत्तरी अफ्रीका के अधिकांश क्षेत्र, पाकिस्तान, तुर्की, अफगानिस्तान और स्पेन आदि देशों में वर्ष 2040 तक अत्यधिक जल तनाव (वाटर स्ट्रैस) की स्थिति होने की संभावना है। जल संकट से सर्वाधिक ग्रसित 17 देशों में क्रमशः- कतर, इजराइल, लेबनान, ईरान, जॉर्डन, लीबिया, कुवैत, सऊदी अरब, इरीट्रिया, संयुक्त अरब अमीरात, सैन मरीनो, बहरीन, भारत, पाकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान, ओमान और बोत्सवाना जैसे देशों को शामिल किया गया है। इसके साथ ही भारत, चीन, दक्षिणी अफ्रीका, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया सहित कई अन्य देशों को भी उच्च जल तनाव का सामना करना पड़ सकता है। यह संवेदनशील व गंभीर है कि भारत के लगभग 50% क्षेत्र सूखे जैसी स्थिति से जूझ रहे हैं, विशेष रूप से पश्चिमी और दक्षिणी राज्यों में जल संकट की गंभीर स्थिति बनी हुई है। नीति आयोग द्वारा वर्ष 2018 में जारी समग्र जल प्रबंधन सूचकांक रिपोर्ट के अनुसार, देश के 21 प्रमुख शहरों में निवासरत लगभग 100 मिलियन लोग जल संकट की भीषण समस्या से जूझ रहे हैं।

भारत की 12% जनसंख्या पहले से ही डे जीरो की परिस्थितियों में रह रही हैं। वास्तव में, भारत में मानसून की अस्थिरता भी जल संकट का बड़ा कारण है। हाल के वर्षों में एल-नीनो के प्रभाव के कारण वर्षा कम हुई, जिसकी वजह से जल संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

## कविता

सोचने के बाद और सोचने से पहले,
अकेला है वह?
उसने सोचा,
वह अकेला नहीं है,
उसके सोचने के पहले
सोचने के बाद
और सोचने के बीच,
वह अकेला नहीं है,
सब हैं उसके साथ ।
कई मित्र हैं उसके,
हजारों,
वाह वाह, पसंदगी,
तारीफ, खुश करने
शब्दों का भंडार,
फूल, गुलदस्ते भेजते हैं
सब,
वह अकेला नहीं है
पर कोई दिखता नहीं,
कोई रूबरू मिलता नहीं,
सब हैं, एक छोटे से डिब्बे में बंद, अदृश्य
मायाजाल के तंतु,
एक खिलौना,
जिनसे हम नहीं खेलते
वह खिलाता है सबको ।
कहां गए वे लोग,
कहां गए सब के सब,
जो गलबहियां डालते,
हंसते खिलखिलाते,
अब कोई नहीं हंसता

संजीव ठाकुर

# चेहरे की चमक बढ़ाती है अश्वगंधा

**शहनाज हुसैन**

**आयुर्वेद में अ**श्वगंधा को विशेष औषधि माना गया है। कोरोना महामारी के दौरान शारीरिक प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए अश्वगंधा का नाम आपने बार बार सुना होगा / अश्वगंधा एक प्रकार की जड़ी बूटी होती है जोकि अलग अलग क्षेत्रों में बिभिन्न प्रकार से पाई जाती है / इसके पेड़ ज्यादातर सूखे क्षेत्रों में पाए जाते हैं और इसकी जड़ों के रस से घोड़े के मूत्र जैसी बदबू आती है इसलिए इसे अश्वगंधा यानि घोड़े जैसी गंध का नाम दिया जाता है / अश्वगंधा की ताजी जड़ में यह गंध ज्यादा तेज पाई जाती है /बन में पाए जाने बाले पौधों की तुलना में खेती के माध्यम से उगाये जाने बाले अश्वगंधा की गुणबत्ता अच्छी होती है / तेल निकालने के लिए बनों में पाया जाने बाला अश्वगंधा का पौधा ही अच्छा माना जाता है /अश्वगंधा ऐसी औषधि है जो न केवल आपके तनाव को दूर करती है बल्कि सेहत और सौन्दर्य से जुड़े कुछ फायदे भी देती है / स्किन से लेकर हेयर केयर में भी अश्वगंधा का प्रयोग किया जाता है। । इसके शक्तिशाली उपचार गुणों के साथ.साथ त्वचा और बालों की सुंदरता निखारने के लिए आयुर्वेद में इसका काफी मात्रा में उपयोग किया जाता है। आयुर्वेद में अश्वगंधा के अर्क, काढ़े , पाउडर, तेल का उपयोग औषधि के रूप में किया जाता है। इससे बने क्लींजर, एंटी एजिंग क्रीम, मॉइस्चराइजिंग क्रीम, शैम्पू, कंडीशनर, हेयर टॉनिक आदि की मार्केट में बहुत डिमांड है। अश्वगंधा एंटीऑक्सीडेंट और आयरन से भरपूर होता है। यह दिमाग को शांत करता है और तनाव को भी कम करता है। त्वचा को नरम और मुलायम बनाने के लिए 2 चम्मच सूखे अश्वगंधा पाउडर में एक चम्मच सूखे और पीसे हुए नींबू के छिलके और एक चम्मच सूखे अदरक को मिलाएं। इन्हें एक कप पानी में डालें और उबाल आने दें। पाउडर थोड़ा नरम होना चाहिए। मिश्रण को ठंडा करें और चेहरे पर लगाएं। 15 मिनट बाद सादे पानी से धो लें। त्वचा में निखार आएगा और त्वचा चमकने लगेगी। अश्वगंधा में त्वचा को जबान बनाए रखने के गुण हैं। इसमें शक्तिशाली एंटी.एजिंग गुणों के साथ एंटीऑक्सिडेंट होते हैं जो फाइन लाइन्स और झुर्रियों से राहत देते हैं। साथ ही त्वचा पर लंबे समय तक उम्र के संकेत नहीं आने देते। स्किन को आकर्षक और कोमल बनाए रखने के लिए एक चम्मच अश्वगंधा पाउडर में एक चम्मच शहद और थोड़ा सा गुलाब जल मिलाएं। होठों और आंखों के आस.पास के क्षेत्र से बचते हुए चेहरे पर लगाएं। 15 से 20 मिनट बाद इसे धो लें। शहद की जगह आप एलोवेरा जेल भी मिला सकते हैं। अश्वगंधा में एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं जो त्वचा को संक्रमण या मुंहासों से बचाते हैं। फेस पैक तैयार करने के लिए 2 चम्मच एलोवेरा जेल में एक चम्मच अश्वगंधा पाउडर और आधा चम्मच दालचीनी पाउडर मिलाएं। इस पैक को मुंहासे वाले स्थान पर लगाएं।

## विचार

# जान के दुश्मन बनते आवारा कुत्ते

**प्रियंका सौरभ**

**कुत्तों** का मानव के विकास क्रम के साथ साहचर्य का एक अनूठा संबंध रहा है। यह उनके कल्याण के लिए जिम्मेदार होने की नैतिक दुविधा इंसान के सामने पैदा करता है, लेकिन इसके अपने खतरे भी हैं क्योंकि कुत्तों का विकास भेड़िये और उसकी प्रवृत्ति से जुड़ा है। भारत के लिए भले ही यह एक अबूझ पहेली हो, लेकिन बाकी दुनिया के अधिकांश हिस्सों ने आवारा जानवरों के अधिकारों को मान्यता नहीं दी है। यदि ऐसे पशुओं को पट्टे से बांध कर रखा जाता है और पंजीकृत किया जाता है, तो उसे पालने वाले उसकी देखभाल करने के लिए बाध्य माने जाते हैं। यदि ऐसा नहीं है, तब अंतिम उपाय के रूप में राज्य सार्वजनिक स्वास्थ्य के हित में उन्हें मार देने के लिए बाध्य है। आवारा कुत्तों को पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 और अधिनियम की धारा 38 के तहत अधिनियमित नियमों, विशेष रूप से पशु जन्म नियंत्रण (कुत्ते) नियम, 2001 के तहत संरक्षित किया जाता है। यह किसी व्यक्ति, आरडब्ल्यूए, या संपत्ति प्रबंधन के लिए अवैध बनाता है कुत्तों को हटाना या स्थानांतरित करना। सभी आवारा कुत्तों में से केवल 15% को ही टीका लगाया गया है। भारत की आवारा आबादी बहुत बड़ी है, गोद लेने की गति बहुत धीमी और सीमित है क्योंकि बहुत से लोग केवल विदेशी नस्ल के कुत्ते ही चाहते हैं। पशु क्रूरता निवारण अधिनियम और पशु जन्म नियंत्रण (कुत्ते) नियम, 2001 (अद्यतन किया जा रहा है) का उद्देश्य आवारा पशुओं की आबादी को सीमित करना है लेकिन सार्वजनिक सुरक्षा में सुधार में इनका कोई लाभ नहीं होता। प्रस्तावित मसौदा नियम, या पशु जन्म नियंत्रण नियम, 2022, नसबंदी और टीकाकरण में केवल प्रक्रियात्मक बदलावों को सामने रखते हैं, केवल लाइलाज बीमार और घातक रूप से घायल कुत्तों को ही मारने की इजाजत देते हैं, और रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों को अपने इलाके के में आवारा जानवरों को खिलाने का जिम्मेदार मानते हैं। पीसीए और एबीसी के नियम यह स्वीकार करते हैं कि अनियंत्रित आवारा कुत्तों को रोका जाना चाहिए, हालांकि यह समस्या की भयावहता के लिहाज से मायने नहीं रखता क्योंकि प्रत्येक 100 भारतीयों पर लगभग एक आवारा पशु है। लगभग 21,000 पर, रेबीज से होने वाली सभी मौतों में से एक तिहाई से अधिक भारत में होती है। पिछले पांच वर्षों से, 300 से अधिक लोग - ज्यादातर गरीब और ग्रामीण परिवारों के बच्चे - कुत्तों द्वारा मारे गए हैं। 2017 के एक अध्ययन से पता चला है कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेघर कुत्ते भी वन्यजीवों के लिए विनाशकारी हो सकते हैं। 80 से अधिक प्रजातियां, जिनमें से 30 से अधिक लुप्तप्राय सूची में हैं, जंगल क्षेत्रों में कुत्तों द्वारा लक्षित की गई थीं। कुत्ते जो अकेले बाहर हैं वे सड़क पर दौड़ते समय दुर्घटना का कारण बन सकते हैं, जिससे उन्हें और अन्य लोगों को चोट भी लग सकती है। आवारा कुत्ते कचरा बैग खोलने का आनंद लेते हैं और वे कचरे को बिखरेने का कारन हो सकते हैं और पर्यावरण और सड़क के चारों ओर बिखरा हुआ कचरा दूर दूर तक फैला सकते हैं। आवारा कुत्ते भोजन के लिए पड़ोस को मैला करेंगे और खुले कचरे के डिब्बे तोड़ सकते हैं और बगीचों को नुकसान कर सकते हैं। जो लोग आवारा कुत्तों को खाना खिलाते हैं, उन्हें उनके टीकाकरण के लिए जिम्मेदार बनाया जा सकता है और अगर किसी पर जानवर का हमला होता है तो वह लागत वहन कर सकता है। प्रत्येक रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन को पुलिस डॉग स्क्वायड के परामर्श से गार्ड एंड डॉग पार्टनरशिप बनाना चाहिए। ताकि कुत्तों को प्रशिक्षित किया जा सके और फिर भी वे कॉलोनी के निवासियों के अनुकूल हों। नगर निगम, निवासी कल्याण संघ और स्थानीय कुत्ते समूहों को पशुओं का टीकाकरण और बंध्याकरण करना चाहिए। बीमार जानवरों, आक्रामक जानवरों को मौत के घाट उतारना होगा।

एकमात्र दीर्घकालिक समाधान सख्त पालतू स्वामित्व कानूनों को लागू करना है, लोगों को हर जगह लापरवाही से कुत्तों को खाना खिलाना प्रतिबंधित करना और घरेलू कुत्तों के लिए सुविधाएं स्थापित करना है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# कर्नाटक में चुनाव घोषणा के साथ अटकलों का बाजार गर्म

**अशोक भाटिया**

**10 मई को** कर्नाटक की 224 सीटों पर मतदान होगा और 13 मई को नतीजे आएंगे। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता बीके हरिप्रसाद का कहना है चुनाव बहुत रोचक होगा। पार्टी के एक पूर्व महासचिव कहते हैं कि केंद्रीय बजट सत्र में कर्नाटक विधानसभा चुनाव को देखकर सत्ता पक्ष की तरफ से बड़ा दांव खेला गया है, लेकिन वह सफल नहीं होगा। कर्नाटक विधानसभा चुनाव का नतीजा 2024 में लोकसभा के चुनाव तक माहौल बना देगा। कर्नाटक सरकार के मंत्री और वरिष्ठ नेता ईश्वरप्पा का कहना है कि सपने देखने का सभी को अधिकार है। भाजपा मुख्यालय के वरिष्ठ नेता ने कहा कि इस मामले में पार्टी के प्रवक्ता बोलेंगे। हमें केवल इतना कहना है कि अभी देश में प्रधानमंत्री मोदी का कोई राजनीतिक विकल्प नहीं है। भारत में कर्नाटक राजनीतिक नाटक का सबसे बड़ा और पुराना गढ़ रहा है। यहां कांग्रेस और भाजपा में लगातार नाटक होते रहते है। कभी भाजपा कांग्रेस का खेल बिगाड़ती है तो कभी कांग्रेस भाजपा का। कभी भाजपा के येदुरप्पा बागी हो जाते हैं तो कभी कांग्रेस में बगावत होती है। कभी कोई सन्यासी हो जाता है तो कभी कोई। दलबदलुओं का पुराना आश्रय स्थल रहा है कर्नाटक, इसलिए कर्नाटक विधानसभा के चुनाव हमेशा की तरह रोचक होंगे। यहां के सियासी ऊँट पर कभी कोई भरोसा नहीं किया जाता, क्योंकि वो कभी भी,कोई भी करवट ले सकता है। कर्नाटक की 224 सदस्यों वाली विधानसभा के भावी चुनावों को लेकर एक सर्वे में कर्नाटक में कांग्रेस को बहुमत मिलने की संभावना जताई गई है। सर्वे के अनुसार, कांग्रेस की 115-127 सीटें और कुल वोट शेयर का 40।1 फीसदी हासिल करने की संभावना है। भाजपा को 34।7 फीसदी वोट शेयर के साथ 68-80 सीटें मिलती दिख रही हैं जबकि जेडीएस को 17।9 फीसदी के वोट शेयर के साथ 23-35 सीटें मिलने का अनुमान है। अन्य दलों को 7।3 फीसदी वोट शेयर और 0-2 सीटें मिलने की उम्मीद है। उम्मीदों के इस आसमान में सबके लिए कुछ न कुछ है। कांग्रेस और भाजपा के लिए सबसे ज्यादा है। कर्नाटक में भाजपा का सबसे बड़ा चेहरा येदुरप्पा थे, जिन्होंने सन्यास की घोषणा कर दी है।

# नचनिया की दुकनिया

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**हमारे** एक लेखक मित्र हैं। वे आजकल की हिंदी फिल्में देखने का बड़ा शौक रखते हैं। उन्हें लगता है कि जब कभी गाली-गलौज करना हो या फिर भड़ास निकालनी हो तो आजकल की हिंदी फिल्मों से बढ़कर कोई दूसरा बहाना नहीं हो सकता है। एक दिन वे इसी के बारे में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहने लगे- आजकल की फिल्में देखकर मुझे बनाने वालों और उसमें अभिनय करने वालों पर तरस आता है। फिल्में वे करते हैं और मरना हमें पड़ता है। मारने का इतना ही शौक है तो अपने परिवार वालों को मारें। आम जनता ने उनका क्या बिगाड़ा है। उनका अभिनय देखकर पचा-पचाया भोजन गड़बड़ाने लगता है। आज के जमाने में इन फिल्मों को देखने वालों के लिए इक्कीस तोपों की सलामी बनती ही है। फिल्म के नाम पर नचनिया की दुकनिया चला रहे हैं। हाँ कभी कभार कुछ ऐसी फिल्में आ जाती हैं जो वाह-वाह करने अथवा दस्ती से आँख पोंछने पर मजबूर कर देती हैं। वरना हम तो वो हैं जो इसका इस्तेमाल सिर्फ शर्म से बहती नाक और प्रदूषण के दुर्गंध से बचने के लिए करते हैं।

मैंने उत्सुकता के साथ पूछा झ्र इसका मतलब आजकल की फिल्में फिल्म देखने लायक है?

मेरा इतना पूछना भर था कि उन्होंने तुरंत पलटकर जवाब दिया झ्र मैंने कब कहा कि फिल्में देखने लायक है? यदि सच्चाई दिखाने से फिल्में पैसा बटोर लेती तो कल्पना और झूठ के बल पर करोड़ों का व्यापार करने वाली फिल्में देखने कुत्ता भी नहीं जाता। भैया ये भी कोई फिल्में हैं? शुरू से लेकर आखिरी तक रोना ही रोना। मार-धाड़। आइटम सांग। इसमें हमारे रोने के अलावा कुछ है ही नहीं। और जब रोना ही है तो इन्हीं फिल्मों को देखने की क्या जरूरत है? क्या दुनिया में दुखों की कमी है? एक ढूँढ़ों हजार मिल जायेंगे। अरे मैं तो कहता हूँ धरती पर जितना ऑक्सीजन नहीं है उससे ज्यादा तो दुख है। इन फिल्मों में मनोरंजन के मसाले की कमी साफ झलकती है। बिना मसाले की सब्जी और फिल्म दोनों फीकी होती है। मैं कुछ पूछता उससे पहले ही वे मुझे भांप गए। कहने लगे झ्र मसाले का मतलब समझते भी हो। इस फिल्म में न ढंग के गाने हैं, न रोमांस। अरे फिल्में तो ऐसी होनी चाहिए जिसमें थोड़ी फैंतसी हो। पप्पी-झप्पी हो। रोमांस हो। सच्चाई दिखाओ लेकिन इन सारे मसालों को मिलाकर दिखाओ।

# प्रो. भूमिका शर्मा ने अर्जित की दो विशेष उपलब्धियां

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**संसद में** आवाज बुलंद करने वाली जीवीएम गर्ल्ज कालेज की असिस्टेंट प्रोफेसर भूमिका शर्मा ने दो नई विशेष उपलब्धियां अर्जित की हैं। उन्होंने विडियोप्रीन्योरशिप प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार सहित बेस्ट रिसर्च पेपर प्रेजेंटेशन अवॉर्ड हासिल किया है। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. रेनू भाटिया ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) के तत्वावधान में यू-ट्यूबर्स मीट के आयोजन के साथ विडियोप्रीन्योरशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें जीवीएम की असिस्टेंट प्रोफेसर भूमिका शर्मा ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। पुरस्कार स्वरूप उन्हें ट्रॉफी के साथ 30 हजार रुपये की ईनाम राशि भेंट की गई। प्रतियोगिता के लिए




जनवरी-2023 में छह थीम दी गई थी, जिसमें कोई भी आठ मिनट की विडियो बनाकर प्रेषित कर सकता था। प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा के साथ पुरस्कार वितरण समारोह बीते दिवस किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय स्तर के विख्यात यू-ट्यूबर उपस्थित रहे, जिनमें विशेष रूप से अमरेश भारती, नितिश राजपूत, अनंत लढ़ा, रोहित वेदवान, सतीश कुशवाहा, रूपेश केशरी, कंचन केशरी, उज्वल और संजीव पांडेय शामिल रहे।
दूसरा आयोजन केआर मंगलम

**▶▶विडियोप्रीन्योरशिप प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार सहित बेस्ट रिसर्च पेपर प्रेजेंटेशन अवॉर्ड हासिल किया है**

यूनिवर्सिटी के तत्वावधान में गुरूग्राम में किया गया। यूनिवर्सिटी ने इंटरनेशनल कान्फ्रेंस ऑन इनोवेशन्स एंड फ्यूचर प्रोसपैक्टस ऑफ एडवांस्ड मैटिरियल-2023 का आयोजन करते हुए रिसर्च पेपर मांगे। इसमें जीवीएम की असिस्टेंट प्रोफेसर भूमिका शर्मा ने भी अपना रिसर्च पेपर प्रस्तुत किया, जिसका शीर्षक था-स्ट्रक्चरल एंड फ्रीक्वेंसी डिपेंडेंट इलैक्ट्रिकल बिहेवियर ऑफ नैनोकंपोजिट ऑफ ला डोप्ड बिस्मथ फैराइट:स्ट्रॉंशियम एल्युमिनेट। इसके लिए उन्हें बेस्ट रिसर्च पेपर प्रेजेंटेशन के अवॉर्ड से सुशोभित किया गया।
यह शोध अब 2.12 इम्पैक्ट फैक्टर वाले अंतर्राष्ट्रीय जर्नल आयोनिक्स में प्रकाशित किया जाएगा।
कालेज लौटने पर प्राचार्या डा. रेनू भाटिया ने असिस्टेंट प्रोफेसर भूमिका शर्मा का विशेष अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि जीवन में सीखने और आगे बढ? की कोई सीमा नहीं होती। भूमिका शर्मा इसकी ज्वलंत मिसाल है जो निरंतर आगे बढ? की प्रेरणा दे रही हैं। छात्राओं और अन्य शिक्षकों को भी इसी प्रकार आगे बढ़ते हुए नई उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रयासरत रहना चाहिए। इस मौके पर असिस्टेंट प्रोफेसर भूमिका शर्मा ने भी संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. रेनू भाटिया सहित समस्त कालेज प्रशासन व कालेज परिवार का विशेष सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।
-डा. रेनू भाटिया

# शिरडी साईं धाम कबीरपुर में रामनवमी पर स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन




**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
रामनवमी के उपलक्ष में विशाल स्वास्थ्य शिविर शिरडी साईं धाम श्री श्याम खाटू धाम कबीरपुर सोनीपत एवं सक्सेना हॉस्पिटल द्वारा गुरुवार सुबह से दोपहर तक स्वास्थ्य जांच कैंप और साईं काल भैरव साईं कालीन बेला में विशाल साईं भजन संध्या एवं भंडारे का आयोजन किया गया । श्री साईं बाबा का गुणगान साईं म्यूजिकल ग्रुप अमिताभ राठौर एंड पार्टी द्वारा किया गया। मंदिर को रनिंग लाइट द्वारा सजाया गया। श्री साईं बाबा जी का भवन देखने योग्य था पूरा मंदिर गुब्बारों से और फूलों से द्वारा सुशोभित किया गया था भक्तों का जनसमूह श्री साईं बाबा जी की जय माता की जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा। इस मौके पर भाजपा मंडल महामंत्री सुरेश कथूरिया, हर्ष कथूरिया मुख्य ट्रस्टी संस्थापक अर्चना अमिताभ राठौर संचालक यश राठौर ट्रस्ट के सदस्य रवि गांधी अनिल चड्डा नवीन कुछल दुर्गेश सेटिंग संजीव अग्रवाल विक्की आरती अग्रवाल रमेश गोस्वामी गौरव अरोड़ा पवन शर्मा पंकज यादव शाहरुख चोपड़ा आदि मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### बाइक चोर गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार, चोरीशुदा 3 बाइक बरामद

**पानीपत:** एंटी व्हीकल थेप्ट पुलिस की टीम ने बाइक चोर गिरोह के दो आरोपियों को काबू कर उनके कब्जे से चोरी की 3 बाइक बरामद की हैं। आरोपियों की पहचान शाहरूख पुत्र रफीक निवासी कैराना व मोनू पुत्र प्रेमसिंह निवासी कैराना शामली यूपी हाल किरायेदार मनमोहन नगर पानीपत के रूप में हुई। एंटी व्हीकल थेप्ट टीम गश्त के दौरान जीटी रोड पर संजय चौक के पास मौजूद थी। टीम को इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि संदिग्ध किस्म के दो युवक एक सीटी-100 बाइक पर बलजीत नगर नाका की ओर से संजय चौक की तरफ जाएगे। जिनके पास बाइक चोरी की होने की संभावना है। पुलिस टीम ने सूचना को पुख्ता मानकर तुरंत सनौली रोड पर शिव चौक के पास नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहन चालकों पर नजर रखनी शुरू कर दी। कुछ देर पश्चात एक बाइक पर संदिग्ध किस्म के दो बलजीत नगर नाका की तरफ से आते हुए दिखाई दिए। पास आने पर पुलिस टीम ने दोनों आरोपी युवकों को काबू कर पूछताछ की तो उन्होंने अपनी पहचान शाहरूख पुत्र रफीक निवासी कैराना व मोनू पुत्र प्रेमसिंह निवासी कैराना शामली यूपी हाल किरायेदार मनमोहन नगर पानीपत के रूप में बताई। बाइक के कागजात मांगने पर आरोपी युवक बहाने बाजी करने लगे। पुलिस टीम ने गहनता से पूछताछ की तो आरोपियों ने उक्त बाइक दो दिन पहले बलजीत नगर में गली नंबर 11 में घर के बाहर से चोरी करने बारे स्वीकारा। बाइक चोरी की वारदात बारे थाना चांदनी बाग में पार्थ पुत्र वीरेंद्र निवासी किला की शिकायत पर मुकदमा दर्ज है। सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि गहनता से पूछताछ करने पर दोनों आरोपियों ने बीते दिनों नशे की हालत में जिला में अलग-अलग स्थान से दो अन्य बाइक चोरी करने बारे स्वीकारा। आरोपियों की निशानदेही पर चोरीशुदा उक्त दोनों बाइक मनमोहन नगर में आरोपी मोनू के किराये के कमरे से बरामद कर बाइक मालिक की पहचान न होने पर उक्त दोनों बाइक को 102 सीआरपीसी के तहत कब्जा पुलिस में लिया गया। दोनों आरोपियों के कब्जे से चोरी की कुल 3 बाइक बरामद कर पुलिस टीम ने आरोपियों को आज न्यायालय मे पेश किया जहा से दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया।

### शिक्षा के सभी स्तर अपना एक विशेष महत्व और स्थान रखते हैं: जागलान

**पानीपत:** आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के परिसर में परीक्षा परिणाम घोशित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दैनिक हवन यज्ञ से प्रांरभ हुई । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय की प्रबन्धक समिति के प्रबन्धक रामपाल जागलान रहे तथा विशिस्ट अतिथि सुरेन्द्र सिंह रहे। समारोह की



अध्यक्षता प्राचार्य मनीश घनगस ने की । मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि ने विद्यालय में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रामपाल जागलान ने बताया कि बेहतर शिक्षा सभी के लिए जीवन में आगे बढ़ने और सफलता प्राप्त करने के लिए बहुत आवश्यक है। यह हममें आत्मविश्वास विकसित करने के साथ ही हमारे व्यक्तित्व निर्माण में भी सहायता करती है। स्कूली शिक्षा सभी के जीवन में महान भूमिका निभाती है। पूरे शिक्षा तंत्र को प्राथमिक शिक्षाए माध्यमिक शिक्षा और उच्च माध्यमिक शिक्षा जैसे को तीन भागों में बाँटा गया है। शिक्षा के सभी स्तर अपना एक विशेष महत्व और स्थान रखते हैं। हम सभी अपने बच्चों को सफलता की ओर जाते हुए देखना चाहते हैंए जो केवल अच्छी और उचित शिक्षा के माध्यम से ही संभव है। उन्होने कहा कि आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पानीपत का एकमात्र ऐसा विद्यालय है जो कि शिक्षा के साथ साथ खेलों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है।
प्राचार्य मनीश घनगस ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के बेटी बचाओ बेटी पढाओ अभियान को ध्यान में रखते हुए विद्यालय इस सत्र से बेटियों के लिए भी इस विद्यालय में प्रांरभ कर रहा है ताकि बेटियों को भी आगे बढने का अवसर प्राप्त हो सके। उन्होने बताया कि बेटियों के लिए फीस में 50 प्रतिषत की छूट दी जा रही है ।

# सहायक उप निरीक्षक का सम्मान के साथ किया अंतिम संस्कार

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
सीमा सुरक्षा बल 28वी बटालियन, परहरिनगर तुरा, मेघालय में तैनात गन्नौर के गांव पबनेरा निवासी सहायक उप निरीक्षक जीडी नरेश कुमार का बुधवार को गांव पबनेरा में यमुना घाट पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया । सहायक उप निरीक्षक जीडी नरेश कुमार बीमारी के कारण गुवाहाटी में सैनिक अस्पताल में उपचाराधीन थे । बुधवार को दोपहर नरेश कुमार का सब लेकर बटालियन के जवान गांव में पहुंचे । भारतीय सीमा सुरक्षा बल सहायक कमांडेंट रघुराज के नेतृत्व में सीमा सुरक्षा बल के जवानों



की टुकड़ी ने उन्हें शौक सलामी दी। सीमा सुरक्षा बल के कमांडेंट राजेश कुमार ने अपना शोक संदेश वाहिनी के ही सहायक कमांडेंट रघुराज के माध्यम से तिरंगे में लिपटे पार्थिव शरीर के साथ भेजा। सीमा सुरक्षा बल के सहायक उप निरीक्षक जीडी नरेश कुमार के अंतिम संस्कार में पहुंचे उनके परिवार के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरवाना आईपीएस कुलदीप सिंह उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए भगवान से उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की और शोक संपत परिवार को सांत्वना देते हुए उनका हौसला बढ़ाया। आईपीएस कुलदीप सिंह ने कहा कि सहायक उप निरीक्षक स्वर्गीय नरेश कुमार के द्वारा किए गए कार्यों के कारण हमेशा याद किया जाएगा। सीमा सुरक्षा बल में उन्होंने लंबे समय तक देश की सेवा की।

# भंडारे में भाजपा ज़िला महामंत्री योगेशपाल अरोड़ा ने शिरकत की

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**रामनवमी के** शुभ अवसर पर श्री दुर्गा मंदिर प्रबंधक स्मिति,देव नगर गली न०3,सोनीपत में आयोजित भंडारे में भाजपा ज़िला महामंत्री योगेशपाल अरोड़ा ने शिरकत की और सभी को राम नवमी की ढेरो बधाई और मंगलकामनाएँ दी। इस अवसर पर स्थानीय लोगो ने योगेश पाल अरोड़ा का फूल मालाओं के साथ स्वागत किया और भगवान राम का स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर योगेशपाल ने स्थानीय लोगो का उनको मान व स्मान के लिए आभार प्रकट किया। इस अवसर



पर वार्ड न०15 के निगम पार्षद अतुल जैन, मंदिर के प्रधान रामनिवास रोहिल्ला जी,राम जी रोहिल्ला जी,महेंद्र रोहिल्ला जी,संजय स्वामी जी,सुनील रोहिल्ला जी,राजीव भारद्वाज जी,रिंकु जी आदि गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही।

# श्री राम नवमी पर निकाली गांव रोहट में भगवा यात्रा



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
30 मार्च को श्री राम नवमी के अवसर पर श्री राम मंदिर रोहट से लेकर पूरे गाँव मे भगवा यात्रा निकाली, जिसमे दूर दूर से आये युवा साथियों ने भाग लिया। जीवन रक्षक फाउंडेशन के द्वारा यह यात्रा आयोजित की गई थी। श्री राम के जयकारों के साथ सभी ने बढ़ चढ़ के भाग लिया।

# डॉ. रचना गुप्ता को भारत विकास परिषद की शाखा अध्यक्ष चुना गया

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
भारत विकास परिषद की प्रबुद्धा शाखा के चुनाव एवं परिवार मिलन के कार्यक्रम के संदर्भ में एक बैठक का आयोजन 564, सेक्टर 14, सोनीपत में किया गया । कार्यक्रम में राजीव गुप्ता एवं नीरज शर्मा प्रांतीय संयोजक(गुरु वंदन छात्र अभिनंदन) ने चुनाव पर्यवेक्षक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगीत वंदेमातरम से किया गया।कार्यक्रम में निवर्तमान अध्यक्ष डॉ०रचना गुप्ता (प्रबुद्धा शाखा) ने विगत वर्ष के कार्यक्रमों का व्योरा प्रस्तुत किया।इसके पश्चात श्रीमती मीनाक्षी बत्रा एवं प्रवेश संधू (कोषाध्यक्ष ) द्वारा शाखा के




कार्यों एवं खर्चो का व्योरा पदानुसार प्रस्तुत किया गया।चुनाव पर्यवेक्षक श्री राजीव गुप्ता द्वारा शाखा के सदस्यों के अनुमोदन के आधार पर डॉ० रचना गुप्ता को दोबारा से (प्रबुद्धा शाखा) का अध्यक्ष नियुक्त किया।सचिव पद के लिए मीनाक्षी बत्रा जी को नामांकित किया गया तथा कोषाध्यक्ष के पद के लिए डॉ०राहुल शर्मा के नाम का अनुमोदन किया गया। सभी अनुमोदित नामों को चुनाव पर्यवेक्षक डॉ०राजीव गुप्ता (प्रांतीय अध्यक्ष संपर्क) तथा डॉ० नीरज शर्मा द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई।

# एकीकृत पैक हाऊस स्थापित करने के लिए आवेदन आमंत्रित

**पानीपत:** उपायुक्त सुशील सारवान ने कहा कि प्रदेश सरकार हरियाणा के किसानों को सशक्त व समृद्ध बनाने के लिए अनेक योजनाओं को लागू कर रही है। मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार निरंतर किसानों के हित में कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। इसी क्रम में प्रदेश सरकार ने बागवानी व्यापार के लिए अभूतपूर्व प्रयास करते हुए प्रदेश के किसानों से 50 एकीकृत पैकहाऊस स्थापित करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। उपायुक्त ने बताया कि योजना का लाभ लेने के इच्छुक किसान 31 मार्च तक रजिस्टर पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं।

# 'सरकार किसानों के साथ धोखा करने जा रही'

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**विभिन्न** जिलों के किसानों द्वारा पानीपत शुगर मिल में 56 करोड़ 40 लाख 72 हजार आठ रूपए के जबशेयर थे बहुत से शेयर होल्डर किसान जिनकी किसी कारणवश मृत्यु हो चुकी है उनके शेयरों को सरकार ने बिना किसी को बताए अपनी मर्जी से बिना सूचना के जब्त कर लिया किसानों द्वारा हिसाब किताब मांगने पर प्रशासन ने कोई जवाब नहीं दिया और अब सभी किसान भाइयों ने यह तय किया है कि अदालत में केस दायर किया जाए जो किसानों की तरफ से एडवोकेट सियाराम ने पानीपत अदालत में केस दायर किया है जो कि किसान यूनियन पानीपत बनाम हरियाणा सरकार के नाम से है और उस केस में



कल दिनांक 31 मार्च 2023 को जज साहब श्री हरलिन पाल के सामने सुनवाई होगी उसमें हम ने मांग की है कि सभी शेयर होल्डरो के साथ हिसाब किताब साझा किया जाए।और सर छोटू राम की मूर्ति वह सर छोटू राम किसान भवन को तोड़े जाने से रोकने का आदेश सरकार को दिया जाए जल्द ही किसानों की समस्या को देखते हुए पानीपत टोल टैक्स के विरुद्ध भी केस दायर किया जाएगा क्योंकि इसका समय पूरा हो चुका है और गैर कानूनी तौर पर जनता के साथ हुआ किसान भाइयों से टोल लिया जा रहा है।
इससे बहुत से किसानों को परेशानी हो रही है और पानीपत शहर की आम जनता को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।1 अप्रैल को किसान भवन पानीपत में मीटिंग है जिसमें कई मुद्दों पर गहन विचार किया जाएगा जिले पानीपत से किसान ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने का कष्ट करें जिसमें जिला प्रधान के कार्यकाल को 2 वर्ष से बढ़ाकर 5 वर्ष करने का मुख्य मुद्दा होगा जिस पर जिले की सहमति से चर्चा की जाएगी।

# 'एक दूसरे के साथ समय बिताने से ही रिश्ते होते हैं मजबूत'

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
पीसीसी एकेडमी में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य आने वाले समय को किस तरीके से प्रयोग में लाना है इस विषय पर था। इस मौके पर पीसीसी एकेडमी के निदेशक राजीव परुथी ने कहा जैसा कि आप जानते हैं बच्चों की परीक्षा हो चुकी हैं एवं कुछ स्कूलों का परीक्षा




परिणाम आ चुका है अब वह समय है बच्चे को यह जानना है कि वह भविष्य में किस स्कूल में दाखिला ले कहां पर जाए। अपने समय का प्रयोग व किस तरीके से करें इस मौके पर राजीव परुथी ने कहा हमें अपने संस्कारों को ध्यान में रखते हुए बच्चों के अंदर रिश्तो की अहमियत को बताना चाहिए एवं बच्चों को अपने नाना-नानी एवं दादा-दादी एवं मामा मामी जी के साथ समय ज्यादा बिताना चाहिए ताकि रिश्ते मजबूत होंगे और बड़े बुजुर्गों के साथ बैठकर वह बच्चा काफी कुछ सीखेगा। आज के दौर में बच्चे नाना के घर जाना बंद कर चुके हैं अपने जीवन में इतने व्यस्त हो चुके हैं जिससे वह रिश्तो की कदर दिन प्रतिदिन खत्म होती जा रही है। राजीव परुथी के अनुसार पुराने समय में बच्चे पहले ही कह देते थे कि पेपर होने के बाद वह बुआ के घर जाएगा या नाना के घर जाएगा, परंतु आज बच्चा कहता है कि पेपर खत्म होते ही मुझे फोन चलाना है मुझे मूवी देखनी है एवं मुझे खाने पीने के लिए घूमने जाना है, जोकि गलत है हमें भारतीय संस्कृति को बनाए रखने के लिए आपसी भाईचारा एवं रिश्तेदारों के साथ गहराई में रिश्ता रखने के लिए बच्चों को एक दूसरे के घर भेजना चाहिए।

# छात्रों के लिए मास्क मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत** जी, टी. रोड स्थित आई.बी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रो. रितिका जाताना द्वारा द्वारा बीकॉम द्वितीय वर्ष ऑनर्स के विद्यार्थियों के लिए मास्क मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा के 11 विद्यार्थियों द्वारा भाग लिया गया। इस प्रतियोगिता में सभी विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न तरह के मास्क बनाकर अपनी रचनात्मकता को प्रस्तुत किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने विद्यार्थियों उत्साहवर्धन करते हुए उन को बधाई दी और कहा कि इस तरह की गतिविधियां शिक्षक अधिगम प्रक्रिया को सफल व रोचक बनाती हैं। अपने उज्जवल



भविष्य का निर्माण करने के लिए विद्यार्थियों को इस तरह की गतिविधियों में भाग लेना चाहिए । वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. सुनित शर्मा ने भी विद्यार्थियों की क्रियाओं की सराहना की। इस प्रतियोगिता में

**▶▶ प्रतियोगिता में सभी विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न तरह के मास्क बनाकर अपनी रचनात्मकता को प्रस्तुत किया गया**

रूपाली ने प्रथम स्थान, आयुषी व अनु ने द्वितीय स्थान, मनु व बीना ने तृतीय स्थान व लवली को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया । इस तरह की प्रतियोगिताओं के आयोजन से छात्र-छात्राओं की प्रतिमा निकल कर बाहर आती है और उनको वास्तविक व्यवहारिक जीवन से अवगत करवाया जाता है। इस प्रतियोगिता का आयोजन बीकॉम द्वितीय वर्ष ऑनर्स की मेंटर प्रो. रितिका जताना द्वारा किया गया।

# फाइनल की ट्रॉफी भिगान ने अपने नाम की




**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
बामनवास में एक टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट में 8 टीम शामिल थी-समालखा भिगान चटीया खरखोदा माछरा मोहदीनपुर बागपत और बामनवास। इनमें से भिगान और माछरा के बीच 16 ओवर का फाइनल खेला गया। इस मैच में भिगान ने पहले बल्लेबाजी करके 121 रन बनाए इसके मुकाबले में माछरा (उत्तर प्रदेश ) ऑल आउट होकर 106 रन ही बना पाई और फाइनल की ट्रॉफी भिगान (सोनीपत) ने अपने नाम कर ली।
जीत के बाद गाँव में क्रिकेट टीम का अमित चाहलिया ने किया स्वागत।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
अंबाला
(मनीष)
मो. नं. : 9896772006

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
मो. नं. : 9466035040

# कोरोना: डरने की जरूरत नहीं: स्वास्थ्य मंत्री

## हर स्थिति पर नजर, दिल्ली में कोरोना के बढ़ते मामलों को लेकर सरकार अलर्ट, बुलाई आपात बैठक

**सरकार अलर्ट**

**● कोरोना के मामले अगर तेजी से बढ़ते हैं, तो उस स्थिति से निपटने के लिए दिल्ली सरकार के अस्पताल कितने तैयार हैं**





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**राजधानी** दिल्ली में एक बार फिर से कोरोना पैर पसार रहा है। कोरोना से बुधवार को दो मरीजों की मौत के बाद सरकार ने आनन-फानन में शुक्रवार दोपहर अधिकारियों की आपात बैठक बुलाई है। इस बैठक में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज को निर्देश दिया कि स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव, महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं (डीजीएचएस), ऑक्सीजन और टेस्टिंग के नोडल अधिकारी और दिल्ली सरकार के सबसे बड़े अस्पताल लोकनायक सहित अन्य अस्पतालों के चिकित्सा निदेशक मौजूद रहें। बैठक में इस बात पर चर्चा होगी कि कोरोना के मामले अगर तेजी से बढ़ते हैं, तो उस स्थिति से निपटने के लिए दिल्ली सरकार के अस्पताल कितने तैयार हैं। मौजूदा समय में सरकार ने दिल्ली के निजी और सरकारी अस्पतालों में कोरोना मरीजों के इलाज लिए कुल 7986 बेड आरक्षित किए हैं। जिनमें से मात्र 54 बेड पर ही अभी कोरोना के मरीज भर्ती हैं। इसके अलावा कोविड केयर सेंटर में 75 और कोविड हेल्थ सेंटर में 118 बेड आरक्षित हैं। अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट, आईसीयू बेड और वेंटिलेटर की भी व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए अस्पतालों को कहा गया है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली में करीब एक सप्ताह से कोरोना के मामले लगातार बढ़ रहे हैं।

### 'रोजाना व्यवस्था पर नजर बनाए हुए हैं'

**लोगों की** चिंताओं के बीच गुरुवार को स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा है कि हम रोजाना व्यवस्था पर नजर बनाए हुए हैं। अभी किसी को घबराने की जरूरत नहीं है। सरकार की ओर से जो पहले एडवाइजरी जारी की गई थी, वही एडवाइजरी रहेगी। उन्होंने कहा कि अभी स्कूलों में प्राइमरी और सीनियर सेकेंडरी छात्रों के संबंध में कोई निर्देश जारी नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि अभी छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को पैनिक करने की जरूरत नहीं है।

### रोजाना टेस्ट कराए जा रहे है: भारद्वाज

**कुछ** हफ्तों से भारत के कई राज्यों के अंदर कोरोना के केस बढ़ रहे हैं। रोजाना टेस्ट कराए जा रहे हैं। हम दूसरे राज्यों की व्यवस्था को भी लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने अपनी एडवाइजरी में कहा है कि साउथ इंडिया के चार राज्य और वेस्ट इंडिया के दो राज्य यानी की कुल 6 राज्य में कोरोना के मामले बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में केस बढ़ते हैं तो सप्ताह और कुछ दिन बाद दिल्ली में भी मामले बढ़ते हैं। हम इस पर भी नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि अभी दिल्ली में ऐसी स्थिति नहीं है कि अस्पताल में मरीजों भर्ती किया जाए।

# सफदरजंग अस्पताल में सीबीआई का छापा, डॉक्टर गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राजधानी दिल्ली** के सफदरजंग अस्पताल में भ्रष्टाचार के एक मामले में छापा मारकर सीबीआई की टीम ने एक डॉक्टर को गिरफ्तार किया है। सीबीआई को सफदरजंग अस्पताल के डॉक्टरों और बिचौलिए के बीच सांठगांठ की सूचना मिली थी, जिसका पर्दाफाश सीबीआई ने किया। सूत्रों के अनुसार सीबीआई ने न्यूरो सर्जरी विभाग के एक डॉक्टर और बिचौलियों सहित कुछ लोगों को पकड़ा है। मौके से सीबीआई को वेतन वृद्धि के कुछ दस्तावेज भी मिले हैं। अधिकारी ने बताया कि मामला भ्रष्टाचार से जुड़ा है। डॉक्टर मनीष रावत से पूछताछ की जा रही है। सूत्रों के अनुसार, डॉक्टर पर कुछ बिचौलियों के माध्यम से मरीजों से सर्जरी के लिए पैसे लेने की शिकायतें मिली थीं। सीबीआई की टीम ने अचानक ऑपरेशन थिएटर में छापा मारा और वहां मौजूद सभी डॉक्टरों को अगली सूचना तक बाहर जाने से रोक दिया। उस समय ओटी के अंदर एनेस्थीसिया, न्यूरोसर्जरी वाले कुछ डॉक्टर और कर्मचारी मौजूद थे।

# शास्त्री पार्क फ्लाईओवर के दोनों ओर बंधेंगे मजबूत तार

**तैयारी**

**● विंकी नाम की महिला भी इसकी चपेट में आ गई। भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों इसलिए दिल्ली पुलिस ने तैयारी शुरू कर दी है**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पिछले** साल शास्त्री पार्क फ्लाईओवर पर चीनी मांझे की चपेट में आकर कई लोग जख्मी हो गए थे। मंगलवार को विंकी नाम की महिला भी इसकी चपेट में आ गई। भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों इसलिए दिल्ली पुलिस ने तैयारी शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि चीनी मांझे को ऊपर रोकने के लिए फ्लाईओवर के दोनों ओर सुरक्षा कवच तैयार किया जा रहा है। पुलिस टीम काफी ऊपर खंभों पर मजबूत तार बांधेगी। इससे चीनी मांझा नीचे नहीं आएगा। ऐसे में दोपहिया वाहन चालक चपेट में नहीं आएंगे। उत्तर-पूर्व जिला के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि हादसे के बाद ही इसका फैसला कर लिया गया था। इसकी तैयारी भी शुरू हो गई। क्रेन की मदद से फ्लाईओवर के दोनों ओर तार बांधे जाएंगे। बाद में सीलमपुर, वेलकम और शाहदरा फ्लाईओवर पर भी इस तरह के इंतजाम किए जाएंगे। इससे पूर्व बुधवार को शास्त्री पार्क थाना पुलिस ने पूरे इलाके में जाकर लोगों को चीनी मांझे का इस्तेमाल न करने के लिए कहा। वहीं, वरिष्ठ अधिकारियों ने चीनी मांझा बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए कहा है। फिलहाल, पुलिस ऊंची इमारतों से पतंग उड़ाने वालों पर भी नजर रख रही है।

**मंगलवार को कट गई थी महिला की गर्दन:** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके में मंगलवार शाम स्कूटी सवार महिला की गर्दन चीनी मांझे की चपेट में आकर कट गई। महिला स्कूटी समेत सड़क पर गिरी और गर्दन से खून तेजी से निकलने लगा। महिला के पीछे दफ्तर के सहयोगी भी दूसरे वाहन से चल रहे थे। वे फौरन विंकी भारद्वाज (36) को कार से संत परमानंद अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से उसे वैशाली स्थित मैक्स अस्पताल रेफर कर दिया गया। बुधवार को महिला की सर्जरी की गई, लेकिन उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

### गर्मी के साथ ही शुरू हो जाती है पतंगबाजी

**दिल्ली** के अलावा हर राज्य में मौसम और त्योहार के अनुसार पतंगबाजी होती है, लेकिन राजधानी में गर्मियों की शुरूआत से ही पतंगबाजी शुरू हो जाती है। इस दौरान नियमों का उल्लंघन कर लोग चीनी मांझे का इस्तेमाल करते हैं। पाबंदी होने पर भी प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं देता। इसका खामियाजा राहगीर खासकर दोपहिया वाहन चालकों को उठाना पड़ता है। हर साल चीनी मांझे की चपेट में आकर दर्जनों लोग जख्मी होते हैं। परिंदे भी इसका शिकार होते हैं। अब उत्तर-पूर्वी जिला पुलिस चीनी मांझे वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कह रही है।

# अवैध हथियारों की तस्करी करने वाला आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान पुराना सीलमपुर निवासी मोहम्मद सगीर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से छह देसी पिस्तौल बरामद की है। अपराध शाखा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया गुरुवार को बताया कि पुलिस पूछताछ में आरोपित मोहम्मद सगीर ने बताया कि वह यूपी के खुर्जा निवासी मोहम्मद आमिर से ये अवैध हथियार पांच हजार रुपये में खरीदता था और उसे दिल्ली लाकर 10 हजार रुपये में बेचता था। साथ ही उसने बताया कि वह मोहम्मद आमिर से अवैध हथियार खरीदकर उन्हें ऊंची दर पर बेचता था। इसके लिए वह मोहम्मद आमिर को एडवांस में रुपए देकर रखता था। मोहम्मद आमिर ने उसे बताया था कि वह आगे प्रेम सिंह से हथियार खरीदता है। प्रेम सिंह को यूपी पुलिस ने अवैध हथियार की फैक्ट्री चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया था और उसकी अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री को सील भी किया था।

**काबू**

**● आरोपित की पहचान मोहम्मद सगीर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से छह देसी पिस्तौल बरामद की है**



राहुल गांधी की लोकसभा से सदस्यता रद्द होने पर एनएसयूआई ने गुरुवार को सेंट्रल दिल्ली में विरोध प्रदर्शन किया है। एनएसयूआई के सदस्यों ने जमकर नारेबाजी भी की।

# आप बनाम एलजी: बिजली सब्सिडी पर बयानबाजी तेज

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली में** आबकारी नीति के बाद अब बिजली बिल पर सब्सिडी को लेकर सियासी घमासान जारी है। दिल्ली की केजरीवाल सरकार उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना पर बिजली सब्सिडी खत्म करने की साजिश करने का आरोप लगा है। इसे लेकर आम आदमी पार्टी और भाजपा के नेताओं के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर चल रहा है ताजा मामले में दिल्ली की बिजली मंत्री आतिशी ने गुरुवार को एक प्रेस वार्ता कर उपराज्यपाल और भाजपा पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग से आज मेरे पास एक फाइल आई है, जिसमें किसानों और वकीलों को फ्री बिजली बंद करने का प्रस्ताव है। दिल्ली के मुख्यमंत्री और बिजली मंत्री ने जब ऐसा प्रस्ताव नहीं दिया तो फिर किसने यह आदेश दिया। आतिशी ने कहा कि बिजली अधिकारियों ने मुझे बताया कि उपराज्यपाल और भाजपा नेताओं के दबाव के कारण यह प्रस्ताव तैयार किया गया है। उपराज्यपाल और भाजपा के नेता आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल से नफरत करते हैं। लेकिन उन्हें दिल्लीवालों से नफरत नहीं करनी चाहिए। इस मामले पर किसान और वकील मुझे सुबह से फोन कर रहे हैं।



**आरोप**

**● बिजली विभाग से आज मेरे पास एक फाइल आई है, जिसमें किसानों और वकीलों को फ्री बिजली बंद करने का प्रस्ताव है**

# दिल्ली सरकार की योजना का लाभ नहीं उठा पा रहे वकील

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** सरकार द्वारा राजधानी के वकीलों और अधिवक्ताओं को बीमा का लाभ देने के लिए शुरू की गई दिल्ली वकील कल्याण योजना 2023 में तकनीकी खराबी के चलते पंजीयन में बाधा आ रही है। हालांकि दिल्ली सरकार के सूत्रों का कहना है कि यह तकनीकी समस्या जल्द खत्म हो जाएगी और वकीलों के पंजीयन करने की समय सीमा भी 10 से 15 दिन बढ़ा दी जाएगी। जिससे वकील और अधिवक्ता आसानी से अपना पंजीयन कर सकेंगे। दिल्ली बार काउंसिल के पूर्व चेयरमैन मुरारी तिवारी ने कहा कि दिल्ली सरकार की इस योजना के तहत दिल्ली सरकार द्वारा प्रदेश के वकीलों और अधिवक्ताओं को 10 लाख रुपये तक का बीमा लाभ प्रदान किया जाता है, साथ ही पांच लाख रुपये तक के मेडिकल कवर को सुविधा भी प्रदान की जाती है। इसी योजना का लाभ लेने के लिए सभी अधिवक्ता और वकील अपना पोर्टल पर पंजीयन करवा रहे है। लेकिन किसी तकनीकी खराबी के कारण वकीलों का पंजीयन नहीं हो पा रहा है। इस मामले की जानकारी हमने दिल्ली सरकार के अफसरों और संबंधित योजना का काम देख रहे अफसरों को दी है। उन्होंने हमें आश्वस्त किया है कि अगले कुछ दिनों में इस तकनीकी खराबी को ठीक कर लिया जाएगा।

# कड़ी सुरक्षा के बीच जहांगीरपुरी में निकला जुलूस

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली में** बीते साल रामनवमी के पर्व पर हुए फसाद को देखते हुए इस साल दिल्ली पुलिस पहले से ही अलर्ट मोड में है। दिल्ली के कई इलाकों में पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। पुलिस उपायुक्त उत्तर पश्चिम, दिल्ली जीतेंद्र मीना ने बताया कि जहांगीरपुरी इलाके में रामनवमी के अवसर पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। पूरे जिले में पुलिस तैनात रही। जहांगीरपुरी में एहतियाती व्यवस्था की गई। जुलूस या शोभा यात्रा की अनुमति नहीं है। लोग पार्क में शांतिपूर्वक रामनवमी मना सकते हैं।

**पुलिस ने सीमित इलाके में दी जुलूस निकालने की अनुमति:** पुलिस ने जहांगीरपुरी में लोगों को एक सीमित इलाके में रामनवमी का जुलूस निकालने की अनुमति दे दी। इसके लिए पुलिस ने जहांगीरपुरी के रामलीला मैदान के 200 मीटर के दायरे में बैरिकेडिंग कर दी। इस बैरिकेडिंग के बाहर कोई जुलूस आदि नहीं निकल सकता। हर आयोजक यह सीमा मानने के लिए बाध्य है।

**पिंकी चौधरी ने की जहांगीरपुरी पहुंचने की अपील:** दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में सुरक्षा बढ़ाई गई है। पुलिस का कहना है की शोभा यात्रा निकलने की इजाजत नहीं दी गई है। लेकिन रामलीला मैदान में पूजा पाठ कर सकते हैं। लेकिन हिंदू रक्षा दल के पिंकी चौधरी ने विडियो जारी कर लोगों को जहांगीर पूरी में पहुंचने की अपील की।

**लोगों से भाईचारा बनाए रखने की अपील:** जहांगीरपुरी इलाके में सैकड़ों की संख्या में जुलूस में शामिल हुए श्रद्धालु। दिल्ली पुलिस, आरपीएफ समेत अन्य पुलिस बल व स्पेशल ब्रांच की भी टीम तैनात रही।



**रामनवमी पर अलर्ट**

**● पुलिस ने जहांगीरपुरी में लोगों को एक सीमित इलाके में रामनवमी का जुलूस निकालने की अनुमति दी**

# दिल्ली-एनसीआर में गरज के साथ बरसे बादल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राजधानी** दिल्ली में एक बार फिर मौसम ने करवट ली है। गुरुवार दोपहर के बाद ही मौसम बदल गया है। दिल्ली में जमकर बारिश हुई। मौसम विभाग ने 3 दिन तक बारिश की संभावना जताई है। दिल्ली से सटे इलाकों में भी बादल छा गए। नोएडा और ग्रेटर नोएडा में तेज हवाएं भी चली। बुधवार को भी दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में मौसम ने करवट लिया था, जिसके चलते तेज बारिश हुई थी। बाहरी दिल्ली रिंग रोड के आस-पास तेज बारिश देखने को मिली है। वहीं, नूंह और गुरुग्राम में भी बारिश हुई है।



**मौसम विभाग का आनुमान:** दिल्ली सहित उत्तर पश्चिम भारत के कई हिस्सों में नए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से शाम से ही बादल छा जाने का अनुमान था। पूरे भारत की बात करे तो बुधवार को कई हिस्सों में तेज हवा के साथ हल्की बरसात हुई थी।

दिल्ली में गुरुवार को शाम साढ़े पांच से रात साढ़े आठ बजे के बीच सफदरजंग में 8.8 मिमी, जबकि पालम में 0.4 मिमी दर्ज की गई। इसी दौरान सफदरजंग में हवा की रफ्तार 57 किमी प्रति, जबकि पालम में 39 किमी प्रति घंटा रही। साथ ही गर्जन वाले बादल भी बने और बिजली भी चमकी। गुरूवार दिल्ली में अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्री अधिक 33.6 डिग्री, जबकि न्यूनतम तापमान 16.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 31 से 88 प्रतिशत रहा था। मौसम विभाग का पूर्वानुमान के मुताबिक बृहस्पतिवार को दिन भर बादल छाए रहने की बात कही गई थी। साथ ही मौमस विभाग ने कहा था कि गर्जन वाले बादल बनने और कहीं-कहीं हल्की बरसात भी हो सकती है। इसके अलावा मौसम विभाग ने कहा था कि अधिकतम तापमान 32 डिग्री और न्यूनतम 19 डिग्री सेल्सियस रहेगा।

# 'आप' ने 22 राज्यों में अलग-अलग भाषा में पीएम के पोस्टर लगाए

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आम आदमी** पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा कि आज पूरे देश के अंदर आप मोदी हटाओ देश बचाओ का पोस्टर अभियान चला रही है। अभी अलग-अलग राज्यों से सूचना आई है कि 22 राज्यों में अलग-अलग भाषा में यह पोस्टर पूरे देश भर में लगाए जा रहे हैं, जिसमें हिंदी, अंग्रेजी, पंजाबी, गुजराती, बंगाली, ओडिशा, असम, आंध्रा, केरला, कर्नाटक, गोवा, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, बिहार, उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश में पोस्टर लगाए गए हैं। शुक्रवार को प्रेस वार्ता कर राय ने कहा कि ह्यमोदी हटाओ देश बचाओ का पोस्टर अभियान 23 मार्च को शहीद दिवस के मौके पर शुरू किया गया था। जंतर-मंतर पर बड़ी सभा आयोजित की गई थी। उन्होंने कहा कि हम इस पोस्टर के माध्यम से कहना चाहते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी ने मजदूरों के कानूनों के हक को छीना, यूनिवर्सिटी के छात्रों का दमन किया गया।




# अब पर्यटकों के लिए एक साल में दो बार खुलेगा अमृत उद्यान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अपनी** खूबसूरती के लिए पूरी दुनिया में प्रसिद्ध राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान अगस्त माह में एक बार फिर आम जन के लिए खोला जाएगा। इस उद्यान के खुशबूदार रंग-बिरंगे फूल न केवल देश के लोगों को आकर्षित करते हैं, बल्कि विदेशी नागरिक भी इसे देखने के लिए आते हैं। आजादी के बाद यह पहली बार है जब इसे एक ही साल में दूसरी बार पर्यटकों के लिए खोला जाएगा। पर्यटकों के उत्साह को देखते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने यह पहल की है। यह अब सावन में 16 अगस्त से 16 सितंबर तक खुलेगा। इसे पहले मुगल गार्डन के नाम से जाना जाता था। इसी साल जनवरी में इसका नाम अमृत उद्यान किया गया था। 29 जनवरी से 29 मार्च तक यहां दस लाख पर्यटक आए थे। जो भी एक बार अमृत उद्यान की सैर कर लेता है, यहां की यादें सदैव के लिए उसके जीवन का हिस्सा बन जाती हैं। इस सावन में भी जब पर्यटक उद्यान की सुंदरता निहारने यहां आएं तो आंखों व दिल में प्रकृति के विविध रंग भर कर जाएं, इसकी तैयारी अभी से शुरू कर दी गई है। राष्ट्रपति के अपर सचिव राकेश गुप्ता के अनुसार अमृत उद्यान की सुंदरता बढ़ाने के लिए हमें ट्विटर, इंस्टाग्राम, फेसबुक व अन्य इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म के जरिये कई सुझाव मिले, जिन पर अमल करते हुए व्यवस्था में सुधार किया गया है। पर्यटक जब यहां आएंगे तो उन्हें अलग ही अनुभव मिलेगा।

**सजा नजर आएगा प्रकृति का आंगन:** जहां तक फूलों की बात है तो अप्रैल में जिन्निया, कोचिया, ग्रोम्फ्रेना, पेरीबिंकल (सदाबहार), सेलोसिया, कैना लीली, फुटबाल लीली, काक्सकांब, टेकोमा, आइपोमिया आदि की क्यारी लगा दी जाएंगी। भीनी-भीनी खुशबू वाले फूल, पौधे जैसे रजनीगंधा, मधुमालती, मोगरा, गंधराज, जैसमीन, बोगेनवीलिया प्रकृति के उल्लास और उमंग को बढ़ाने वाले होंगे। पर्यटकों को यहां प्रकृति का आंगन सजा नजर आएगा।



### पौधों को मिलेगा छाया का कवच

**बागवानी** विभाग के अधिकारी अवनीश कुमार के मुताबिक मई-जून माह में तापमान 46-48 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना है। ऐसे मौसम में पौधों को बचाने के लिए हर उपाय किए जा रहे हैं ताकि अगस्त, सितंबर में उद्यान फूलों से भरा दिखाई दे। इसके लिए अप्रैल के दूसरे पखवाड़े से क्यारियों को तैयार करने और उनकी अतिरिक्त देखरेख में 40 से अधिक बागवान जुट जाएंगे। हर पौधे की मौसम के हिसाब से पानी की अलग जरूरत होती है जिसका ध्यान रखा जाएगा। पौधों पर सीधी धूप ना पड़े, यह झुलसे नहीं, इसके लिए इन्हें शेड्स से भी कवर किया जाएगा।

## न्यूज फ्लैश

### मानागढ़ी से अब सीधे मिलेगी नोएडा के लिए रोडवेज बस

**मथुरा।** जनपद के अंतिम छोर पर बसे गांव मानागढ़ी से नोएडा होकर दिल्ली गाजियाबाद के लिए रोडवेज बस सेवा शुरू की गई है। सामाजिक कार्यकर्ता सुभाष नौहवार और कौशांबी डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक शिव बालक ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। कौशांबी डिपो की रोडवेज बस गांव मानागढ़ी से नोएडा होकर दिल्ली गाजियाबाद तक चलेगी। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक शिव बालक ने सोमवार को गांव मानागढ़ी के लिए हरी झंडी दिखा कर रोडवेज बस को रवाना किया। सामाजिक कार्यकर्ता सुभाष नौहवार ने बताया कि बाजना मानागढ़ी क्षेत्र को एनसीआर से जोड़ने के लिए काफी लंबे समय से प्रयास कर रहे थे। इस सुविधा से क्षेत्र की जनता को लाभ मिलेगा। नोएडा दिल्ली गाजियाबाद मेरठ जाने को आसान होगा। सुभाष नौहवार ने बताया कि मानागढ़ी से मथुरा व भरतपुर के लिए पहले से बस चल रही है।

### यमुना एक्सप्रेस वे पर हादसे में गाड़ी चालक की मौत

**मथुरा।** यमुना एक्सप्रेस वे पर मांट थाना क्षेत्र के माइल स्टोन 98 के पास गुरुवार की सुबह करीब चार बजे पेट्रोलिंग कर रही पुलिस की बोलेरो गाड़ी दुर्घटना का शिकार हो गई। पुलिस की गाडी पीछे से ट्रैक्टर ट्राली में घुस गई, जिससे गाड़ी का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। गाड़ी चला रहे दीवाना कला निवासी चालक शैलेश चौधरी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, वहीं साथ में बैठे हेड कांस्टेबल भूपेंद्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। इस हादसा को देख राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर हेड कांस्टेबल को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया है। वहीं चालक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर को मौके पर छोड़कर भाग गया। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया है।



### सट्टा खिलाने के आरोप में पकड़ा

**मथुरा।** थाना वृन्दावन पुलिस ने सट्टा खिलाने के आरोप में रिन्कु पुत्र नेत्रपाल निवासी उझियानी थाना सैफई इटावा हाल निवासी किराये का मकान (हरिओम पुत्र राधारमण) वंशीवट थाना वृन्दावन को 890 रुपये, एक सट्टा पर्चा नोटबुक, एक पैन के साथ गिरफ्तार किया है। धारा 13 जुआ एक्ट में कार्यवाही की गई है।

### 26 क्वार्टर शराब पकडी

**मथुरा।** थाना वृन्दावन पुलिस ने 26 क्वार्टर नगीना मार्का शराब के साथ जितेन्द्र कुमार पुत्र शिवनरायण निवासी ग्राम गोपालपुर पोस्ट सरदाहा थाना महाराजगंज जनपद आजमगढ को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना वृन्दावन विजय कुमार सिंह के मुताबिक आरोपित के खिलाफ धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।

### एसपीसी लाइफ साइंसेज लिमिटेड ने सेबी के समक्ष फाइल किया डीआरएचपी

**नोएडा।** कुछ प्रमुख सक्रिय फार्मास्युटिकल सामग्री (एपीआई) के लिए एडवांस्ड इंटरमीडिएट्स के भारत के अग्रणी निमार्ताओं में से एकएसपीसी लाइफ साइंसेज लिमिटेड (कंपनी) ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दायर किया है। 6-क्लोरो-हेक्सेन-2-वन के लिए यूएस एफडीए द्वारा अनुमोदित सुविधा से लैस, कंपनी फार्मा इंटरमीडिएट्स विकसित कर सकती है और उन फार्मास्युटिकल कंपनियों के साथ काम कर सकती है जो अपनी आपूर्ति श्रृंखला के एक हिस्से के रूप में यूएस एफडीए के अनुरूप विनिर्माण सुविधाओं की तलाश करती हैं। कंपनी आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के माध्यम से धन जुटाने की योजना बना रही है जिसमें (ए) ? 3,000 मिलियन तक के इक्विटी शेयरों का फ्रेश इश्यू और (बी) 8,938,870 इक्विटी शेयरों की बिक्री की पेशकश शामिल है। प्रत्येक इक्विटी शेयर का अंकित मूल्य ?10 है। कंपनी निम्नलिखित उद्देश्यों की फंडिंग के लिए नए इश्यू की शुद्ध आय का उपयोग करने का प्रस्ताव करती है- (ए) कंपनी द्वारा 550 मिलियन की राशि के कुछ बकाया उधारों का पुनर्भुगतान/पूर्व भुगतान; (बी) फार्मास्युटिकल इंटरमीडिएट्स की अपनी उत्पाद पेशकशों का विस्तार करने के लिए दाहेज सुविधा में फेज-2 की स्थापना के लिए कंपनी की पूंजीगत व्यय आवश्यकताओं का वित्तपोषण 1,223 .23 मिलियन; (सी) 400 मिलियन की कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को फंडिंग और (डी) शेष राशि सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए।

# मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम ने हर संबंध को खुशहाल ढंग से निभाने की प्रेरणा दी: जैन

## बिना छल कपट के जीवन यापन कर ईश्वरत्व को प्राप्त कर सकते हैं: पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन, राजीव जैन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन एवं मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने रामनवमी के पर्व की बधाई देते हुए कहा की श्रेष्ठ गुण कर्म स्वभाव से युक्त जीवन जीकर मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम ने हर संबंध को खुशहाल ढंग से निभाने की प्रेरणा हमें दी इसलिए वह कश्मीर से कन्याकुमारी तक ही नहीं बल्कि सुदूर देशों में भी अगाध श्रद्धा के केंद्र है। दोनों ने रामनवमी के पर्व पर एक दर्जन से ज्यादा कार्यक्रमों में शिरकत की जिसमें श्री राम मंदिर मोहल्ला कोट,






अंजनी पुत्र सेवा समिति एवं राम मंदिर अग्रवाल धर्मशाला मंडी की शोभायात्रा, श्री राम शरणम में सामूहिक विवाह, चांदनी धर्मार्थ सेवा समिति द्वारा कन्या पूजन, हनुमान मंदिर पार्क सेक्टर 14 में भंडारा, शिव मंदिर नरेंद्र नगर में कन्या पूजन, इंडस्ट्रियल एरिया स्थित यूनिसूल फैक्टरी में रक्तदान शिविरमें भाग लिया। उन्होंने कहा कि श्री राम मानवीय मूल्यों की मर्यादा का प्रतिनिधित्व करते हैं, सबसे बड़ी बात यह है कि राज्याभिषेक से अति प्रसन्न नहीं होते और वनवास के दुख का लेशमात्र भी असर नहीं होता। राजीव जैन ने कहा कि कुलीन होने के बाद भी उनका छोटी जातियों से अगाध प्रेम, दानवों के प्रति भी क्षमा का भाव यह साबित करता है कि बिना छल कपट के जीवन यापन कर ईश्वरत्व को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय समाज में मयार्दा, आदर्श, विवेक तथा लोकतांत्रिक मूल्यों और संयम का नाम राम है। इसलिए हमें मानव जीवन को सार्थक करने के लिए श्री राम के चरित्र को अपनाना चाहिए।

# राकेश टिकैत के दौरे से मथुरा में गर्मा सकती है किसान राजनीति!



**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

किसान नेता राकेश टिकैत के दौरे के बाद मथुरा में किसान राजनीति गर्मा सकती है। संगठन किसानों के मुद्दों पर आंदोलन की रणनीति तैयार कर रहा है। इसका खुलासा खुद संगठन के पदाधिकारियों ने प्रेसवार्ता में किया। राजनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण मथुरा किसान आंदोलन के लिए भी उर्वरा भूमि रही है। किसान नेता राकेश टिकैत तीन अप्रैल को मथुरा पहुंच रहे हैं। वह यहां किसानों से सीधा संवाद करेंगे। प्रेसवार्ता के दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने जिस तरह के तेवर दिखाए उससे यह साफ हो गया कि संगठन किसानों के मुद्दों को लेकर आंदोलन की भूमिका तैयार कर रहा है। बिजली बिल, एमएसपी, भ्रष्टाचार और फसलों को बरसात से हुए नुकसान के एवेज में पर्याप्त मुआवजा नहीं मिलने जैसे मुद्दों के इर्द गिर्द आंदोलन की भूमिका तैयार की जा रही है। इसके अलावा किसानों के स्थानीय मुद्दों को भी इसके साथ जोडा जा रहा है। इसके लिए संगठन के पदाधिकारी गांवों में लगातार संपर्क कर रहे हैं और किसानों का समर्थन जुटा रहे हैं। प्रेस वार्ता के दौरान प्रदेश प्रवक्ता गजेंद्र सिंह परिहार ने बताया कि राकेश टिकैत छाता तहसील के गांवों में किसानों से संवाद स्थापित करेंगे।

# मॉर्निंग ग्लोरी स्कूल का वार्षिक परिणाम रहा शत प्रतिशत

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** मॉर्निंग ग्लोरी स्कूल का वार्षिक परिणाम घोषित किया गया क वार्षिक परिणाम शत-प्रतिशत रहा क छात्रों, अभिभावकों और स्कूल के स्टाफ की कड़ी मेहनत ने इसे संभव बनाया। प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय ,तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को मेडल और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल की मुख्याध्यापिका मालती अरोड़ा ने परिणाम को साँझा करने पर गर्व और प्रसन्नता दशार्ते हुए अभिभावकों से कहा यदि हम सब घर पर और स्कूल में अपने बच्चों को प्रोत्साहित करें और उनका समर्थन करें, तो सफलता की संभावनाएं बढ़ जाती है स्कूल डायरेक्टर महेन्दर भटनागर ने अभिभावकों को बताया कि मेहनत ही सुनहरी चाबी है जो बंद दरवाजों को खोल देती है। स्कूल 2006 से अपनी सेवाएं जनता को प्रदान कर रहा है क स्कूल में पढ़ने वाला प्रत्येक बच्चा संस्कृति का विकास करने और उसे कायम रखने में सक्षम है क बच्चे जानते है कि सीखने के





# गैंगरेप का झूंठा कथानकर रचने के दो आरोपी पकड़े

**मथुरा।** थाना कोसीकलां पुलिस ने गैंगरेप की झूठा घटना में पीडिता के फर्जी दस्तावेज तैयार कर लोगों को फंसाने के मामले का खुलासा किया है। पुलिस के मुताबिक तीन अलग अलग घटनाओं में वादी पक्ष पर राजीनामा के लिए दबाव बनाने के उद्देश्य से इस तरह की घटना का कथानक रचा गया था। एक अभियुक्ता सहित दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। 14 जनवरी 2023 को गोपालबाग के पास नहर की पटरी पर दिनेश वकील पुत्र बनवारी लाल शर्मा निवासी कृष्णा विहार कालौनी कोसीकलां, कृष्ण पुत्र मूलचन्द निवासी फालैन थाना कोसीकलां तथा मूलचन्द पुत्र परमानन्द निवासी फालैन थाना कोसीकलां के द्वारा पीडिता के साथ गैंगरेप का झूठा कथानक रचकर तथा पीडिता के फर्जी दस्तावेज तैयार कराकर न्यायालय से आदेश पारित कराकर थाना कोसीकलां पर मुकदमा पंजीकृत कराया गया था।

# बासंतिक नवरात्रि की नवमी पर देवी मंदिरों में रही धूम

**टीम एक्शन इंडिया/ मथुरा/लोकेश चौधरी** बासंतिक नवरात्र की राम नवमी पर्व पर देवी मंदिरों में विविध धार्मिक और सांस्कृतिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। देवी भक्तों ने मां भगवती का विधिवत पूजन अर्चन कर मनौती मांगी। कान्हा की नगरी श्री धाम वृंदावन में चैत्र शुक्ल राम नवमी के पावन पर्व पर मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ वृंदावन के पुराना बजाजा बाजार स्थित अलवर वाली कुंज में धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर प्रातः कालीन बेला में मंदिर के सेवायत चंद्र मोहन भट्ट के द्वारा श्री रामचंद्र प्रभु के विग्रह का महाभिषेक किया गया और मंगला आरती की गई। वहीं मंदिर परिसर में भव्य फूल बंगला और महाआरती का आयोजन किया गया। साथ ही इस मौके पर साधु सेवा व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस पावन मौके पर संध्याकालीन बेला में सामूहिक सुंदरकांड पाठ और भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। वही भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष मधु शर्मा ने बताया कि आज के दिन हिंदुओं के लिए गर्व का दिन है, क्योंकि आज ही के दिन प्रभु श्री राम ने धरती पर आकर असुरों के विनाश हेतु जन्म लिया था।



# बढ़ती महंगाई के खिलाफ ऊंटों पर बैठकर भाजपा के खिलाफ किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

सोनीपत विधानसभा के वार्ड-8 व 9 में हाथ से हाथ जोड़ों कार्यक्रम का बृहस्पतिवार को बेहद शानदार तरीके से राठधाना रोड नजदीक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के पास से आगाज किया गया। विधायक सुरेंद्र पंवार, मेयर निखिल मदान, सीनियर डिप्टी मेयर व कार्यक्रम के आयोजक राजीव सरोहा, पार्षद बिजेंद्र मलिक, युवा जिला उपाध्यक्ष प्रिंस सरोहा ने ऊंट पर बैठकर बढ़ती महंगाई के खिलाफ रोष व्यक्त किया। इसके उपरांत आईटीआई चौक पर पहुंचकर भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम के दौरान हजारो की तादाद में चल रही जनसंपर्क यात्रा का विभिन्न स्थानों पर फूलमालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया गया।



विधायक सुरेंद्र पंवार ने क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज पेट्रोल व डीजल की कीमतों में बेहताशा वृद्धि हुई है, जिसकी वजह से वाहन चालकों को वाहनों से चलना दुभर हो गया है। आयेदिन ईंधन के मूल्य में हो रही वृद्धि से आमजन परेशान है, लेकिन भाजपा सरकार सिर्फ दावों तक सीमित है। विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि आज आमजन महंगाई की मार से करहा रहा है, लेकिन सरकार कोई सुध नहीं ले रही। उन्होंने कहा कि आज ऊंट की सवारी से जनसंपर्क यात्रा शुरू करने का सिर्फ यही सन्देश है कि आज पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दामों ने आमजन की कमर तोड़ दी है, अब आमजन ऊंट पर ही सवारी करना समझदारी मानता है। आज आमजन सरकार को ऊंट के माध्यम से जगाना चाहते है कि अब आमजन ऊंट पर चढ़कर सवारी कर रहा है, यदि नीचे से आमजन नजर नहीं आ रहा तो कम से कम ऊंट पर चढ़ा व्यक्ति तो नजर आना चाहिए। उन्होंने कांग्रेस के संकल्प पत्र पर बोलते हुए कहा कि प्रदेश में नेता प्रतिपक्ष चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में सरकार बनने पर बुढ़ापा पेंशन 6 हजार रुपये प्रति व्यक्ति की जाएगी। जरूरतमंदों को 100-100 वर्ग गज के प्लाट पुनः दिए जाएंगे, इसमें दो-दो कमरे व पानी व बिजली का कनेक्शन भी मुहैया करवाया जाएगा। हिमाचल व छतीसगढ की तर्ज पर पुरानी पेंशन योजना लागू की जाएगी। जिन लोगों के बीपीएल कार्ड व पेंशन को सरकार द्वारा काटा गया है उन्हें पुनः बहाल किया जाएगा। परिवार पहचान पत्र व प्रापर्टी आईडी को समाप्त किया जाएगा। 300 यूनिट तक बिजली बिल माफ किया जाएगा। गैस सिलैंडरों की कीमत 500 रुपये तक कम करने का प्रयास किया जाएगा।

# निबव होम एलेवेटर्स गुड़गांव में लेकर आया है लक्जरी होम लिफ्ट्स

**गुरुग्राम।** देश का सबसे लोकप्रिय और भारत का एकमात्र टीयूवी एसयूडी प्रमाणित होम लिफ्ट ब्रांड निबव होम एलेवेटर्स ने आज गुड़गांव में अपने प्रवेश की घोषणा की। एम3एम अरबना में स्थित 1000 वर्ग फुट के केंद्र में निबव के सबसे सुरक्षित और सुरुचिपूर्ण ढंग से डिजाइन किए गए न्यूमैटिक इन-होम लिफ्ट मॉडल - सिरीज क्क्क और सिरीज क्क्क मैक्स प्रदर्शित हैं। निबव के होम लिफ्ट्स की पेटेंट डिजाइन पुरस्कार विजेता होने के साथ-साथ विश्व स्तर पर प्रमाणित भी हैं, इन-बिल्ट वॉयस एसिस्टेंस के साथ उन्नत प्रौद्योगिकी और अनुकूलनीय पैकेजों के साथ किफायती कीमत पर उपलब्ध है। अभिनव उत्पाद डिजाइन और आसान स्थापना के कारण घर पर कोई अतिरिक्त निर्माण कार्य करवाने की कोई आवश्यकता नहीं है और 24 घंटे से भी कम समय में लग जाता है। निबव होम एलेवेटर्स ने भारत में 30 से अधिक स्थानों पर स्थित अपने शक्तिशाली नेटवर्क और दुनिया भर के 14 से अधिक देशों में होम एलेवेटर सेगमेंट में राष्ट्रीय आइकन के रूप में अपनी प्रतिष्ठा स्थापित की। इंजीनियर्ड होम लिफ्ट्स हर घर में जीवन की गुणवत्ता को बदलने के लिए काम करता है तथा मकान मालिकों, व्हीलचेयर या वॉकिंग फ्रेम का उपयोग करके चलने वाले लोगों के लिए सुरक्षित प्रवेश और निकास प्रदान करता है, कम चल-फिर सकने वाले लोगों, चिकित्सा प्रक्रिया से उबर रहे लोगों, सेवानिवृत्ति, विकलांगता या गंभीर अस्थमा से पीड़ित लोगों को संधारणीय पर्यावरण-अनुकूल होम लिफ्ट अपनाने की अनुमति देता है।

# ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के अंतर्गत पेडा द्वारा वर्कशॉप आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/खन्ना**

पंजाब ऐनर्जी डिवलपमेंट ऐजेंसी (पेडा) द्वारा ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के अंतर्गत आयोजित की रही प्रदेशव्यापी वर्कशाप सीरिज के तहत खन्ना स्थित गुलजार ग्रुप आफ इंस्टीच्यूशंस में कैपेस्टी बिल्डिंग ट्रेनिंग वर्कशॉप का आयोजिन किया गया। पेडा के मैनेजर मनी खन्ना ने बताया कि युवा शक्ति बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं इसलिये उन्हें लक्षित कर पूरे सप्ताह के दौरान कालेज और युनिवर्सिटी स्तर के युवाओं के लिये यह वर्कशॉप पटियाला, जालंधर, अमृतसर, मोहाली और लुधियाना में तय की गई है। वर्कशॉप का संचालन मोनार्क डिजाइन स्टूडियो के आर्किटेक्ट अमित कुमार शर्मा ने किया जिसमें उन्होंनें ऊर्जा दक्षता के विभिन्न पहलुओं से अवगत करवाया।



# नौकरी के नाम पर ठगे 54 हजार

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला छावनी (मनीष कुमार)**

अंबाला में बिजली बोर्ड में नौकरी लगवाने के नाम पर 54 हजार रुपए हड़प लिए। रुपए वापस मांगने पर जान से खत्म करने की धमकी दी। आरोपी शिकायतकर्ता के पिता से अंबाला छावनी के सदर बाजार में मिला था। मामला एसी आफिस में पहुंचने के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। अंबाला छावनी के कमल विहार निवासी भंवर सिंह ने बताया कि उसके पिता को जिला करनाल के गांव रायपुर जट्टान निवासी सोमपाल सदर बाजार

**▶▶ मामला एसी आफिस में पहुंचने के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है**

अंबाला कैंट में मिला। सोमपाल ने उसके पिता को उसका हारट्रेन का सर्टिफिकेट बनवा बिजली निगम पंचकूला में नौकरी लगवाने की बात कही। आरोपी ने कहा था कि वह लड़के का हारट्रेन का सर्टिफिकेट भी बनवा देगा, जिसके बाद पंचकूला बिजली बोर्ड में सरकारी नौकरी भी लगवा देगा। आरोपी ने कहा था कि उसकी कई मंत्रियों के साथ अच्छी बातचीत भी है। शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपी ने फोन पर उसे भी अपनी बातों में उलझा लिया। आरोपी के कहने पर उसने 28 अगस्त 2021 को 14 हजार ट्रांसफर किए। सोमपाल ने एक दिन उसे मेडिकल के लिए पंचकूला बुलाया। यहां उसका ना तो कई मेडिकल हुआ और न ही हारट्रेन का सर्टिफिकेट दिया। शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपी ने मेडिकल के नाम पर भी 20 हजार रुपए ठग लिए। उसके बाद से फोन उठाना बंद कर दिया। जब उसने किसी न किसी तरह संपर्क किया तो जान से खत्म कराने की धमकी दी।

# परीक्षा में फेल होने पर विद्यार्थी लापता

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अंबाला में 17 वर्षीय स्टूडेंट संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। 11वीं क्लास के रिजल्ट में स्टूडेंट फेल हो गया था। बच्चे का कहीं कोई सुराग न लगने पर परिजन सकते में हैं। रिश्तेदारों के साथ बच्चे की तलाश में जुटे हैं।

पुलिस को सौंपी शिकायत में सेक्टर-सी डिफेंस कॉलोनी निवासी चंचल ने बताया कि उसका 17 वर्षीय बेटा आदित्य उर्फ आयुष आर्मी पब्लिक स्कूल अंबाला कैंट में पढ़ाई करता है।

# महिला मंडल ने श्रद्धापूर्वक मनाया रामनवमी

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला छावनी (मनीष कुमार)**

**हर वर्ष** की भांति इस वर्ष भी आहलूवालिया बिल्डिंग में महिला मंडल द्वारा नवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया गया जिसमे अबकी बार 9 दिन लगातार मां की अखंड ज्योति नवीन जैन और प्रभा जैन के निवास स्थान पर जलाई गई वहां पर 9 दिन मां की रोजाना पूजा अर्चना की गई और महिला मंडल द्वारा मां की भेंटे गाकर मां का गुणगान किया गया और नौवें दिन रामनवमी मनाई गई जिसमे रामजन्म मनाया गया और एक नन्ही बच्ची को भगवान राम का रूप देकर रामजन्म को धूमधाम से मनाया गया। महिला मंडल से बबली वालिया ने बताया के यह परंपरा सन 2000 से चली आ रही है कि बिल्डिंग निवासी सभी महिलाएं एक ही घर में मां की अखंड ज्योति जलाकर नवरात्रों के पर्व को श्रद्धा के साथ मनाते है उस घर में हर रोजाना माँ का भजन कीर्तन किया जाता है और प्रशाद बाटा जाता है और ये हमारा 46वा नवरात्री महोत्सव और 23वा श्री राम जन्मोत्सव है। विजय गुप्ता ने बताया कि साल में आने वाले दो नवरात्रि पर्व में माँ की जोत किसी एक घर में जलाई जाती है और वही पर रोजाना भजन होता है। इस कार्यक्रम में रोजाना महिला मंडल में अजय वालिया ,विजय गुप्ता, बबली वालिया ,प्रभा जैन, शमा शारदा ,उर्मिल खन्ना, रेखा सूद,निधि और मीनू पाहुजा ने माँ का गुणगान किया ' कार्यक्रम के पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बिल्डिंग निवासियों के साथ-साथ आसपास के लोगों ने भी लंगर प्रसाद प्राप्त किया।



# महिला घर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

पति से कहासुनी होने के बाद महिला घर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजन पिछले एक सप्ताह से विवाहिता की तलाश में जुटे हैं। अभी तक कहीं सुराग नहीं लगा है। शहजादपुर थाना पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की है। गांव खेड़की मानकपुर निवासी सुभाष चंद्र ने बताया कि 14 वर्ष पहले उसकी यूपी के गांव पटनी (सहारनपुर) निवासी सुजाता के साथ शादी हुई थी। शादी के बाद से उसके पास बेटा और बेटी है। सुभाष चंद्र ने बताया कि 23 मार्च की सुबह 11 बजे उसकी पत्नी मायके जाने की जिद कर रही थी।

# स्वयं ने नेशनल हैंडीकैप्ड फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के साथ की विशेष साझेदारी

**टीम एक्शन इंडिया/नोएडा**

सामान्य रूप से चलने-फिरने में असक्षम लोगों के आत्मसम्मान और उनके हितों को ध्यान में रखते हुए स्वयं संगठन ने नेशनल हैंडीकैप्ड फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के साथ सुगम्य पारिवारिक शौचालय के लिए एक विशेष साझेदारी की है। इस साझेदारी की घोषणा को लेकर आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में सावित्री देवी जिंदल, अध्यक्ष जिंदल समूह, आरती जिंदल, स्मिनु जिंदल, स्वयं फाउंडेशन की संस्थापक-अध्यक्ष और जिंदल साव लिमिटेड की प्रबंध निदेशक, राजेश अग्रवाल, सचिव, दिव्यांगजन विभाग, समाज कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, डॉ डीएन शर्मा, एनएचएफडीसी फाउंडेशन के ट्रस्टी, डॉ एससीएल गुप्ता, एनएचएफडीसी फाउंडेशन के उपाध्यक्ष और अर्जन बत्रा मौजूद थे। इस विशेष कार्यक्रम का उद्घाटन 27 मार्च, 2023 को दिल्ली स्थित इंडिया हैबिटैट सेंटर में किया गया। गौरतलब है कि इस मौके पर सामान्य रूप से चलने-फिरने में असक्षम लोगों की चुनौतियों को लेकर अभिगम्यता जागरुकता फैलाने के लिए जागरुकता सप्ताह को भी आयोजित किया।



# जहांगीरपुरी वार्ड में 35वें विशाल भंडारे का हुआ आयोजन







**तीरथ राज/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के जहांगीरपुरी वार्ड में निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा ने रामनवमी और नवरात्रों के उपलक्ष्य में माता भगवती की कृपा से 35वें विशाल भंडारे का आयोजन किया और अपने नवरात्रे व्रत का समापन किया। इस मौके पर बादली विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजेश यादव के सुपुत्र युवराज यादव, वार्ड-17 से निगम पार्षद अजीत सिंह यादव, वार्ड-19 से निगम पार्षद जोगिंदर बंटी राणा, वार्ड-20 से मामचंद यादव सहित बादली विधानसभा क्षेत्र के कई प्रतिष्ठित व्यक्ति मौजूद रहे। इस अवसर पर युवा समाजसेवी युवराज यादव ने कहा कि प्रभु श्रीराम सभी की सुनते है बस सच्चे मन से प्रभु की आराधना करने की आश्वश्कता है। इस अवसर पर निगम पार्षद अजीत यादव ने कहा कि आज रामनवमी पर निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा के परिवार के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। मैं सभी को रामनवमी की शुभकामनाएं देता हूं। इस मौके पर निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा ने कार्यक्रम में आये हुए सभी गणमान्य लोगों का धन्यवाद किया।

# श्रीराम का चरित्र हमें जीवन में आगे बढ़ने की देता है प्रेरणाः राजेन्द्र सिंहल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राष्ट्रीय** महामंत्री गोरक्षा विभाग विश्व हिंदू परिषद, महामंत्री भारत माता कल्याण प्रन्यास और विख्यात गो सेवक राजेंद्र सिंहल ने नवरात्रि एवं रामनवमी के अवसर पर किया विशाल भंडारे का आयोजन किया। राजेंद्र सिंघल ने विशाल भंडारे का आयोजन अपने निवास स्थान महाराजा अग्रसेन मार्केट बवाना रोड पर किया। भंडारे में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर नरेला एसीपी सुरेश कौशिक, भाजपा राष्ट्रीय किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष मुकेश मान, विश्व हिंदू परिषद जिला महामंत्री राजेश जैन, पूर्व निगम प्रत्याशी आनंद खत्री, समाज सेवी कपिल भारद्वाज, राहुल सिंहल, नीलेंद्र, भूषित व भव्य के साथ सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस विशेष मौके पर राजेंद्र





सिंहल ने कहा कि भगवान राम व उनका आदर्श चरित्र हमें जीवन में आगे बढने और सदाचार रखने की प्रेरणा देता है। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जीवन, उनकी कर्तव्यनिष्ठा और उच्च आदर्श पूरी मानवता के लिए मार्गदर्शन और प्रेरणा के स्त्रोत हैं। राजेंद्र सिंघल ने राम नवमी की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए सभी के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने आगे कहा कि भगवान श्रीराम ने हमें सदाचार, सहिष्णुता, दया और भाईचारे के मूल्यों को अनुकरण करने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि हम सभी को प्रभु श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में योगदान का संकल्प लेना चाहिए। भगवान राम का जीवन हमें मर्यादाओं का पालन कर सत्य व धर्म के मार्ग पर चलने की सीख देता है।
उनका जीवन सत्य, न्याय, गुरुजनों के लिये सम्मान और मानवता के प्रति प्रेम के सिद्धांतों का पर्याय है। भगवान श्रीराम की कृपा से सभी को जीवन में सुख, शांति और समृद्धि प्राप्त हो।

# गरीबों व असहायों की सभी करें मददः संजय राघव

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आदर्श** नगर विधानसभा क्षेत्र के प्रसिद्ध समाजसेवी संजय राघव ने कहा कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को समाज सेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद व निर्धन तबके की सहायता करनी चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि सभी को पौधारोपण करना चाहिए और उस पौधे की रक्षा परिवार की तरह करनी चाहिए। जिससे की आपका क्षेत्र हरा-भरा नजर आये। उन्होंने सभी से कहा कि सभी अपने जन्मदिन व सालगिरह पर एक पौधा अवश्य ही लगाये और दूसरों को पौधारोपण करने के लिए




प्रेरित करें। उन्होंने आगे बताया कि आज हमें बड़ी इमारतो को बनाने के चक्कर में पेड़ काट देते है, जो गलत है। मेरी सभी से अपील है कि सभी अधिक से अधिक पौधे लगाये।

# पार्षद योगेश वर्मा ने पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाने के लिए क्षेत्र की जनता से अपील की

**पार्षद ने जनता से की अपील...**

- क्षेत्र की जनता से अपील की कि यदि वे कार्यों में हमारा सहयोग करेंगे तो पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाने में उनका महत्वपूर्ण योगदान होगा व देवी-देवताओं की मूर्तियों का निरादर भी नहीं होगा।

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** नगर निगम में वार्ड संख्या-64 के निगम पार्षद योगेश वर्मा द्वारा नवरात्रों के शुभ अवसर पर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को दुरूस्त व पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाने के लिए क्षेत्र की जनता से अपील की गई। इस अवसर पर योगेश वर्मा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष नवरात्रों व गणेश पूजा के अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा अपने-अपने घरों में पूजा की जाती है और प्रायः यह देखा जाता है कि पूजा के उपरांत पूजा सामग्री व मूर्तियों को लोग





दिल्ली में कोई नहर अथवा उचित स्थान न होने की वजह से नजदीकी नालों में अथवा पेड़ों के नीचे रख देते हैं जिससे एक ओर तो हमारे हिन्दू देवी-देवताओं का अपमान होता है वहीं दूसरी ओर इसका सीधा असर सफाई व्यवस्था पर पड़ता है और पर्यावरण भी प्रदूषित होता है। उन्होंने बताया कि कई बार यह भी देखने में आता है कि पूजा सामग्री में इस्तेमाल किये गये फूल-मालाओं, प्रसाद आदि को पेड़ों के नीचे रखे जाने के कारण उन्हें गाय खाती हैं जिससे वे भी बीमार पड़ती हैं और बड़ी संख्या में उनकी मौतें भी इन्हीं सब कारणों से हो रही हैं। योगेश वर्मा ने कहा कि उपरोक्त के मद्देनजर क्षेत्र के प्रेरणा चौक पर नाले के पास निगम कर्मचारियों की निगरानी में दो बड़े ड्रम रखवाये गये हैं ताकि हमारे निगम कर्मचारी नाले में पूजा सामग्री व मूर्तियों को डालने आने वाले लोगों को ये सामग्री ड्रम में डालने के लिए प्रेरित करें जिससे नाले में गंदगी नहीं होगी और हमारे आस-पास का क्षेत्र व पर्यावरण प्रदूषित होने से बचेगा। इसी प्रकार से श्री वर्मा ने बताया कि क्षेत्र के तकरीबन सभी बड़े मंदिरों के बाहर भी दो-दो बड़े ड्रम रखवाये गये हैं और क्षेत्रीय जनता से अपील की गयी है कि वे अपने घरों में इस्तेमाल की गयी पूजा सामग्री व भगवान की मूर्तियों को अपने आस-पास के मंदिरों के बाहर रखे गये ड्रम में डाल दें जिसे बाद में निगम कर्मचारियों द्वारा वहाँ से उठवा लिया जायेगा और पूजा सामग्री के अपशिष्टों से निगम के कम्पोस्ट पलांट पर खाद तैयार कर उसका इस्तेमाल निगम के पार्कों में हरियाली के लिए किया जायेगा व खण्डित मूर्तियों को उचित स्थान पर गढ्ढ़ा बनाकर विधि-विधान से विसर्जित कर दिया जायेगा। उन्होंने क्षेत्र की जनता से अपील की कि यदि वे उपरोक्त कार्यों में हमारा सहयोग करेंगे तो पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाने में उनका महत्वपूर्ण योगदान होगा व देवी-देवताओं की मूर्तियों का निरादर भी नहीं होगा।

# शालीमार बागः मोहल्ला क्लिनिक बंद होने से लोग परेशानः सत्यपाल शर्मा

## शर्मा ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि अविलम्ब मोहल्ला क्लिनिक को खोला जाये

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के शालीमार बाग पूर्वी केला गोदाम रोड़ पर स्थित मोहल्ला क्लिनिक गत् कई महिनों से बंद पड़ा हुआ है। उक्त जानकारी जागरूक उपभोक्ता मंच के महामंत्री और शालीमार बाग के समाजसेवी सत्यपाल शर्मा ने दी। श्री शर्मा ने कहा कि क्लिनिक से स्थानीय निवासी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ नहीं ले पा रहे है। कमजोर वर्ग के लोगों के लिए मोहल्ला क्लिनिक लाभप्रद रहा था, मगर क्लिनिक के बंद हो जाने




से स्थानीय निवासी क्लिनिक की सुविधा नहीं ले पा रहे है। जागरूक उपभोक्ता मंच के महामंत्री सत्यपाल शर्मा ने दिल्ली के मुख्यमंत्री से मांग की है कि अविलम्ब मोहल्ला क्लिनिक को खोला जाये। जिससे की क्षेत्रवासी लाभान्वित हो सके।

# आप राज में केवल कागजों में ही हो रहा है विकासः सैनी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कांग्रेस** के ब्लॉक अध्यक्ष खेमचंद सैनी ने कहा कि कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है। उन्होंने कहा कि आज आप राज में कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन आप व भाजपा दिल्ली की जनता की समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रहे है, जिसके चलते लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। आम आदमी पार्टी के राज में विकास केवल कागजों में ही नजर आ रहा है, धरातल पर तो विकास हो ही नहीं आ रहा है। आप कहती है कि



हम दिल्ली की जनता को मुफ्त पानी दे रहे है, लेकिन वास्तविकता यह है कि आज भी दिल्ली की कई कॉलोनियों में गंदा पानी आने की वजह से जनता को परेशान होना पड़ रहा है।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यों से प्रसन्न हैं देश के लोगः अमित मित्तल

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
देश के लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यों से काफी ज्यादा खुश है। उक्त बातें भाजपा नेता अमित मित्तल ने कही। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा के राज में आज देश में विकास ही विकास देखने को मिल रहा है। देश की जनता प्रधानमंत्री मोदी के कार्यों से काफी ज्यादा प्रसन्न है। श्री मित्तल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है। तभी तो लोग भाजपा के कार्यों से प्रभावित है। उन्होंने कहा कि भाजपा जो



कहती है, वह करके दिखाती है। यही कारण है कि देश के कोने-कोने में भाजपा का कार्यकर्ता मौजूद है और देश के लोगों की निःस्वार्थ भाव से सेवा कर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य कर रही है। यही कारण है कि दिल्ली में विकास की गति काफी ज्यादा धीमी है और दिल्ली के लोग विकास कार्यों को तरस रहे है। उन्होंने कहा कि वृक्षों का मानव जीवन में और पर्यावरण में संतुलन स्थापित करने में सबसे बड़ा योगदान है। पेड़ हमें ऑक्सीजन, भोजन, आश्रय और बहुत कुछ देते हैं। इसलिए सभी पौधे लगाये।

# नरेलाः रामनवमी पर व्यापार मंडल ने किया विशाल भंडारे का आयोजन

**भंडारे का आयोजन**

- नरेला के मेन बाजार स्थित नारायण मंदिर में मेन बाजार व्यापार मंडल की ओर से विशाल भंडारे व कन्या पूजन का आयोजन किया गया।

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
नरेला में राम नवमी का पर्व बड़ी ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रामनवमी के मौके पर जगह-जगह भंडारे, कन्या पूजन का आयोजन किया गया।
भक्तों ने मंदिरों और चौराहों पर भंडारे का आयोजन कर प्रसाद वितरित किया। सुबह से ही मंदिरों में हवन पूजन भगवान की मंगल आरती कर भगवान श्रीराम का प्रकटोत्सव बड़ी ही धूमधाम से मनाया। इस दौरान भए प्रगट कृपाला







दीन दयाला स्तुति से वातावरण पूर्णता राममय में हो गया। इसी कड़ी में नरेला के मेन बाजार स्थित नारायण मंदिर में मेन बाजार व्यापार मंडल की ओर से विशाल भंडारे व कन्या पूजन का आयोजन किया गया। भंडारे में सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने श्रद्धा भाव के साथ भोजन प्रसाद ग्रहण किया। दोपहर से शुरू हुआ भंडारा वितरण देर शाम तक जारी रहा। इस दौरान बड़ी संख्या में बच्चों से लेकर युवक युवतियों की भीड़ प्रसाद ग्रहण करने के लिए जुटी रही।
आयोजन से जुड़े संजय बंसल ने बताया कि हर वर्ष मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम जन्मोत्सव मेन बाजार व्यापार मंडल द्वारा धूमधाम से मनाया जाता है। इस वर्ष विशाल भंडारे व कन्या पूजन का भव्य आयोजन नरेला के मेन बाजार स्थित नारायण मंदिर में किया गया। भंडारे में नरेला एसीपी सुरेश कौशिक, प्रमुख समाजसेवी प्रवीण लाकड़ा, विहिप नरेला जिला अध्यक्ष सुरेंद्र गर्ग, महामंत्री राजेश जैन, हरिश्चंद्र प्रखंड अध्यक्ष, श्री कृष्ण जी वाले, राधेश्याम बंसल, जय गोपाल गोयल, संजय बंसल, नीरज चौहान, विनय गोयल, वेद प्रकाश बंसल, सुभाष गोयल, पवन सिंघल, राजू बंसल, रमेश विज, सुनील छारिया, कृष्ण मित्तल का सहयोग रहा।

# 'सामाजिक तानाबाना समझ कर नित नये प्रयोग संभव'

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)**
समाज कार्य प्रायोगिक गतिविधि है जिसने सामाजिक तानाबाना समझ कर नित नये प्रयोग संभव है। ऐसे शिविर समाजकार्यकताओं कोप्रैक्टिकल एक्सपोज? देता है। शिविर में मिले अनुभव को छात्रों ने जीवन और आगे प्रोफेशनल करियर में प्रयोग करना चाहिए।यह बतौरमुख्यवक्ता प्रो. सविता भगत, प्राचार्य, डीएवी सेंटेनरी कॉलेज, फरीदाबाद ने समाजकार्य पाठयक्रम, संचार एवं मीडिया तकनीकीविभाग,जे. सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फ ?ीदाबाद द्वारा ग्राम सीकरी में आयोजित सात दिवसीय समाज कार्यशिविर के समापन सत्र में कहें। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर पवन सिंह ने



बताया विभाग द्वारा आयोजितसात दिवसीय समाज कार्य शिविर बीएसडब्लू वितीय वर्ष के छात्रों के लिए ग्रामीण शैक्षिक शिविर पाठ्यक्रम के एक अनिवार्य भाग केरूप में आयोजित किया गया था, जो छात्रों को समूह कार्य, टीम भावना और ग्रामीण जीवन के विभिन्न आयामों को सीखने में सक्षमबनाता है। कार्यक्रम की शुरूआत 24 मार्च को ग्राम सीकरी में 3 पेड़ (त्रिवेणी) लगाकर की गई।समापन सत्र में कार्यक्रम के मुख्यअतिथि फ्लेम्स के डीन प्रो. अतुल मिश्रा थे। उन्होंने छात्रों को समाज के बारे में अधिक जानने और इसके विकास में योगदान करने केलिए प्रोत्साहित किया और कहा कि जीवन जीने की कला ग्रामीण परिवेश से सीखी जा सकती। उन्होंने कहा कि विज्ञान के युग में छात्रोंको समाज कल्याण की गतिविधियों में भाग लेते देखकर मुझे प्रसन्नता होती है, इसके लिए उन्होंने डॉ. पवन सिंह को गतिशील नेतृत्व केलिए बधाई दी। डॉ. पवन सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि युवा देश के भविष्य है।ऐसे में छात्रों को 2047 के भारत हेतु अपने को अभी से तैयार करनाहोगा जिससे हम स्वर्णिम भारत के लक्ष्य को प्राप्त कर सकें। डॉ. पवन सिंह ने बताया इन इन सात दिनों में छात्रों ने ग्रामीण जीवन और समाज के प्रत्येक आयाम का गहराई से अध्ययन करने किया।शिविर में राम फाउंडेशन की संस्थापक श्रीमती नमृता नारायण द्वारा "उद्यमिता" पर विशेषज्ञ व्याख्यान दिया गया।शिविर में सूरजप्रकाश आरोग्य केंद्र ने सामाजिक कार्य के छात्रों (संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग) के सहयोग से सीकरी गांव में निःशुल्कचिकित्सा स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया।
शिविर में छात्रों ने गांव में जाकर नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से ग्रामीणों कोमहिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। गांव की महिलाओं ने भी छात्रों से अपनी समस्यों पर चर्चा की।

# 'मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का लाभ लेने के लिए विवाह पंजीकरण करवाना जरूरी'

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा कल्याण विभाग के माध्यम से गरीब व बेसहारा परिवारों को उनकी बेटी की शादी के लिए मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जाती है। ताकि गरीब व बेसहारा परिवारों में बेटी की शादी पर होने वाले आर्थिक बोझ को कम किया जा सके। मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का लाभ लेने के लिए विवाह पंजीकरण करवाना जरूरी है। बता दें कि विवाहित जोड़े की शादी का ई-दिशा पोर्टल पर पंजीकरण होता है। डीसी ने बताया कि जिला में मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत जो पात्र लाभार्थी परिवार मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का लाभ लेना चाहते हैं, वे अपनी बेटी की शादी



के छः महीने पूरे होने से पहले शादीडॉटईदिशाडाटजीओवीडॉटईन पर ऑनलाइन पंजीकरण अवश्य करवाएं। सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में पंजीकरण होने के पश्चात ही विवाहित कन्या के माता-पिता को मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत अनुदान धनराशि का लाभ दिया जाएगा। डीसी विक्रम सिंह ने आगे बताया कि अनुसूचित एवं विमुक्त जाति के परिवार का नाम बीपीएल सूची में है तो उसको मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के अंतर्गत 71 हजार रुपए की धनराशि का लाभ मिलेगा। सभी वर्गों की विधवा महिलाएं, बेसहारा महिला, अनाथ बच्चे, बीपीएल सूची में है या उनकी आय एक लाख 80 हजार रुपए से कम है तो उनको इस योजना में 51 हजार रुपए की धनराशि का अनुदान दिया जाएगा। वहीं बीपीएल सूची में सामान्य या पिछड़े वर्ग के परिवार को 31 हजार रुपए की धनराशि का अनुदान मिलेगा। इसी तरह अनुसूचित वर्ग या विमुक्त जाति का परिवार बीपीएल सूची में नहीं है और जिनकी वार्षिक आय एक लाख 80 हजार रुपए से कम है, उनको 31 हजार रुपए की धनराशि का अनुदान दिया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### आप ने किया विरोध प्रदर्शन, मौके पर पहुंचे पुलिसबल



**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश यादव**
महेंद्रगढ़। शहर के बालाजी चौक पर 3 बजे आप पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा मोदी हटाओ देश बचाओ रोष प्रदर्शन किया जा रहा था और मौके पर उनके साथ-साथ भारी पुलिस बल भी चल रहा था। जैसे ही आप पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मोदी हटाओ देश बचाओ के नारे लगाने शुरू किए तो पुलिस ने तुरंत प्रभाव से आप पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को पकड़ कर बस में बैठा लिया। इस मौके पर शहर थाना सदर थाना और सीआईए पुलिस टीम मौके पर मौजूद थी। यहां बता दें कि आम आदमी पार्टी की तरफ से पूरे देश में मोदी हटाओ देश बचाओ के बैनर तले विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया गया था। शहर महेंद्रगढ़ में भी इसको लेकर आप के कार्यकर्ताओं द्वारा तैयारियां की गई थी। लेकिन पुलिस को इससे पहले ही जानकारी मिल गई जिसके बाद आप कार्यकर्ताओं को मोदी हटाओ के बैनर और पोस्टर नहीं ले जाने दिए गए। जैसे ही बालाजी चौक पर कार्यकर्ताओं के द्वारा नारेबाजी करने पर आप पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया है। उनका कहना था कि यह सरकार महिला, किसान और गरीब विरोधी है। आज देश में विपक्ष की आवाज दबाई जा रही है। उन्होंने कहा कि आम आदमी के पार्टी के कार्यकर्ता हर परिस्थिति में देश की जनता के साथ हैं और आम लोगों से जुड़े मुद्दों को लेकर वे सड़क से लेकर संसद तक आवाज उठाएंगे। आप पार्टी के कार्यकर्ता बालाजी चौक पर पहुंचे वहां पर पहले से पुलिस तैनात थी। जब कार्यकर्ता ने मोदी हटाओ देश बचाओं नारे लगाने आरंभ किए तब पुलिस ने तुरंत प्रभाव से सभी को बस में बैठा लिया और हिरासत में ले लिया। इस मौके डॉ. मनीष, संदीप सेठ, सुकेश दीवान, अजय शर्मा सहित अन्य आप पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मेयर मदान ने राम नवमी के अवसर पर नगर निगम सोनीपत वासियों को दी शुभकामनाएं।



**सोनीपत** : वीरवार को राम नवमी के पावन पर्व पर मेयर निखिल मदान ने शहर के विभिन्न हिस्सों में निकाली गई रामनवमी शोभायात्रा में हिस्सा लिया और सभी भक्तों को रामनवमी के पर्व की शुभकामनाएं दी और दिव्य हनुमान स्वरूप से आशीर्वाद लिया। मेयर निखिल मदान ने श्री रघुवीर महावीर सेवा समिति द्वारा राम बाजार, मोहल्ला कलां एवं राम मंदिर अग्रवाल सेवा समिति गुड़ मंडी द्वारा निकाली गई रामनवमी शोभायात्रा में हिस्सा लिया और सभी शहरवासियों को भगवान श्री राम के जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दी। साथ ही पंचम नगर ओल्ड डी सी रोड, कोट मोहल्ला आशापूर्णी मंदिर, मिशन चौक पर आयोजित माता रानी के जागरण में हिस्सा लिया। मेयर निखिल मदान ने कहा कि आज हमे मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के आदर्शों पर चलकर समाज मे व्याप्त बुराइयों को खत्म करने का संकल्प लेना चाहिए। इस मौके पर सभी सेवा समिति के पदाधिकारियों द्वारा मुख्यातिथि निखिल मदान को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। इससे पूर्व मेयर निखिल मदान ने ठाकुर द्वारा मॉडल टाउन, और राम मंदिर कोट मोहल्ला में आयोजित सुंदर काण्ड में भी भाग लिया और मंदिर प्रांगण में मौजूद श्रद्धालुओं को भगवान राम के जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दी।

### हनुमान जन्मोत्सव मना एक नई मिसाल को कायम किया: स्वामीज्ञानानंद

**पानीपतः** पानीपत की संस्थाओं का साझा कार्यक्रम है उद्घोषणा गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने की महाराज श्री ने कहा कि पानीपत में हजारों संस्थाएं हैं सैकड़ों जातियों में उपजातियां हैं जो अपने अपने क्षेत्र अनुसार अपने-अपने परंपराओं के अनुसार कार्यक्रम आयोजित करती रहती है किंतु हनुमान जन्मोत्सव सबने एक साथ आकर एक साथ मना कर वर्ष 2019 से सद्भावना की एक नई मिसाल को कायम किया है स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने कहा कि पानीपत का यह उदाहरण आज पूरे देश भर में दिया जा रहा है पानीपत की इस बात का अनुकरण भी देश भर की संस्थाएं कर रही हैं।

# जागरण में विजय प्रताप ने शिरकत कर प्राप्त किया आशीर्वाद

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)**
वीरवार को दयाल नगर व बाबू लाल डेरा,कट्टनपहाड़ी में मां भागवती जागरण का आयोजन किया गया। दोनो जगह मां भागवती जागरण में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता विजय प्रताप ने शिरकत कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर विजय प्रताप ने कहा कि मां के आंचल में आने के बाद हर व्यक्ति सभी दुखों से दूर हो जाता है। जो सच्चे मन से मां के दरबार में आता है, उसका बेड़ा पार हो जाता है। यदि हम सच्चे मन से मां की पूजा करें तो मां हमें इस भवसागर से पार ले जा सकता है। हमेशा दूसरों की भलाई के लिए प्रयास करने चाहिए। देवी भगवती



की दुर्गा बनने की कहानी बताते हुए श्री प्रताप ने कहा कि पौराणिक कथा के अनुसार, प्राचीन काल में दुर्गम नाम का एक दैत्य था। दुर्गम ने ब्रह्मा जी को प्रसन्न किया था और सभी वेदों पर वश कर लिया था। इससे देवगणों का बल क्षीण हो गया था। फिर इस दैत्य ने स्वर्ग पर भी अपना आधिपत्या स्थापित कर लिया। इस मुश्किल की घड़ी में देवी भगवती को याद किया। देवी भगवती ने शुंभ-निशुंभ, मधु-कैटभ तथा चण्ड-मुण्ड का वध किया था। सभी ने इस शक्ति का आह्वान किया। देवताओं के आह्वान करने से देवी प्रकट हुईं। मां ने पूछा कि सभी ने उन्हें क्यों बुलाया। सभी ने दुर्गम दैत्य के बारे में देवी भगवती को बताया। उन्होंने बताया कि किस तरह दुर्गम दैत्य ने स्वर्ग पर आधिपत्य हासिल कर उन्हें परेशान कर रखा है। देवताओं की बात सुनकर देवी ने उन्हें दुर्गम का वध करने का आश्वासन दिया। इस बात का पता राजा दुर्गम को चला। यह दैत्यों का राजा था। यह सुन दुर्गम ने देवताओं पर फिर से आक्रमण कर दिया। फिर मां भगवती ने दुर्गम की सेना का संहार किया। दुर्गम नाम के दैत्य का वध करने पर ही मां भगवती का नाम दुर्गा पड़ा। मां दुर्गा और इनके स्वरूपों ने केवल दुर्गम दैत्य का ही नहीं, बल्कि महिषासुर, रक्तबीज, शुंभ-निशुंभ, मधु-कैटभ तथा चण्ड-मुण्ड का वध कर देवताओं की रक्षा की है। विजय प्रताप ने मंदिर कमेटी को सुंदर आयोजन के लिए बधाई दी।

# पंजाबी समुदाय ने मूलचंद को सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)**
फरीदाबाद समस्त पंजाबी खत्री समाज के सैकड़ों लोगों ने आज खनन मंत्री मूलचंद शर्मा को अपनी मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने सरकार से मांग की की पंजाबी समाज के लोगों को रिफ्यूजी शरणार्थी पाकिस्तानी बोलने पर रोक लगाई जाए और इसके लिए पंजाबी समाज के तमाम लोगों ने सरकार से गुजारिश करते हुए कहा कि इसके लिए एक विशेष कानून बनाया जाना चाहिए पंजाबी समुदाय के तमाम लोगों ने सरकार से मांग करते हुए बताया कि अपने ही देश में हमें रिफ्यूजी व पाकिस्तानी कहलाए जाना कदापि बर्दाश्त नहीं लाखों लोग त्रासदी के दौर में अपने मकान दुकान और



कामकाज को छोड़ भारत में स्थापित होना पड़ा था 1947 में आजादी के उपरांत से लेकर आज तक भारत में हमें रिफ्यूजी और पाकिस्तानी कहा जाता है जबकि पंजाबी खत्री समाज ने भारत को हर कोने में व्यापार दीया ज्ञापन लेने के उपरांत खनन मंत्री ने पंजाबी खत्री समाज को आश्वासन दिलाया कि उनकी मांगों पर गौर किया जाएगा और वह स्वयं भी सरकार से आग्रह करेंगे कि उक्त समाज को रिफ्यूजी और पाकिस्तानी ना कहा जाए साथ ही संभव हो तो उसके लिए एक कानून भी तैयार किया जाए। इस मौके पर डॉ नरूला सुशील कुमार अरोड़ा, वासुदेव अरोड़ा, पवन नागपाल, प्रवीण अरोड़ा, अनिल भाटिया, भल्ला ,अरिंदम बाबा, अशोक भाटिया, राकेश वाधवा एवं राजकुमार ग्रोवर सहित सैकड़ों लोग विशेष तौर पर मौजूद रहे।

### सबको साथ लेकर चलती है भाजपा: संजय भाटिया

**समालखाः सबका साथ** सबका विकास को लेकर कार्य कर रही है भाजपा उक्त बातें करनाल के सांसद संजय भाटिया ने कही ' उनके निवास पर मौजूद दिनेश कुमार, प्रवीण कुमार,नफे सिंह सुमेर चंद, जयप्रकाश ,दयाचंद, नरेश कुमार ,सत प्रकाश अशोक रामपाल सिंह कुलबीर गुप्ता ने बताया संजय भाटिया के निवास पर सैकड़ों की संख्या में लोग अपने कार्य करवाने के लिए आते हैं ' सबसे पहले हमें यहां पर सुबह नाश्ता करवाया जाता है फिर कार्य के संबंधित अधिकारी को फोन करके जिनकी भी कोई समस्या होती है समस्या का समाधान किया जाता है ' सुबह प्रतिदिन लगभग 6 घंटे लोगों की समस्याएं सुनकर उनका समाधान करने के उपरांत सांसद अपने प्रतिदिन के कार्यक्रम में जाते है।

# भाजयुमो ने सदस्यता कर जिलाध्यक्ष को सौंपी सदस्यता पुस्तकें

### भाजयुमो जिला अध्यक्ष पंकज सिंगला के नेतृत्व में फरीदाबाद युवा मोर्चा ने बनाएं 40 हजार से ज्यादा सदस्य



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)**
**अटल** कमल भाजपा जिला कार्यालय पर भाजयुमो जिला अध्यक्ष पंकज सिंगला ने अपनी सदस्यता कर पुस्तकों को भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा को सौंपा । इस अवसर पर भाजपा जिला विस्तारक मनजीत सिंह जांगड़ा, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष कार्तिक वशिष्ठ,योगेश तेवतिया,जिला सचिव मनीष यादव व भाजयुमो जिला मिडिया प्रमुख गौतम भड़ाना उपस्तिथ रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा ने बताया कि पूरे प्रदेश में सदस्यता अभियान चल रहा है। सदस्यता अभियान में नए लोगों को पार्टी से जोडने का कार्य संगठन के द्वारा किया जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ भी इस कार्य में लगे हुए हैं और उनके मागदर्शन में सभी मोर्चे, व्यावसायिक और व्यापार प्रकोष्ठ भी इस कार्य में लगे हुए हैं। भाजयुमो फरीदाबाद को भी नए लोगों और युवाओं को जोडने का लक्ष्य मिला हुआ था इसी कढ़ी में भाजयुमो फरीदाबाद ने आज 40250 सदस्य पूर्ण कर जिला को अपनी सदस्यता पुस्तकें सौंपी हैं। इन नए बने सदस्यों से पार्टी को और अधिक मजबूती मिलेगी। भाजयुमो जिलाध्यक्ष पंकज सिंगला ने बताया कि भाजयुमो फरीदाबाद के सभी जिले व मंडल के कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर पर सदस्यता अभियान चलाया जिसमें सभी भाजयुमो कार्यकताओं ने उत्साह के साथ बढ़ चढ़ कर भाग लिया और उसका ही परिणाम है कि आज हमारी 40हजार 2 सौ पचास लोगों की सदस्यता पूर्ण हुई है जिसकी पुस्तकें भाजयुमो फरीदाबाद ने भाजपा जिलाध्यक्ष को सौंपी हैं । मैं अपनी और से इस कार्य में लगे सभी कार्यकर्ताओं को साधुवाद देता हूँ और नए बने सदस्यों को बधाई देता हूँ।

# पुलिस कर्मियों ने चौकी में किया कन्यापूजन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)**
**बालिका** रक्षा की शपथ के साथ आज नवरात्र का पर्व फरीदाबाद पुलिस ने मनाया। नवरात्र के नौवे दिन आज पर्वतीय कालोनी चौकी के पुलिस कर्मियों ने चौकी परिसर में पूजा-अर्चना की व कन्या पूजन किया गया। इस मौके पर भी पुलिस कर्मियों ने बालिका की रक्षा करने की भी शपथ ली। पर्वतीय कालोनी चौकी में आज प्रभारी मनोज कुमार में नवरात्र के नौवे दिन पूजा-अर्चना की और उसके बाद क्षेत्र की बालिकाओं को बुलवाकर कन्या पूजन किया। इस मौके पर पुलिस कर्मियों ने क्षेत्र की बालिकाओं का पूजन किया। पूजन समाप्त होने पर पूड़ी, सब्जी, काले चने व हलवा



आदि वितरित किया तथा उपहार भी भेंट किए। इसके बाद भी चौकी इंचार्ज मनोज कुमार, हैड कांस्टेबल मीनू, हैड कांस्टेबल भूपराम, सिपाही मोहित, सिपाही युद्धवीर और लांगरी राजू आदि ने बालिका की रक्षा की शपथ ली। पर्वतीय चौकी प्रभारी मनोज ने कहा कि प्रत्येक पुलिस कर्मी का कर्तव्य है कि वह क्षेत्र प्रत्येक व्यक्ति की रक्षा करें लेकिन आज रामनवमी पर चौकी के सभी पुलिस कर्मियों ने शपथ लेते हुए कहा क वह क्षेत्र की सभी बालिकाओं की रक्षा करें। दिन और या रात क्षेत्र में बालिका सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाएगा। क्षेत्र के स्कूल, कालेज व कम्पनियों में काम करने वाली महिलाओं की सुरक्षा का पूरा-पूरा ख्याल रखा जाएगा। जिसके बाद कन्या पूजन के लिए चौकी पहुंची बालिकाओं के परिजनों को भी प्रसाद वितरित किया।

# सत्यम पब्लिक स्कूल में वार्षिक रिजल्ट किया घोषित

**टीम एक्शन इंडिया/बापौली**
जलालपुर प्रथम गांव के सत्यम पब्लिक स्कूल के प्रांगण में वीरवार को स्कूल का वार्षिक परिणाम घोषित किया गया। इस दौरान कुरूक्षेत्र विश्वविधालय के अंतर्गत राजकीय महाविधायलय इन्द्री के असिस्टेंट प्रोफेसर डा. कुल्दीप रावल ने बतौर मुख्यातिथि शिरक्त की और बच्चों को स्कूल की और से पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान स्कूल की डारेक्टर पूजा शर्मा ने मुख्यातिथि सहित अभिभावकों का आभार जताया और कहा कि जिन बच्चों ने पूरा वर्ष तक मेहनत की है आज उस मेहनत का फल उन्हे प्राप्त हुआ है। क्योकि हर बच्चें




को वार्षिक परिक्षा के उपरांत उसके परिणाम का इंतजार रहता है। उन्होने कहा कि स्कूल की और से बच्चों को समय-समय पर अनेक गतिविधियों के माध्यम से ज्ञानवर्धक बाते सिखाई जाती है। उन्होने अभिभावकों का आवाहन करते हुए कहा कि वो अपने बच्चों की शिक्षा की और विशेष ध्यान दे, क्योकि शिक्षा ही एक ऐसी वस्तु है और ज्ञान का वो भंडार है जिसकों कभी भी बांटा नही जा सकता है। और शिक्षा के बल पर ही व्यक्ति आसमान की ऊचाईयों को छू सकता है। स्कूल प्रबंधक सत्यवान शर्मा ने कहा कि सत्यम पब्लिक स्कूल क्षेत्र का मात्र एक ऐसा शिक्षण संस्थान है जहां बच्चों का शिक्षा के साथ-साथ सर्वागिण विकास की और भी ध्यान दिया जाता है और साथ ही स्कूल शिक्षा के साथ-साथ आर्मी स्कूल, सैनिक स्कूल, राई स्पोर्टस स्कूल व जवाहर नवोदय स्कूल की प्रवेश परिक्षा की तैयारी भी कराई जाती है। उन्होने कहा कि बच्चों के सर्वागिण विकास के लिए वैदिक गणित व पढाई में कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जाता है। असिस्टेंट प्रोफेसर डा. कुल्दीप रावल ने परिक्षा परिणाम के दौरान प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित करने के उपरांत बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कोई भी कार्य एक दिन में पूरा नही किया जा सकता है। अगर अपने लक्ष्य को हाशिल करना है तो हर रोज दिन रात मेहनत करनी होगी, तभी हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते है। उन्होने कहा कि आज का काम कल पर नही छोडना चाहिए और हमेशा समय के महत्व को समझना चाहिए, ताकि कल समय तुम्हारे महत्व को समझ सकें। डा. रावल ने कहा कि कोई भी लक्ष्य एक दिन में प्राप्त नही होता है, इसके लिए दिन रात मेहनत जरूरी है। उन्होने बच्चों का आवाहन किया कि वो अपने घरों में जल को व्यर्थ ना बहने दें।

# रामनवमी पर भण्डारे का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)**
नवदीप सेवा समिति ट्रस्ट द्वारा रामनवमी के पावन पर्व पर नेहरू ग्राउण्ड ई ब्लॉक में भण्डारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुबह पाठ का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर नवदीप सेवा समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष यशपाल शर्मा, फरीदाबाद जिला टैक्स बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट संदीप सेठी ने बताया कि भगवान राम के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में भण्डारे का आयोजन किया गया है। प्रत्येक वर्ष नवदीप सेवा समिति ट्रस्ट के सदस्यों के सहयोग से भण्डारा आयोजित किया जाता है। बीते कोरोना काल में भी संस्था ने इस भण्डारे को लगातार जारी रखा जिससे कि किसी भी जरूरतमंद को बिना भोजन के न रहना



पड़े। इस अवसर पर सीएमए फरीदाबाद चैप्टर के पूर्व चेयरमैन सचिन कथूरिया, जिला टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डी.आर.चौधरी, महासचिव राजेन्द्र शर्मा, एडवोकेट, वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश खटाना, दीपक छाबड़ा, समाजसेवी दर्शनलाल कुकरेजा, एडवोकेट एस.एन. त्यागी, आम आदमी पार्टी के नेता परविन्दर राजपाल, एडवोकेट ए.के. चौधरी, एडवोकेट दीपक गेरा, प्रशांत मेहता, किशन बांगा, हंसराज नागर, एडवोकेट राजेश गुप्ता, एडवोकेट अभिषेक जोशी, एडवोकेट अजय कुमार, रोहित कुमार, समाजसेवी सुनील कुशवाहा, सीए तरूण गर्ग सहित अन्य गणमान्य लोगों ने भण्डारा-प्रसाद ग्रहण किया।

न्यूज फ्लैश

## राजस्थानी संस्कृति से पर्यटकों का तिलक लगाकर किया स्वागत

**टीम एक्शन इंडियाजयपुर**
राजस्थान दिवस पर जयपुर भ्रमण करने आने वाले देशी-विदेशी पावणों का प्रमुख स्मारक आमेर महल, हवा महल, जंतर-मंतर और अल्बर्ट हॉल सहित अन्य पर्यटक स्थलों पर माल्यार्पण व तिलक लगाकर स्वागत किया किया गया। पर्यटकों को राजस्थानी लोक संस्कृति से रूबरू कराने के लिए इन स्मारकों पर लोक कलाकारों की ओर से प्रस्तुति दी गई। इसके साथ ही इन स्मारकों पर पर्यटकों का प्रवेश नि:शुल्क रहा। राजकीय संग्रहालय हवामहल जयपुर अधीक्षक सरोजनी चंचलानी ने बताया कि राजस्थान दिवस के अवसर पर गुरुवार को हवामहल स्मारक में पर्यटकों का प्रवेश निशुल्क रहा है। वहीं स्मारक के प्रवेश द्वारा पर राजस्थानी संस्कृति से पर्यटकों का तिलक लगाकर व टॉफी बांटकर स्वागत किया गया। पर्यटकों के स्वागत के लिए प्रवेष द्वारा पर रंगोली बनाई गई। जहां मांगनियार लोक कलाकारों द्वारा कच्छी नृत्य व लोक गीतों की प्रस्तुति दी गई। पर्यटकों आनंदित होते नजर आए।

## उपभोक्ताओं को झटका..9.64 फीसदी महंगी हुई बिजली

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
उत्तराखंड में बिजली दरों में बढ़ोतरी से उपभोक्ताओं की जेब पर महंगाई का बोझ और अधिक पड़ेगा। उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग (यूईआरसी) की ओर से गुरुवार को दरों में 9.64 की बढ़ोतरी की घोषणा कर दी है। नई दरें एक अप्रैल से लागू होंगी। गुरुवार को नियामक आयोग के अध्यक्ष डीपी गैरोला और सदस्य तकनीकी एमके जैन ने पत्रकारों की मौजूदगी में बिजली टैरिफ जारी किया। वित्तीय वर्ष के लिए यूपीसीएल ने 16.96 प्रतिशत, यूजेवीएनएल ने करीब दो और पिटकुल ने नौ प्रतिशत बढ़ोतरी का प्रस्ताव दिया था। आयोग ने इस पर जनसुनवाई के बाद करीब 12 प्रतिशत बढ़ोतरी का निर्णय लिया था। लेकिन आयोग ने बिजली दरों में 9.64 की ही बढ़ोतरी की है।नई व्यवस्था में घरेलू में 25 पैसे, कामर्शियल में 30 से 80 पैसे और उद्योग में 65 से 70 पैसे प्रति यूनिट बढ़ोतरी हो गई है। फिक्स चार्ज में कोई बदलाव नहीं किया है। अब कॉमर्शियल के बजाय कृषि उपभोक्ता के तौर पर करीब 7000 मत्स्य पालक बिजली का लाभ ले सकेंगे।

## अब एक अप्रैल को ही बिहार आएंगे शाह

**पटना :**केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह एक अप्रैल को पटना आएंगे। बिहार आगमन को लेकर उनके कार्यक्रम में बदलाव हुआ है। अमित शाह पहले दो अप्रैल को बिहार आने वाले थे लेकिन अब वह एक दिन पहले ही यानी एक अप्रैल को ही पटना आ रहे है। अमित शाह के आगमन को लेकर भाजपा कार्यालय में तैयारी शुरू है।

# अस्थायी मंदिर में मना रामलला का जन्मोत्सव

## सोने का मुकुट, कनाडा के फूलों से सजावट, अगले साल 1800 करोड़ के भव्य मंदिर में विराजेंगे

### रामलला का आगमन

● श्रीराम जन्मभूमि में गुरुवार दोपहर ठीक 12 बजे भगवान राम का जन्म हुआ। घंटे घड़ियाल से पूरा मंदिर गूंज उठा





**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**
**रामनगरी** अयोध्या में रामनवमी की धूम रही। श्रीराम जन्मभूमि में गुरुवार दोपहर ठीक 12 बजे भगवान राम का जन्म हुआ। घंटे घड़ियाल से पूरा मंदिर गूंज उठा। मंगल गीत गूंजने लगे। रामलला को पीले वस्त्र, सोने का मुकुट और हार पहनाया गया। अस्थायी मंदिर में यह आखिरी रामनवमी है। अगले साल यानी 2024 की रामनवमी से पहले रामलला 1800 करोड़ की लागत से तैयार नए मंदिर में विराजमान हो जाएंगे। रामनवमी में जन्मभूमि दरबार सहित पूरे मंदिर को 50 क्विंटल फूलों से सजाया गया। सजावट के लिए हरी पत्तियां असम-ओडिशा से मंगवाईं। गेंदा फूल कोलकाता जबकि ऑर्किड कनाडा से मंगाए गए। सिर्फ जन्मभूमि नहीं, बल्कि कनक भवन, श्रीरामवल्लभाकुंज मंदिर, लक्ष्मण किला और हनुमत निवास समेत करीब 10 हजार मंदिरों में जन्म के साथ ही मंगलगीत गूंजने लगे। इस बार राम नवमी पर 25 लाख श्रद्धालु पहुंचे हैं।

**7 बजे दर्शन के लिए खुला दरबार, फिर आरती:** रामनवमी दरबार सुबह 7 बजे दर्शन के लिए खुला। रामलला के जन्म के बाद 11 क्विंटल पंजीरी, फल और मेवा का भोग लगाया गया। जगह-जगह रंगोली बनाई गई। जन्मभूमि में भगवान के जन्म के बाद आरती की गई। फिर मंदिर के पट कुछ देर के लिए बंद किए गए। फिर 2 बजे खुले। इसके बाद बधाई हुई...यानी मंगलगीत गाए गए और भक्तों दर्शन किया। नेपाल के जनकपुर यानी मां सीता के मायके से 500 से ज्यादा मिथिला की सखियां भी अयोध्या आई हैं। यह हनुमत निवास मंदिर के आचार्य डॉक्टर मिथिलेशनंदिनी शरण के सानिध्य में जनकपुर से आईं। यह लक्ष्मण किला सहित अन्य मंदिरों में गायन, वादन और नृत्य कर अपने पाहुन राम को रिझाया।

### श्रीरामवल्लभाकुंज मंदिर को 5 क्विंटल फूल से सजाया

**प्रसिद्ध** वैष्णव पीठ श्रीरामवल्लभाकुंज में दिल्ली से 5 क्विंटल गेंदा और इसके अलावा बेला, गुलाब आदि फूल मंगाए गए हैं। भगवान के सामने जगमोहन की छत को बेला से सजाया गया है। फूलों के भव्य झूमर लगाए गए हैं। प्रवेश द्वार से लेकर मंदिर के गर्भगृह को भव्य रूप से सजाया गया है। मंदिर के प्रमुख और अयोध्या एडवर्ड तीर्थ विवेचिनी सभा के अध्यक्ष स्वामी राजकुमार दास ने बताया कि भगवान को सोने का मुकुट और दिव्य रत्नों से युक्त हार आदि पहनाया गया है।

### मंदिर के गर्भगृह में स्तंभ खड़े किए जा चुके हैं

**अयोध्या** में बन रहे राम मंदिर की नई तस्वीरें सामने आई हैं। पहली बार इनमें दिख रहा है कि मंदिर के गर्भगृह में सभी स्तंभ खड़े किए जा चुके हैं। रामलला के दर्शन यानी गर्भगृह तक पहुंचने के लिए 32 सीढ़ियां बननी हैं, इनमें से 24 बन चुकी हैं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के मुताबिक मंदिर अब आकार लेने लगा है। भूतल का 70% काम पूरा हो चुका है। इन तस्वीरों को ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने जारी किया है।

### 3000 रुपए में हेलिकॉप्टर से रामनगरी का दर्शन शुरू

**योगी** सरकार ने अयोध्या के हवाई दर्शन की व्यवस्था की है। 29 मार्च से शुरू हुआ यह दर्शन अगले 15 दिनों तक चलेगा। पहले दिन 50 श्रद्धालु और दूसरे दिन 20 श्रद्धालुओं ने दर्शन किया। एक बार में 7 दर्शनार्थी अयोध्या का भ्रमण कर सकेंगे। श्रद्धालुओं को 7 से 10 मिनट आसमान से राम नगरी को देखने का मिलता है। सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक यह सुविधा है। इसके लिए हर दर्शनार्थी को 3 हजार रुपए देना होगा। राज्य पर्यटन विकास निगम के अधिकारी अक्षय नागर ने बताया, "ये हेलिकॉप्टर सेवा 2024 में रामलला के भव्य मंदिर में विराजमान होने के पहले का रिहर्सल भी है।"



वासंतिक चैत्र नवरात्र की नवमी तिथि पर गुरुवार को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का जन्मोत्सव उल्लासपूर्ण माहौल में मनाया गया। मुस्लिम महिलाओं ने भगवान राम और माता जानकी की आरती उतारी।


## फिलीपींस: नाव में लगी आग, 31 की मौत

**मनीला:** दक्षिणी फिलीपींस में 250 लोगों से भरी एक नाव में आग लगने से तीन बच्चों सहित 31 लोगों की मौत हो गयी। जहाज को जलते देख कई लोग समुद्र में कूद गए। अब तक सात लोग लापता हैं। दो दर्जन घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के मुताबिक 250 यात्रियों से भरी एक नाव 'एमवी लेडी मैरी जॉय 3' दक्षिणी फिलीपींस में जांबोआंगा से सुलू के जोलो शहर जा रही थी। रात में लोग सो रहे थे, तभी आग लग गयी। आग इतनी भयावह थी कि चीख-पुकार मच गयी। इनमें से कई लोग समुद्र में कूद गए।

## रामलला अपने मंदिर में अगले रामनवमी तक होंगे विराजमान: शाह

**टीम एक्शन इंडिया/हरिद्वार**
**केंद्रीय गृहमंत्री** अमित शाह ने गुरुवार को उम्मीद जताई कि अयोध्या में निमार्णाधीन जन्मभूमि मंदिर में रामलला आगामी रामनवमी तक विराजमान हो जाएंगे। गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के 113वें दीक्षांत समारोह में गुरुवार को पहुंचे अमित शाह ने अपने संबोधन की शुरूआत रामनवमी की शुभकामनाओं के साथ की। इस दौरान गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय ने अमित शाह को विद्या मार्तंड की मानद उपाधि से सम्मानित किया। दीक्षांत समारोह में गृहमंत्री शाह ने 182 छात्रों को गोल्ड मेडल और 181 छात्र-छात्राओं को पीएचडी की उपाधि प्रदान की। गृहमंत्री शाह ने कहा कि गुरुकुल कांगड़ी ने वैदिक शिक्षा की परंपरा की जोत को जलाये रखा है। उन्होंने कहा कि आप सभी छात्रों को हमेशा ही अपने संस्थान पर गर्व रहेगा।



## भारतीय मूल के अजय बंगा निर्विरोध बनेंगे विश्व बैंक अध्यक्ष

### जिम्मेदारी

● भारत ने भी अजयपाल सिंह बंगा की उम्मीदवारी का समर्थन किया है। फरवरी के अंत में इस पद के लिए नामांकन शुरू हुए थे

**टीम एक्शन इंडिया/वाशिंगटन**
**भारतीय मूल** के अजयपाल सिंह बंगा का निर्विरोध विश्व बैंक का अध्यक्ष बनना तय माना जा रहा है। इस पद के लिए किसी और द्वारा नामांकन नहीं कराया है। विश्व बैंक के मौजूदा अध्यक्ष डेविड मलपास वर्ष 2019 में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा नामित किये गए थे। उस समय मलपास का चयन भी निर्विरोध ही हुआ था। मलपास ने एक साल पहले पद छोड़ने की योजना का एलान किया था। इसके बाद पिछले महीने भारतीय मूल के अजय पाल सिंह बंगा के नाम का प्रस्ताव मौजूदा अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने किया। भारत ने भी अजयपाल सिंह बंगा की उम्मीदवारी का समर्थन किया है। फरवरी के अंत में इस पद के लिए नामांकन शुरू हुए थे।

## सरकार से वार्ता के बाद रेजीडेंट्स काम पर लौटे

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
**राइट टू हैल्थ** बिल पर आंदोलन कर रहे रेजीडेंट्स डॉक्टर्स ने गुरुवार से आंदोलन खत्म कर वापस काम पर लौटने का एलान किया है। रेजिडेंट्स के इस फैसले से प्राइवेट हॉस्पिटल संचालक और दूसरे डॉक्टर्स के आंदोलन को बड़ा झटका लगा है। जयपुर रेजीडेंट्स डॉक्टर्स की एसोसिएशन (जार्ड) में इस निर्णय को लेकर दो फाड़ की स्थिति हो गई है। रेजीडेंट्स डॉक्टरों के गुट ने रात करीब 12 बजे अलग से जनरल बॉडी की मीटिंग करते हुए फैसले को मानने से इनकार कर दिया और आगे भी आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी है। देर रात मेडिकल हैल्थ एजुकेशन के सेक्रेट्री और अन्य अधिकारियों संग हुई रेजिडेंट्स डॉक्टर्स की बैठक में चार मांगों पर सहमति बनने के बाद जयपुर रेजीडेंट्स समेत दूसरे जिलों के मेडिकल कॉलेजों के रेजीडेंट्स डॉक्टर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने आंदोलन खत्म करने का एलान किया। गुरुवार को राजकीय अवकाश होने के कारण ओपीडी केवल 2 घंटे (सुबह 9 से 11 बजे तक) ही संचालित हुई। एसएमएस हॉस्पिटल के आरडी हॉस्टल के रेजिडेंट्स ने हड़ताल को जारी रखने का फैसला किया है। इसके साथ ही एक लेटर एसएमएस प्रिंसिपल डॉ. राजीव बगरहट्टा को लिखकर अपना विरोध जारी रखने का फैसला किया है।

## धर्म मात्र उपासना विधि नहीं: योगी

**टीम एक्शन इंडिया/गोरखपुर**
**उत्तर प्रदेश के** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को वासंतिक नवरात्र की महानवमी एवं प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव श्रीरामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें धर्म को मात्र उपासना विधि मानने की भूल नहीं करनी चाहिए। धर्म कर्तव्य का बोध कराता है। धर्म हमें सदाचार, कर्तव्य और नैतिक मूल्यों से जोड़कर सत्मार्ग पर चलते हुए सकारात्मक एवं रचनात्मक प्रवृत्ति की ओर अग्रसर करता है। मुख्यमंत्री योगी गोरखनाथ मंदिर में कन्या पूजन एवं श्रीराम जन्मोत्सव का अनुष्ठान पूर्ण करने के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि श्रीरामनवमी पर दिख रहा उल्लास व उमंग यह प्रदर्शित करता है कि समाज में सात्विक व रचनात्मक प्रवृत्तियां तेजी से आगे बढ़ी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सकारात्मकता व रचनात्मकता के कार्यक्रमों से नए भारत का निर्माण हो रहा है। पूरी दुनिया सामर्थ्यवान और शक्तिशाली भारत की ताकत का एहसास कर रही है।



सन्यास दिवस

-नौ दिन के अनुष्ठान में बनाए गए 100 सन्यासी और 500 नैष्टिक ब्रह्मचारी

## युवा सन्यासी देश सेवा में समर्पित: मोहन भागवत

**टीम एक्शन इंडिया/हरिद्वार**
**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डा.मोहन भागवत ने कहा कि सबसे बड़ा त्याग नव सन्यासियों के माता-पिता का है, जिन्होंने अपने बच्चे को पाल-पोसकर देश, धर्म, संस्कृति और मानवता के लिए समर्पित कर दिया है। संघचालक डा.भागवत यह विचार गुरुवार को योगऋषि स्वामी रामदेव के 29वें सन्यास दिवस पर हर की पैड़ी वीआईपी घाट पर शताधिक विद्वान और विदुषी सन्यासियों को राष्ट्र को समर्पित करने के अवसर पर व्यक्त किया। सरसंघचालक डा. मोहन भागवत ने कहा कि आज से लगभग 10 वर्ष पहले का वातावरण ऐसा नहीं था। मन में चिंता होती थी किन्तु अब स्थितियां बदल चुकी हैं। यहां युवा सन्यासियों को देखकर सारी चिंताओं को विराम मिल गया है। एक साथ इतनी बड़ी संख्या में सन्यासियों को देश सेवा में समर्पित करना रामराज्य की स्थापना, ऋषि परम्परा और भावी आध्यात्मिक भारत के स्वप्न को साकार करने जैसा है। योगऋषि स्वामी रामदेव ने अपने 29वें सन्यास दिवस पर एक नया इतिहास रचते हुए अष्टाध्यायी, महाभाष्य व्याकरण, वेद, वेदांग, उपनिषद में दीक्षित शताधिक विद्वान और विदुषी सन्यासियों को राष्ट्र को समर्पित किया। इनमें 60 विद्वान ब्रह्मचारी और 40 विदुषी शामिल हैं। साथ ही आचार्य बालकृष्ण ने लगभग 500 नैष्टिक ब्रह्मचारियों को भी दीक्षा दी। स्वामी रामदेव ने कहा कि सन्यास मयार्दा, वेद, गुरु और शास्त्र की मयार्दा में रहते हुए नव सन्यासी एक बहुत बड़े संकल्प के लिए प्रतिबद्ध हो रहे हैं।





Corporate Office : A-15, G. T. Karnal Road, Industrial Area, Delhi-110033
Phone : +91-9999889104, +91-9250706656, +91-11-47502546